22 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 95







## हेमंत सरकार की सौगात

# राज्यकर्मियों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ

## कैबिनेट ने दी मंजूरी, कुल 18 प्रस्ताव हुए पारित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार ने राज्य सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों को सौगात दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना को मंजूरी दी गयी। इसके तहत कर्मचारियों का पांच लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा और असाध्य रोग के लिए 10 लाख रुपये तक का बीमा कराया जायेगा। इसके अलावा दुमका एयरपोर्ट से नियमित उड़ान सेवा के लिए एआइए के साथ एमओयू की मंजूरी समेत कुल 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

**अधिवक्ता कल्याण कोष के लिए 12.10 करोड़ की मंजूरी:** कैबिनेट ने अधिवक्ता कल्याण कोष के लिए 12 करोड़ 10 लाख रुपये की मंजूरी दी। इसके तहत झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के अंतर्गत निबंधित अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने के लिए 6,000 रुपये वार्षिक प्रीमियम के रूप में कुल अनुदान नौ करोड़ रुपये, 65 वर्ष से अधिक उम्र के अधिवक्ता, लाइसेंस प्रत्यर्पित करने वाले इच्छुक अधिवक्तागण को पेंशन के रूप में प्रतिमाह 7,000 रुपये देने के लिए 1.60 करोड़ रुपये और नये अधिवक्तागणों को प्रथम तीन वर्ष की अवधि के दौरान वृत्तिका भत्ता के रूप में 5000 रुपये प्रतिमाह की दर से देने के लिए 1.50 करोड़ रुपये अनुदान के रूप में दिये गये हैं। इस राशि का उपबंध झारखंड राज्य आकस्मिकता निधि से अग्रिम के रूप में कराने की स्वीकृति दी गयी। वहीं, चतरा में विशेष न्यायालय के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।




### अस्पतालों में नियुक्त होंगे नये कर्मी

राज्य के अस्पतालों में विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों की कमी जल्द दूर होगी। कैबिनेट ने राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय अस्पतालों, सदर अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए वरीय अस्पताल प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक, वित्तीय प्रबंधक और आइटी एक्सक्यूटिव के पद सृजन की मंजूरी दी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत झारखंड पारा मेडिकल जिला स्तरीय संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) नियमावली 2025 के गठन की मंजूरी।
- ज्ञानोदय योजना के तहत 94.50 करोड़ रुपये की लागत से मध्य विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा एवं कंप्यूटर आधारित शिक्षा की स्वीकृति।
- उच्च कुशलता प्राप्त प्रोफेशनल को संविदा के आधार पर सलाहकार-सह-विशेष सचिव के रूप में नियोजित करने संबंधी संकल्प निरस्त करने की मंजूरी।
- सभी केस अनुसंधानकर्ता को 25 हजार रुपये तक का मोबाइल फोन देने की मंजूरी।
- झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक केके वर्मा के सेवा विस्तार की घटनोत्तर स्वीकृति।
- अनुपूरक बजट की घटनोत्तर स्वीकृति।

# छत्तीसगढ़-ओड़िशा सीमा पर मुठभेड़, 27 नक्सली मारे गये

- एक करोड़ के इनामी समेत कई कमांडर ढेर, 16 के शव मिले
- ड्रोन से निगरानी के साथ फायरिंग जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 27 नक्सलियों को मार गिराया है। अब तक 16 के शव और हथियार भी बरामद कर लिये गये हैं। इनमें एक करोड़ का इनामी जयराम उर्फ चलपति समेत कई कमांडर भी मारे गये हैं। खबर लिखे जाने तक मुठभेड़ जारी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात को छत्तीसगढ़ और ओड़िशा की ओर से संयुक्त अभियान चलाया गया था। सोमवार को भालू डिग्गी जंगल में दिनभर रुक-रुक कर फायरिंग हुई, जो मंगलवार को भी जारी है। करीब एक हजार जवानों ने 60 नक्सलियों को घेर रखा है। ड्रोन से भी निगरानी रखी जा रही है।

**तलाशी पर निकले जवानों पर किया हमला:** प्राप्त जानकारी के अमुसार छत्तीसगढ़ और ओड़िशा की ओर से संयुक्त अभियान चलाया गया था। इसमें 10 टीमें एक साथ निकली थीं। तीन टीम ओड़िशा से, दो टीम छत्तीसगढ़ पुलिस से और पांच सीआरपीएफ टीम इस ऑपरेशन में शामिल थीं। जवान क्षेत्र में तलाशी अभियान पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने उन पर हमला किया। गरियाबंद के एसपी निखिल राखेचा, ओड़िशा के नुआपाड़ा के एसपी राघवेंद्र गूंडाला, ओड़िशा डीआइजी नक्सल ऑपरेशन अखिलेश्वर सिंह और कोबरा कमांडेंट डीएस कथैत ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

**बैकअप पार्टी भेजी गयी:** मुठभेड़ के बीच बैकअप पार्टी भी भेजी गयी है। बताया जा रहा है कि पहले सुरक्षा बलों का 15-20 किमी का घेरा था। अब नक्सली तीन किमी में सिमट गये हैं। घेरे गये सभी 60 नक्सलियों के मारे जाने की भी संभावना है। वहीं, एक जवान घायल हुआ है, जिसे एयरलिफ्ट करके रायपुर लाया गया। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) जवान के पैर में गोली लगी है। इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किये गये हैं।



### चाइबासा में 21 आइइडी बरामद



**चाइबासा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों पर हमले की नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम कर दी गयी है। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में जिले के कराइकेला थाना क्षेत्र में प्लांट किये गये 21 प्रेशर आइइडी बरामद किये गये हैं। इनमें से 12 आइइडी दो-दो किलोग्राम के और नौ आइइडी एक-एक किलोग्राम की क्षमता वाले थे। इनके विस्फोट से बड़ी तबाही मचायी जा सकती थी। चाइबासा के एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर इन सभी बमों को बम निरोधक दस्ते ने डिफ्यूज कर दिया है। बताया गया है कि सुरक्षा बलों ने सेरेंगदा गांव में नक्सलियों के एक डंप को भी ध्वस्त कर दिया। तलाशी के दौरान विस्फोट में इस्तेमाल की जाने वाली 55 जिलेटिन स्टिक भी बरामद हुई है।






## न्यूज रील्स

### कोलकाता रेप-मर्डर के दोषी को फांसी के लिए हाइकोर्ट में याचिका

कोलकाता। कोलकाता रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को सोमवार को सियालदह कोर्ट ने उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनायी। इस फैसले के खिलाफ ममता सरकार मंगलवार को कलकत्ता हाइकोर्ट पहुंच गयी। बंगाल सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता ने सियालदह कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका लगायी। इसमें कहा कि दोषी संजय रॉय की उम्रकैद की सजा सही नहीं है। उसे फांसी की सजा होनी चाहिए। कलकत्ता हाइकोर्ट के जस्टिस देबांग्शु बसक ने याचिका स्वीकार कर ली है। हालांकि, इसकी सुनवाई कब शुरू होगी, इसकी अभी जानकारी सामने नहीं आयी है।

### सैफ अली खान पांच दिन बाद अस्पताल से घर पहुंचे

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान को पांच दिन बाद मंगलवार को लीलावती अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। वह घर पहुंच गये हैं। 15 जनवरी की रात करीब ढाई बजे उन पर चाकू से हमला किया गया था। सैफ के गले और रीढ़ में गंभीर चोटें आयी थीं। इसके बाद सैफ ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे थे, जहां उनकी सर्जरी हुई और इलाज चला। सैफ घर जाने के क्रम में सड़क पर लोगों का हंसकर अभिवादन करते हुए दिखे।

### एक देश-एक चुनाव से जुड़े बिल पर जेपीसी की बैठक 31 जनवरी को होगी

नयी दिल्ली। एक देश-एक चुनाव से जुड़े संविधान संशोधन बिल पर चर्चा के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की दूसरी बैठक 31 जनवरी को होगी। इससे पहले 8 जनवरी को पहली बैठक हुई थी। जिसमें कांग्रेस ने ड्राफ्ट को संविधान विरोधी बताया था। सभी सांसदों को 18 हजार से ज्यादा पेज वाली रिपोर्ट दी गयी थी।

# रांची के सुकुरहुटू में बनेगा रिम्स-2

- दो साल में बन कर होगा तैयार, 1074 करोड़ रुपये होंगे खर्च
- स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने दिया 15 दिन में लेआउट तैयार करने का निर्देश

सुनील कुमार गुप्ता



**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके के सुकुरहुटू में रिम्स-2 के नाम से एक नया अस्पताल बनेगा। इस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण पर 1074 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसके निर्माण कार्य को दो साल में पूरा कर लिया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने 15 दिन में मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल का लेआउट बनाने का निर्देश दिया है। इरफान ने मंगलवार को रिम्स-2 के निर्माण के लिए सुकुरहुटू में जमीन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बता दें कि रिम्स-2 में स्पेशलिटी और सुपर स्पेशलिटी सेवाएं मिलेंगी। विशेषकर नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी, नियोनैटोलॉजी की सुविधा मरीजों को मिलेगी। उम्मीद जतायी जा रही है कि रिम्स-2 दो से ढाई साल के अंदर बनकर तैयार हो जायेगा। वहीं, 15 दिनों के अंदर लेआउटक का काम पूरा होगा। इसके बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके निर्माण से राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। इसका निर्माण 10 एकड़ की जमीन पर होगा। इसमें 250 सुपर स्पेशलिटी बेड और 700 बेड होंगे। नया अस्पताल बन जाने से रिम्स का भार कम होगा। मेडिकल कॉलेज में यूजी की 100 सीट और पीजी की 50 सीट रहेगी।

# राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री महाकुंभ में लगायेंगे डुबकी

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 और पीएम मोदी पांच फरवरी को आयेंगे प्रयागराज
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृहमंत्री अमित शाह का भी कार्यक्रम बना

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। महाकुंभ में इस बार 45 करोड़ श्रद्धालुओं के पवित्र संगम में स्नान करने का अनुमान है। इसमें देश के अलावा विदेश से भी लोग शामिल हो रहे हैं। यह महाकुंभ केवल आम लोगों को ही नहीं, देश के विशिष्ट लोगों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई अतिथि कुंभ में शामिल होंगे। योगी सरकार की पूरी कैबिनेट बुधवार को कुंभ पहुंच रही है।

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को कुंभ जायेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 10 फरवरी को कार्यक्रम बन रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को महाकुंभ में शामिल होंगे। गृह मंत्री अमित शाह 27 जनवरी को महाकुंभ में शिरकत करेंगे। उधर, मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पत्नी और मंत्री नंदी के साथ संगम में स्नान किया। साथ ही कारोबारी गौतम अडाणी भी पत्नी प्रीति अडाणी के साथ महाकुंभ पहुंचे।



### योगी पूरी कैबिनेट के साथ आज करेंगे संगम स्नान

बुधवार को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक महाकुंभ में होगी। इसमें योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जायेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम स्नान करेंगे।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
198000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 75,800 रु./10 ग्राम
चांदी 96,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 22 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में मजबूत होंगे भारत-अमेरिका संबंध

## ■ भारत से अपने खास रिश्ते को कई मौकों पर व्यक्त कर चुके हैं डोनाल्ड ट्रंप

## ■ पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप और मोदी की गहरी मित्रता देख चुकी है दुनिया

आजाद सिपाही विशेष

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालते ही अमेरिकी इतिहास में दूसरे ऐसे राष्ट्रपति बन गये हैं, जिन्होंने गैर-लगातार कार्यकाल के लिए चुने जाने का गौरव प्राप्त किया। अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप की वापसी वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण आर्थिक और भू-राजनीतिक प्रभाव डालने वाली है। साथ ही यह भारत के लिए अवसरों और चुनौतियों का मिश्रण प्रस्तुत करती है। ट्रंप की व्यापार, रक्षा और विदेशी संबंधों की नीतियां- विशेष रूप से दक्षिण एशिया और हिंद-प्रशांत में- अमेरिका-भारत संबंधों की भविष्य की दिशा को आकार देंगी। पहले की प्रशासनिक नीतियों की तरह चीन को लेकर साझा चिंताओं और क्षेत्रीय सुरक्षा व आर्थिक स्थिरता में बढ़ती रुचि के कारण दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंध ट्रंप के कार्यकाल में और गहरे होने की संभावना है। ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी में विशेष रूप से रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में निरंतर वृद्धि की संभावना है। चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर साझा चिंता दोनों देशों के लिए एक मजबूत एकीकृत कारक बनी हुई है। ट्रंप का क्वाड को मजबूत करने पर जोर भारत के हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण के साथ मेल खाता है। भारत को संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और खुफिया जानकारी साझा करने में अमेरिका से और अधिक समर्थन मिलने की उम्मीद है, जो भारत की क्षेत्रीय सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ायेगा। इसके अलावा पश्चिम एशिया में भी भारत के साथ अमेरिका के सहयोग बढ़ने की संभावना है, खासकर ऐसे समय में जब भारत-मध्य एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे जैसी पहलें चर्चा में हैं और इस्राइल-सऊदी अरब के संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयास जारी हैं। भारत के दृष्टिकोण से कैसा रहेगा डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी भारत नीति पर काफी चर्चा हो रही है। ज्यादातर बातचीत द्विपक्षीय मुद्दों पर केंद्रित है, जो महत्वपूर्ण तो हैं ही, लेकिन जैसा कि भारत सरकार ने पहले भी अनुभव किया है, किसी अमेरिकी राष्ट्रपति या प्रशासन का भारत के बारे में क्या नजरिया है, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह होता है कि उनका दुनिया, प्राथमिकताओं और नीतियों के बारे में व्यापक नजरिया क्या है। इसका भारत पर गहरा असर पड़ता है।

भारत को ट्रंप के पहले कार्यकाल से ही इस बात का अंदाजा है, लेकिन भारत के लिए यह भी जरूरी होगा कि वह उन बहसों पर नजर रखे, जो ट्रंप प्रशासन के भीतर चलेंगी। इन बहसों में राष्ट्रपति ही अंतिम फैसला लेंगे। ये बहसें क्षेत्रीय और कार्यात्मक मुद्दों पर होंगी। इनके नतीजे भारत के विकल्पों और अमेरिका के भारत के प्रति नजरिये को प्रभावित करेंगे।

पिछले हफ्ते विदेशी मामलों की सीनेट समिति के रिपब्लिकन अध्यक्ष ने कहा कि जब किसी भी देश की बात आती है, तो उनके तीन सवाल होते हैं, अमेरिका को उस देश से क्या चाहिए, वह देश अमेरिका से क्या चाहता है और क्या अमेरिका जो दे रहा है, उससे अमेरिका को वह मिल रहा है, जो उसे चाहिए? ऐसे में भारत ट्रंप प्रशासन के उन सवालों के लिए तैयारी कर रहा है, जो पहले सवाल से निकल सकते हैं। जैसे कि रणनीतिक सहयोग, बाजार में पहुंच और टैरिफ में कमी, ज्यादा संख्या में भारतीयों का निर्वासन स्वीकार करना और अवैध अप्रवासियों और फेंटेनाइल के रासायनिक पदार्थों के प्रवाह को रोकना। भारत यह भी बताने की कोशिश करेगा कि तीसरे सवाल का जवाब हां है।

यह तीन तरफा रणनीति का हिस्सा होने की संभावना है। अमेरिका के साथ संबंधों को गहरा करने में निवेश करना, ट्रंप 2.0 और उसके अलग लहजे, तरीकों और दिग्गजों के साथ तालमेल बिठाना और अपनी साझेदारियों में विविधता लाकर चीन के साथ संबंधों को स्थिर करके और अपनी स्वतंत्र क्षमताओं को बढ़ाकर खुद को सुरक्षित रखना। लेकिन जैसा कि भारत ऐसा करता है, उसे वाशिंगटन में कई नीतिगत बहसों पर भी नजर रखने की जरूरत होगी, जो भारत के हितों, विकल्पों और आवश्यक नीतिगत प्रतिक्रियाओं को प्रभावित कर सकती है।



### चीन, रूस और ईरान

इस मायने में सबसे महत्वपूर्ण बहसों में से एक अमेरिका की चीन नीति पर होगी। ट्रंप के खुद अलग-अलग विचार हैं। कभी वह चीन के बारे में भू-राजनीतिक या आर्थिक चिंता व्यक्त करते हैं या अमेरिका को इस रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी से मुकाबला करने का आह्वान करते हैं। कभी वह शी जिनपिंग के साथ समझौता चाहते हैं और हिंद-प्रशांत में अमेरिका की प्रतिबद्धताओं पर सवाल उठाते हैं।

ट्रंप के नामांकित और प्रभावशाली लोगों में कई चीन विरोधी शामिल हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी हैं, जिनका चीन के प्रति अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण है। यह बहस कैसे और कब विकसित होती है, इसका भारत पर काफी प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि चीन के प्रति भारत की रणनीति में अमेरिका की भूमिका, बीजिंग के व्यवहार पर प्रभाव, अन्य देशों की चीन को संतुलित करने की इच्छा और इसका अन्य बहसों पर प्रभाव पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों में और वैश्विक दक्षिण के साथ कितना शामिल होना है।

एक और बहस, जो भारत के हितों को प्रभावित करेगी, वह रूस पर होगी, खासकर कि क्या, कैसे और कब ट्रंप प्रशासन रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने में मदद कर सकता है। ट्रंप ने हाल ही में कहा है कि समाधान बहुत अधिक जटिल होगा और उम्मीद से अधिक समय लेगा। अन्य सवाल होंगे कि रूस पर प्रतिबंधों और गहरी होती बीजिंग-मास्को साझेदारी पर कैसे ध्यान दिया जाये।

तीसरी बहस ईरान के प्रति अमेरिकी नीति पर हो सकती है। ट्रंप के कुछ करीबियों ने न केवल अधिकतम राजनयिक और आर्थिक दबाव, बल्कि तेहरान की परमाणु या क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाने के लिए अमेरिकी या इजराइली बल के संभावित उपयोग का भी तर्क दिया है। अन्य लोग अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप से सावधान हैं और ट्रंप ने वास्तव में हमेशा के लिए युद्धों से दूर रहने का प्रचार किया था। बाहरी विश्लेषकों से कुछ अटकलें भी लगायी गयी हैं कि क्या वह ईरान के साथ किसी समझौते के लिए तैयार हो सकते हैं।

भारत के लिए इस बहस का नतीजा मायने रखता है, क्योंकि वह क्षेत्रीय अस्थिरता नहीं देखना चाहेगा, बल्कि भारत उम्मीद कर रहा है कि इजरायल-हमास समझौता भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे और एक इजरायली-सऊदी समझौते का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे भारत को भी लाभ हो सकता है।

### भारत से व्यापारिक संबंध

ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत के लिए निहितार्थों के साथ कार्यात्मक पक्ष पर भी कई बहसें होंगी। उदाहरण के लिए ट्रंप अपने व्यापार एजेंडे को कैसे अंजाम देंगे। क्या टैरिफ पूरे बोर्ड पर होंगे या क्षेत्र या देश विशिष्ट होंगे। क्या रणनीतिक कारणों से देशों के लिए अपवाद करने की इच्छा होगी और उन्हें किस तरह के सौदे पर्याप्त लगेंगे। इसके अलावा औद्योगिक नीति पर बहस होगी, जिसमें प्रशासन हर पहलू के बीच संतुलन देखना चाहेगा। ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित बहसें भी होंगी कि क्या ट्रंप प्रशासन केवल जीवाश्म ईंधन पर ध्यान केंद्रित करेगा या क्या वह रणनीतिक (सुरक्षित आपूर्ति शृंखला), आर्थिक (प्रतिस्पर्धात्मकता) और राजनीतिक (निवेश और रोजगार सृजन) कारणों से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों की सुविधा प्रदान करना जारी रखेगा।

इसके अलावा और कई प्रौद्योगिकी संबंधी बहसें होंगी, जो भारत को प्रभावित कर सकती हैं, जिनमें निर्यात नियंत्रण, परिनियम, बाह्य और आंतरिक निवेश नियम, आपूर्ति शृंखला समन्वय और प्रतिभा अधिग्रहण शामिल हैं। जैसा कि पहले ही स्पष्ट हो चुका है, उच्च-कुशल आव्रजन पर ट्रंप जगत में अलग-अलग गुट हैं।

इन बहसों का परिणाम कई कारकों पर निर्भर करेगा, जिनमें राष्ट्रपति का अपना दृष्टिकोण, प्रतिस्पर्धी हितधारकों के प्रभाव का स्तर और विभिन्न देश कैसे प्रतिक्रिया देते हैं, शामिल हैं। ट्रंप का पहला कार्यकाल बताता है कि एक बार कोई निष्कर्ष निकलने का मतलब यह नहीं है कि बहस खत्म हो गयी है। राष्ट्रपति अपना विचार बदल सकते हैं या परिस्थितियां बदल सकती हैं। इस प्रकार भारत और अन्य देशों को इन बहसों और वे कैसे विकसित होती हैं, इस पर लगातार नजर रखने की आवश्यकता होगी। और कुछ शायद उनके परिणामों को आकार देने की भी कोशिश करेंगे।

कुल मिला कर कहा जा सकता है कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में जहां अमेरिका दुनिया में अपनी स्थिति को और मजबूत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा, वहीं ट्रंप का राष्ट्रवाद दुनिया भर में जोर पकड़ेगा। इससे भारत के साथ उसके रिश्ते को मजबूती मिलेगी, जैसा कि ट्रंप के पहले कार्यकाल में दुनिया देख चुकी है। निजी रूप से प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की नजदीकी भी दोनों देशों के कूटनीतिक रिश्ते को नया आयाम दे सकते हैं।

# आज से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना की 10वीं वर्षगांठ मनायेगा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

- 10वीं वर्षगांठ का जश्न 22 जनवरी से 8 मार्च, 2025 तक चलेगा, जिसका समापन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा
- नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में भव्य उद्घाटन समारोह आज, जेपी नड्डा, अन्नपूर्णा देवी और सावित्री ठाकुर की रहेगी भागीदारी
- राज्य और जिला स्तर पर भी आयोजित किये जायेंगे कार्यक्रम, 22 जनवरी, 26 जनवरी और 8 मार्च को विशेष कार्यक्रम होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इस वर्ष महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है, जो भारत में बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए किये गये अथक प्रयासों के एक दशक का प्रतीक है। यह मील का पत्थर भारत के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण और महिला विकास से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर वैश्विक बदलाव के अनुरूप है, जिसे भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान प्राथमिकता दी गयी थी और अब ब्राजील की जी20 की अध्यक्षता ने इसे अपनाया है।

उद्घाटन समारोह 22 जनवरी बुधवार को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया जायेगा। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी शामिल होंगी।

इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारी भाग लेंगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रालयों की उप सचिव और उससे ऊपर के स्तर की महिला अधिकारी भी विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके अलावा छात्राओं (माई भारत स्वयंसेवक), आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक/कार्यकर्ता और राज्य और जिले के प्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।




इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ), संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए), विश्व बैंक और जर्मन एजेंसी फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जीआइजेड) जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

**आज से 8 मार्च तक 10वीं वर्षगांठ का मनेगा जश्न :** इस 10वीं वर्षगांठ का जश्न 22 जनवरी से 8 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसका समापन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा। नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में उद्घाटन समारोह में शपथ ग्रहण समारोह और सर्वोत्तम प्रथाओं के संग्रह का शुभारंभ शामिल होगा। इस कार्यक्रम में मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति पोर्टल का भी शुभारंभ किया जायेगा। इसी प्रकार के कार्यक्रम राज्य और जिला स्तर पर भी आयोजित किये जायेंगे। 22 जनवरी, 26 जनवरी और 8 मार्च को विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसमें रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह और संकल्प की गतिविधियां शामिल हैं। महिला सशक्तिकरण केंद्र के तहत अभियान शामिल होंगे, जिसमें स्कूली छात्राएं, सफल महिलाएं और सामुदायिक समूह सहित विविध हितधारकों को शामिल किया जायेगा।

पूरे उत्सव के दौरान प्रिंट, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से देशभर में अभियान चलाकर योजना के संदेश को प्रचारित किया जायेगा। इसमें पौधरोपण अभियान भी चलाया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा के पानीपत में भारत में लिंग असंतुलन और घटते बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) को खत्म करने के लिए शुरू किया गया था। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान लिंग असंतुलन और घटते बाल लिंग अनुपात की चिंताजनक स्थितियों के जवाब में शुरू किया गया था, जो अपने नीतिगत पहल से राष्ट्रीय आंदोलन में बदल गया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान ने लैंगिक भेदभाव को दूर करने और बालिकाओं के महत्व को समझने तथा उनके अधिकारों और अवसरों को सुनिश्चित करने की दिशा में सांस्कृतिक बदलाव को बढ़ावा देने के लिए सरकारी एजेंसियों, सिविल सोसायटी, मीडिया और जनता को संगठित किया है। जिसकी प्रमुख उपलब्धियों में जन्म के समय राष्ट्रीय लिंग अनुपात (एसआरबी) जो 2014-15 में 918 था, वह 2023-24 में सुधर कर 930 हो गया। माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात 2014-15 में 75.51 प्रतिशत था, जो 2023-24 में सुधर कर 78 प्रतिशत हो गया। संस्थागत प्रसव 61 प्रतिशत से बढ़कर 97.3 प्रतिशत तक पहुंचा और पहली तिमाही में प्रसवपूर्व देखभाल पंजीकरण 61 प्रतिशत से बढ़कर 80.5 प्रतिशत तक पहुंचा, जो उल्लेखनीय सुधार में शामिल है।

पिछले कुछ वर्षों में बीबीबीपी ने महिला सशक्तिकरण को प्रदर्शित करने वाले यशस्विनी बाइक अभियान, कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव, जिसके तहत स्कूल न जाने वाली 100,000 से अधिक लड़कियों का फिर से नामांकन हुआ तथा डोरी टीवी शो के साथ सहयोग करके बालिकाओं को छोड़े जाने के बारे में जागरुकता बढ़ाने जैसी प्रभावशाली पहल की है। अन्य उल्लेखनीय कार्यक्रमों में कौशल पर राष्ट्रीय सम्मेलनः बेटियां बनें कुशल, शामिल है, जिसमें कार्यबल भागीदारी पर जोर दिया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय साझेदार मंत्रालयों के साथ मिलकर लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में प्रतिबद्ध है। बीबीबीपी का यह 10 साल का सफर एक विकसित भारत के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जहां महिलाएं न केवल लाभार्थी हैं, बल्कि परिवर्तन की नेतृत्वकर्ता हैं, जो सभी बालिकाओं के लिए एक उज्ज्वल, अधिक समावेशी भविष्य को आकार दे रही हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि बीबीबीपी योजना पूरे देश में सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करती रहे।

# अपने अधीनस्थ पदाधिकारी को अपमानित नहीं कर सकते: हाइकोर्ट

**जातिगत टिप्पणी करने वाले सीआइएसएफ के सहायक कमांडेंट को राहत नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया है कि किसी अधिकारी का पिछला स्वच्छ आचरण अनुशासनात्मक प्राधिकारी द्वारा दी गयी सजा की मात्रा में हस्तक्षेप करने का आधार नहीं हो सकता है, जिसकी बाद में अपीलीय प्राधिकारी और एकल-न्यायाधीश पीठ ने पुष्टि की है। दरअसल हाइकोर्ट सीआइएसएफ, बीएसएल के एक पूर्व सहायक कमांडेंट द्वारा दायर अपील पर विचार कर रहा था, जिस पर अपने कार्यालय में पदस्थापित एक इंस्पेक्टर की जाति पर टिप्पणी करने का आरोप था।

इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि हम यह भी नजरअंदाज नहीं कर सकते कि अपीलकर्ता सीआइएसएफ में एक कर्मचारी था, जो एक अनुशासित बल है। जब आरोप गंभीर हों, जैसा कि मौजूदा मामले में है, तो नरमी की जरूरत नहीं है। अपीलकर्ता पर सीआइएसएफ के सहायक कमांडेंट के पद पर रहने के दौरान आरोप लगाया गया था कि उन्होंने एक एएसआइ के सामने एक इंस्पेक्टर की जाति (एससी) के बारे में टिप्पणी करके वर्ष 2008 में कदाचार का कार्य किया था।

वर्ष 2009 में उन्होंने फिर से अपने कार्यालय में उसी व्यक्ति पर अपमानित करने के इरादे से एक अन्य एएसआइ के सामने उसकी जाति का उल्लेख करते हुए अपमानजनक और डराने वाली टिप्पणी की। अपीलकर्ता सीआइएसएफ से सेवानिवृत्त हो गया, लेकिन उसे सूचित किया गया कि केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 9 के तहत उसकी सेवानिवृत्ति के बाद भी उसके खिलाफ जांच जारी रहेगी। चार्ज मेमो और विभागीय कार्रवाई शुरू करने की चुनौती देते हुए अपीलकर्ता ने एक याचिका दायर की थी। अपीलकर्ता के खिलाफ आरोप साबित हुए हैं और स्थायी आधार पर मासिक पेंशन में 20% की कटौती और उसकी पूरी ग्रेच्युटी जब्त करने का जुर्माना लगाया गया है। इसके बाद अपीलकर्ता ने विभागीय अपील दायर की, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया।

अपीलीय प्राधिकारी के आदेश के खिलाफ उनकी अपील भी खारिज कर दी गयी। जिसके बाद सिंगल बेंच के आदेश को डबल बेंच में चुनौती दी गयी। जहां यह तर्क दिया गया कि अधीनस्थ पदाधिकारी को उसकी जाति के आधार पर गाली देने और उसे डराने और अपमानित करने का प्रयास करने के बारे में था और ऐसा आचरण एक सरकारी कर्मचारी और संघ के सशस्त्र बल में सेवा के लिए अशोभनीय था।






## गांडेय में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

# योजनाओं को तय अवधि के अंदर पूरा करें: कल्पना सोरेन

**कहा- मनरेगा, अबुआ आवास योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ पात्र लोगों को मिले, सुनिश्चित करें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गिरिडीह।** मंगलवार को जल संसाधन विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री हफीजुल हसन की अध्यक्षता में गांडेय प्रखंड के ग्राम पिंडाटांड में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य रूप से गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, उपायुक्त नमन परियेश लकरा, एसपी डॉ विमल कुमार उपस्थित रहे।

मंत्री ने जल संसाधन विभाग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही उक्त योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने उपायुक्त से बारी-बारी से सभी बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा, अबुआ आवास योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, कोनार नहर परियोजना, पथ निर्माण विभाग समेत कई योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में आमजनों को पेयजल से संबंधित काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, इन सभी समस्याओं को पहले से ही ठीक कर लिया जाये।

उन्होंने अबुआ आवास योजना और झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र लाभुकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी तत्परता और पारदर्शिता बरती जाये ताकि स-समय योजनाएं पूरी हों और लाभुकों को उनका लाभ मिले। इसके अलावा समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित विभागों को कार्यों में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, गिरिडीह, उप नगर आयुक्त, नगर निगम, जिला नजारत उपसमाहर्ता, कार्यपालक अभियंता, कोनार नहर प्रमंडल, डुमरी एवं बगोदर, कार्यपालक अभियंता, लघु सिचाई प्रमंडल, गिरिडीह, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गिरिडीह, प्रखंड विकास पदाधिकारी, गांडेय सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, सभी प्रखंड समन्वयक, आवास योजना, गिरिडीह जिला समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# फर्जी डीड पर लगाम लगाने की जरूरत : दीपक बिरुआ

**गलत करने वाले अधिकारियों पर अबुआ सरकार कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भू-राजस्व विभाग ने अब फर्जी डीड पर लगाम लगाने की तैयारी की है। इसके लिए विभागीय मंत्री दीपक बिरुआ सीरियस हैं। उन्होंने खास एक्शन प्लान के तहत एनआइसी के सॉफ्टवेयर में सुधार करने का निर्देश दिया है। लंबित म्यूटेशन के मामले भी बढ़ते ही जा रहे हैं। इसलिए विभाग एक ही जमीन के लिए दोबारा डीड अप्लाई करने पर पूरी तरह से लगाम लगाने का भी इरादा मंत्री ने जताया है ताकि फर्जी डीड बनाकर गलत तरीके से म्यूटेशन करने पर भी रोक लग सके।

मंत्री के मुताबिक एनआइसी को उम्दा सॉफ्टवेयर बनाना होगा। दोबारा डीड अप्लाई करने पर तत्काल उस पर रोक लगाने की दिशा में काम करना होगा। इससे विभिन्न अंचलों में लंबित म्यूटेशन के मामले घटेंगे। साथ ही अंचल कर्मियों को जमीन संबंधित बाकी काम करने में सहूलियत होगी। राज्य में आदिवासी-मूलवासियों को कई मायने में जमीन के संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने या अन्य छोटे मोटे कार्यों के लिए बार-बार अंचल और यहां-वहां जाना पड़ता है, जिसका बिचौलिया गलत लाभ उठाते। किसी भी हाल में जमीन संबंधित विवाद पर फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मंत्री के अनुसार, आमजनों की तमाम समस्याओं पर खास ध्यान देने की आवश्यकता है।

पुरखों की जमीन पर कुछ अंचलाधिकारी और कर्मी किसी खास व्यक्ति के इशारे पर, जमीन अपने नाम या किसी चहेते के नाम कराने की सूचना मिल रही है। ऐसे पदाधिकारियों को चिह्नित कर उनपर कार्रवाई की जायेगी। गलत व्यवस्था पर अबुआ सरकार कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी।

## 2012 तक रजिस्ट्री करा चुके पिछड़ी जाति के हजारों लोगों की जमीन का नहीं हो रहा म्यूटेशन: डॉ लंबोदर



**रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुवा से 2012 तक रजिस्ट्री करा चुके पिछड़ी जाति के हजारों लोगों का जमीन का म्यूटेशन करने, लगान रसीद काटने और 2012 से बंद लगान रसीद पहले की तरह काटने की मांग की है। उन्होंने यह मांग मंगलवार को मंत्री से मिलकर की है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में लाखों की संख्या में रसीद नहीं कटने से लोग परेशान हैं। मंत्री दीपक बिरुवा ने इस विषय पर विभागीय सचिव के साथ समीक्षा बैठक कर विधि संगत निर्णय लेने का आश्वासन दिया। डॉ लंबोदर महतो ने मंत्री को नव वर्ष की बधाई भी दी।**

# एसबीयू के छात्र को 12 लाख का पैकेज, एक्सेंचर में 28 को मिली जॉब

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (2018-22) के छात्र फरहान अहमद को बहुराष्ट्रीय कंपनी बर्कलेज ने इस वर्ष 12 लाख का पैकेज ऑफर किया है। वैश्विक स्तर पर वित्तीय सेवा प्रदान करने वाली कंपनी बर्कलेज 50 से अधिक देशों में कार्यरत है। फरहान फिलहाल कंपनी के पुणे स्थित ऑफिस में कार्यरत हैं। इसके अलावा परामर्श/आइटी सेवा प्रदान करने वाली कंपनी एक्सेंचर में भी इस वर्ष एसबीयू के 28 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है।

विवि के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट के डीन हरिबाबू शुक्ला ने बताया कि देश-विदेश की कई कंपनियों की प्लेसमेंट प्रक्रिया में एसबीयू के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं और इसके आशाजनक नतीजे प्राप्त हो रहे हैं। इससे विवि के छात्रों के अलावा उनके अभिभावकों में भी खुशी की लहर है।

इस अवसर पर विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, कुलपति प्रो. सी जगनाथन ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

## प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह सह सदस्यता कार्यक्रम

# हेमंत सरकार में आम आदमी से लेकर स्कूली बच्चे भी भ्रष्टाचार की चपेट में : बाबूलाल

**राज्य सरकार नहीं सुधरी तो सड़क से सदन तक भाजपा करेगी आंदोलन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को मिलन समारोह सह सदस्यता कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोकहित अधिकार पार्टी के पवन तिग्गा के नेतृत्व में लोहरदगा से चलकर रांची आये सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक, एसटी मोर्चा के सुनील फकीरा कच्छप उपस्थित रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुकरु उरांव, शशि नंदन भगत, तपेश्वर प्रजापति, एतवा उरांव, इलीशिबा मिंज, तारा भगत, सुरेशचंद्र साहू, लोलेन एक्का, बिमोला मिंज, विनोद यादव, दीपक कुमार, कैलाश चौधरी, अशोक चौहान, अशोक सिंह, कमलेश्वर सिंह, लाल विकार नाथ शाह देव, मुकेश कुमार सिंह, रेशमी टोप्पो सहित लोकहित अधिकार पार्टी के लोहरदगा जिला के पदाधिकारी, सदस्य गण शामिल हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कहा कि भाजपा एक विशाल परिवार है जिसके 12.5करोड़ से अधिक सदस्य हैं। पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का नेतृत्व प्राप्त है। कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के साथ गांव, गरीब, किसान, दलित आदिवासी की सेवा कर रही। आत्म निर्भर भारत, विकसित भारत का संकल्प हम सभी को मिलकर पूरा करना है। कहा कि झारखंड में भी सशक्त भाजपा बनाकर विकसित झारखंड बनाना है। उन्होंने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार में रोज नये नये भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे। आम आदमी भ्रष्टाचार की चपेट में है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया में वायरल एक वीडीओ जिसमें स्कूल के शिक्षक द्वारा साइकल के लिए छात्र से 400 रुपये की मांग की जा रही है पर कहा कि भ्रष्टाचार से अब स्कूल के बच्चे भी अछूते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार 2 को भ्रष्टाचार मिटाने के लिए गंभीर होना चाहिए नहीं तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। एक सशक्त विपक्ष के नाते जन मुद्दों पर सड़क से सदन तक जोरदार आंदोलन करेगी।

पवन तिग्गा ने कहा कि वे पार्टी के नेतृत्व के आभारी हैं जिन्होंने पार्टी में सदस्यता दिलायी। आज भाजपा से ही जनता को उम्मीद है। भाजपा झारखंड अलग राज्य बनाने वाली पार्टी है और जितने विकास कार्य हुए हैं सब भाजपा सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का तेज गति से विकास हो रहा। बुनियादी ढांचा में विकास हो रहा। कहा कि भाजपा नेतृत्व जो जिम्मेवारी देगी उसे ईमानदारी से निभाऊंगा। कार्यक्रम का संचालन शिवपूजन पाठक ने, ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण राहुल अवस्थी ने और धन्यवाद ज्ञापन सुनील फकीरा ने किया।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

**मेष** सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ.व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**वृष** कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, सोचा हुआ काम पूरा होगा, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

**मिथुन** प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सद्भावनाएं और शुभ संदेश प्राप्त होगा।

**कर्क** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकाश होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**सिंह** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सफलता, आत्मबल और कर्मबल में वृद्धि होगी।

**कन्या** नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

**तुला** परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।

**वृश्चिक** स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी।

**धनु** आत्मविश्वास की वृद्धि,रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा स्वजन-मित्रों का सहयोग स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे को पितृ शोक

**डोरंडा स्थित आवास से निकाली गयी शव यात्रा, हरमू मुक्ति धाम में हुए पंचतत्व में विलीन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


सुरेश प्रसाद दुबे (फाइल फोटो)

**रांची।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के पिता सुरेश प्रसाद दुबे का मंगलवार अपराह्न 2:00 बजे स्थानीय रिम्स हॉस्पिटल में निधन हो गया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आलोक दुबे के पिता सिंचाई विभाग से 2002 में सेवानिवृत्त हुए थे। पिछले दो वर्ष से लगातार अस्वस्थ थे। उनका इलाज रिम्स में हो रहा था। 82 वर्षीय स्वर्गीय दुबे अपने पीछे चार पुत्र, पुत्रवधु सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

मंगलवार को आलोक कुमार दुबे के डोरंडा स्थित निवास स्थान से उनके पिताजी की शव यात्रा निकाली गयी और दाह संस्कार हरमू मुक्ति धाम में किया गया। जहां वे पंचतत्व में विलीन हुए।

**शोक जताने वालों का लगा तांता** : इस दुख की घड़ी में संपूर्ण झारखंड कांग्रेस परिवार, झारखंड के सभी निजी विद्यालय और पासवा के पदाधिकारी ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक रामेश्वर उरांव, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉक्टर राजेश गुप्ता, अभिलाष साहू, परवेज आलम, राजन वर्मा, शहजादा अनवर, राकेश सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, फिरोज रिजवी मुन्ना, संजीत यादव, अभिषेक कुमार, अख्तर अली, हुसैन खान, आफताब अहमद प्रोफेसर बीके सिंह, रवि सिन्हा, मुकेश, शहजादा अनवर, सोनाल शांति, राजेश कुमार यादव, महानगर काली अध्यक्ष विनय सिंह, बबलू वर्मा, पासवा के डॉ सुषमा केरकेट्टा, ब्रज किशोर गुप्ता, राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा, पासवा के संजय प्रसाद, रूपेश कुमार, मनोज भट्ट, संजय कुमार,अरविंद कुमार, मुजाहिद इस्लाम शाहिद विभिन्न राजनीतिक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्वर्णरेखा मुक्तिधाम पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आजसू पार्टी की केंद्रीय सभा 27 को धनबाद में

**रांची (आजाद सिपाही)। आजसू की केंद्रीय सभा 27 जनवरी धनबाद के पुटकी थाना क्षेत्र स्थित भाटिंदा वॉटर फॉल के पास होगी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो करेंगे। बैठक में पार्टी के साल भर की योजना, भविष्य की रणनीति, कार्यक्रम और वर्तमान राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। बैठक में सभी केंद्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य, जिले के सभी पदाधिकारी, प्रखंड सह नगर अध्यक्ष और सचिव, अनुषंगी इकाई के केंद्र एवं विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे।**

# सीएमपीडीआइ अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट 2024-25 का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सीएमपीडीआइ के क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के तत्वावधान में संस्थान के खेल मैदान में 21 से 23 जनवरी, 2025 तक आयोजित तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट 2024-25 का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन महाप्रबंधक (ओपेनकास्ट) रणदीप सिंह एवं महाप्रबंधक (गन्वेषण) आरके सिंह ने किया।

इस तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट 2024-25 के उद्घाटन सत्र में पुरुष वर्ग के लिए आयोजित 1500 मीटर ओपेन रेस में क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर के केशव चंद्र राय-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर के प्रशांत कुमार राय-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर बिलासपुर के ही शैलेंद्र रहे। वहीं महिला वर्ग के लिए आयोजित 100 मीटर ओपेन रेस में क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली की प्रीति देवी-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर की अंजली-द्वितीय जबकि तृतीय स्थान पर मुख्यालय-रांची की मार्था एस होरो रहीं। इन विजयी प्रतिभागियों को महाप्रबंधक (ओपेनकास्ट) रणदीप सिंह एवं महाप्रबंधक (गन्वेषण) आरके सिंह ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि इस तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट 2024-25 में सीएमपीडीआइ (मुख्यालय)-रांची सहित इस क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल, क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद, मेजबान क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची, क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर, संस्थान-5-बिलासपुर, क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली एवं क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की टीमें हिस्सा ले रही हैं।



## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान मे विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार के नेतृत्व में गठित प्राधिकार की टीम ने कडाके की ठंड से ठिठुरते हुए बिना छत के रात भर जीवन बीता रहे गरीब बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करते हुए अपनी संवेदनशीलता को प्रकट किया है। उल्लेखनीय है कि प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार को कोडरमा जिले के अत्यंत सुदूरवर्ती जंगली इलाके में गुजर वसर कर रहे आदिम जनजाति के सदस्यों के बीच कंबल वितरण करने के निर्देश दिये थे। इस निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव गौतम कुमार ने कोडरमा जिले के अत्यंत सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र पहाड़ो से घिरा हुआ आदिम जनजातियों की बस्ती झरनाकुंड इलाके में देर रात तक घूम–घूम कर ऐसे लोगों की तलाश की जो इस कडाके की ठंड मे बिना छत के जीवन व्यतीत करने को विवश है। साथ ही झुग्गी झोपड़ी मे रहने वाले गरीब, बेसहारा असहाय सभी लोगों के बीच सचिव गौतम कुमार ने कंबल वितरित किया। प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने जिला प्रशासन के सहयोग से कंबल उपलब्ध कराया। प्रधान जिला जज ने ऐसे लोगों को कंबल प्रदान करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को कई जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओ का लाभ दिलाने का भी निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार के नेतृत्व में प्राधिकार द्वारा गठित टीम में न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, पारा लीगल वोलेंटियर मंटु कुमार राम सहित अन्य लोग शामिल थे।

## मुखिया ने किया कंबल का वितरण



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उतरी पंचायत भवन में मुखिया प्रमिला देवी पंसस प्रिती गुप्ता ने वृद्ध असहाय के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर 160 लाचार, असहाय और वृद्ध लोगों को ठंड को देखते हुए कंबल दिया गया। ताकि लोग ठंड से बचें सके। मौके पर पूर्व मुखिया संघ बसंत साव, पंचायत सेवक सुरेश प्रसाद, उपमुखिया उर्मिला देवी, संजय गुप्ता, वार्ड सदस्य अमर गुप्ता, दिपक सोनी, चंचल गुप्ता, बंशी यादव, संतोष रविदास, मुनिया देवी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति की बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डाड़ी कलां स्थित कार्यालय में कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष फयूम अंसारी की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें अध्यक्ष फयूम अंसारी और सचिव शमीम अहमद ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी कि आगामी 27 जनवरी सोमवार को कार्यालय के समीप भव्य वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन समिति के बैनर तले किया जायेगा। इस वन भोज सह मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड कैबिनेट के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर शामिल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि बड़कागांव के पूर्व विधायक सह कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद और अति विशिष्ट अतिथि में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव उपस्थित होंगे। इस मिलन समारोह में पकरि बरवाडीह कोल खनन परियोजना के विस्थापित और प्रभावितों को आमंत्रित किया गया है। मौके पर पदुम साव, अनवर अली, कृष्णा ओझा, बबलू सॉ, सुनील कुमार, रफुल अंसारी, शेर मोहम्मद, कासिम अंसारी, रियासत हसन, मुमताज अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा अगहन मास में बढ़ रही कड़ाके की ठंड और कुहासा के मौसम को देखते हुए परियोजना प्रभावित चट्टी बरियातु गांव में ग्राम वासियों और जरूरतमंद व्यक्तियों को मंगलवार को कंबलों का वितरण किया गया। इस अभियान में 1,186 कंबलों का वितरण चट्टी बरियातु गांव में रहने वाले परिवारों को किया गया। इस मौके पर मुखिया झरी लाल महतो मौजूद थे। जल्द ही चट्टी बरियातु परियोजना द्वारा सभी जरूरत ग्रामीण लोगों के बीच कंबल वितरण किया जायेगा। कंबल वितरण को लेकर सुबह से ही गावों में जरूरतमंदों की भीड़ लगने लगी थी। यह कंबल वितरण का कार्य चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इस मौके पर परियोजना के उप महाप्रबंधक यतीश कुमार, बी नवीन कुमार और अशोक कुमार ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया। यह वितरण समारोह चट्टी बरियातु द्वारा परियोजना प्रभावित गावों में वृद्ध व्यक्तियों और महिलाओं के लिए बहुत ही लाभकारी रहा है और आगे भविष्य में भी ऐसे वितरण समारोह एनटीपीसी चट्टी बरियातु परियोजना द्वारा स्थानिय लोगों कि सुविधा के लिए आयोजित किये जाते रहेगें।

## दलितों पर हुए हमलों के मामले में जिला पुलिस प्रशासन निष्क्रिय: सीपीआइ

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला सचिव असीम सरकार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला में दलित और कमजोर तबकों के उपर हो रहे हमलों पर चिंता जतायी हैं। असीम सरकार ने बतलाया कि दलितों के वंदोवस्त जमीन को जबरन कब्जा कर बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा हैं। साथ ही इनके उपर शारीरिक हमला करना आम बात हो गयी है गत दिनों जिलों में कई घटनाएं पर पुलिस प्रशासन की चुप्पी हैरतअंगेज की बात है। कहा कि सतगांवा के ख्वासडीह में बिमला तुरी को घर में घुसकर मारकर लहुलुहान कर इज्जत पर हाथ डालते हुए अर्धनग्न करने की घटना पर अपराध अनुसंधान विभाग रांची के ज्ञापांक 276 के आदेश के बावजूद आज तक जिला पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयीं। नवलशाही थाना क्षेत्र की महिला को नशा खिलाकर शारीरिक संबंध बनाते हुए नग्न फोटो खींच कर ब्लैकमेल करने के नियत से वाईरल करने के शिकायत के वावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं की हुई। डोमचांच थाना क्षेत्र के रुपनडीह में संत रविदास भवन के सामने बड़ा होर्डिंग लगाकर कब्जाने प्रयास करने के सवाल पर आपसी तनाव व्याप्त रहने के वावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सीपीआइ (एम) की जिला कमेटी निकट भविष्य में इन मुद्दों पर आंदोलन छेड़ने की तैयारी कर रही है।

## द रामेश्वर वैली स्कूल में स्थापना दिवस मनाया गया

# शिक्षा है विकास का मूलमंत्र: डॉ नीरा

**छात्रों ने रोचक ढंग से नाटक प्रस्तुत किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** रांची पटना मुख्य मार्ग पर स्थित द रामेश्वर वैली स्कूल में वार्षिकोत्सव और स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा की विधायक डॉ नीरा यादव ने शिरकत किया। मुख्य अतिथि के अलावा समाज सेवी रमेश हर्षधर, भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, स्कूल के चेयरपर्सन चंदन कुमार बर्णवाल, उर्जा फाउंडेशन के अध्यक्ष शंभू कुमार बर्णवाल, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ बीएनपी वर्णवाल, रोटरी के अध्यक्ष अमित कुमार, निदेशक प्रवीण मोदी, प्राचार्या रश्मि के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। शिक्षिका एकता तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। बच्चों ने मुख्य अतिथि के स्वागत में स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें श्रीनिका, सिध्दि, आर्या, रिद्धि, शैल, रिधिमा ने सुस्वागतम गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल के निदेशक प्रवीण मोदी ने मुख्य अतिथि का स्वागत फ्लावर पॉट देकर और प्राचार्या रश्मि ने शाल देकर किया। मुख्य अतिथि डॉ नीरा यादव ने अपने संबोधन में विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास का मुख्य मूलमंत्र शिक्षा है। उन्होंने कहा कि द रामेश्वर वैली स्कूल क्षेत्र के बच्चों को बेहतर और उच्च शिक्षा स्मार्ट तरीके से प्रदान कर रही है जिसका हमे गर्व है। छात्रों ने प्रत्येक विषय का एक छोटा-सा प्रकरण लेकर उसे शिक्षण सामग्री की सहायता से रोचक ढंग से नाटक के रूप में प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि में तौफीक हुसैन, अशोक कुमार, सुषमा सुमन सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यालय के बच्चों के द्वारा दी गयी प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक में सूरज प्रताप, अनिल पांडेय, आकाश कुमार, सुदय कुमार, विकास कुमार, अमित और शिक्षिका में सिम्मी श्रुति, प्रिति अजमानी, दिव्या, साची चौधरी, सीमा, प्रज्ञा, सृष्टि, शिवानी, जूही ने अहम योगदान दिया।

# सकारात्मक दृष्टि से जीवन में सुख प्राप्त करें: आचार्य गोपाल शरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** जयपुर के भगवत पीठ में आचार्य गोपाल शरण महाराज ने वीर कुंवर सिंह स्थित पप्पू सिंह के निवास स्थल पर सत्संग के दौरान जीवन में सुख और शांति प्राप्त करने के अनमोल सूत्र बताये। उन्होंने कहा कि भोजन और भजन हमेशा सामूहिक रूप से करना चाहिए। यह न केवल आनंद देता है, बल्कि कई समस्याओं का समाधान भी करता है। आचार्य गोपाल शरण महाराज ने कहा कि संसार में विकार हर वस्तु में होते हैं, लेकिन हमारी दृष्टि इन विकारों को सुधारने या खराब करने का कारण बनती है। यदि हम दूसरों के दोषों को देखने के बजाय उनके गुणों पर ध्यान केंद्रित करें, तो हमारी मानसिक स्थिति में सुधार होगा और हमें सच्चा आनंद प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि समाज से कटकर अगर हम केवल अपनी मनमर्जी पर चलें, तो सुख की जगह दुःख का विस्तार होगा। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म के सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः जैसे सिद्धांत ही समाज के सच्चे सुख का आधार हैं। इन्हीं के पालन से शांति और संतोष का अनुभव हो सकता है। सकारात्मक दृष्टि से जीवन में सुख प्राप्त करने को कहासत्संग के दौरान भजन ओ रसिया ओ बंसीया..., मैं अपराधी जन्म का हूं..., मेरा कोई नहीं इस दुनिया में... पर श्रद्धालु झूम उठे। उपस्थित भक्तों ने भक्ति रस में डूबकर ईश्वर की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम का समापन आचार्य गोपाल शरण के प्रेरणादायक प्रवचनों और शांतिपाठ के साथ हुआ। उन्होंने समाज को सनातन धर्म के सिद्धांतों पर चलने और आपसी प्रेम और सामूहिकता को बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पप्पू सिंह, अरविंद चौधरी, नवीन पांड्या, राजकुमार अजमानी, मनोज अजमानी, आर्यन हर्षराज, शुभम कुमार, रणधीर कप्सिमे, अविनाश कप्सिमे, विकाश अठघरा, जोशी कुमार, सीताराम केशरी, धर्मेंद्र भगत, टिंकू कुमार, आराध्या सिन्हा, मधु सिंह, हर्षराज सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## परामर्शदातृ समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक अपर समाहर्ता पूनम कुजूर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में विभिन्न बैंकों के ऋण जमा अनुपात वृद्धि, जिला ऋण योजना की उपलब्धि, सभी सरकारी ऋण योजना, शिक्षा ऋण, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, बाजार समूह को डिजिटल सेवा से जोड़ने, स्टार स्व-रोजगार प्रशिक्षण आरसेटी समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में ऋण जमा अनुपात 42.35 प्रतिशत रहा, जिसमें पिछली तिमाही मार्च 2024 से 0.69 वृद्धि आयी है, वहीं जून तिमाही 2023 से 5.13 प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई। अपर समाहर्ता ने सभी बैंकों को ऋण जमा अनुपात में वृद्धि लाने का निर्देश दिया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही जून तिमाही तक कुल ऋण लक्ष्य का 33.68 प्राप्त कर लिया गया है।**

# लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में लाभुकों के बीच के परिसंपत्तियों के वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बगोदर विधायक नागेंद्र महतो और श्रम अधीक्षक हजारीबाग अनिल देव रंजन, प्रमुख जैबुन निशा, बीडीओ अखिलेश कुमार, अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सुखदेव रजवार, मांडू विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार मंडल ने दीपप्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह का संचालन बीपीओ ममता सिंह ने किया। मौके पर सात किसानों के बीच में 40,2000 रुपये का केसीसी ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 14 लाभुकों को आवास, 11 लाभुकों को अबुआ आवास, जेएसएलपीएस के द्वारा सात महिला मंडल को सीसीएल के तहत दो करोड़ सतरह लाख पचास हजार रुपये का ऋण, बिरसा सिचाई कूप योजना के तहत 11 लाभुकों को कूप का, 11 छात्राओं के बीच सायकिल, दो दिव्यांग के बीच ट्राइसाइकिल, 10 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल यूनिफॉर्म, वृद्धा/विधवा पेंशन योजना के 22 लाभुकों को स्वीकृति का प्रमाण पत्र, उद्यान विकास योजनांतर्गत सब्जी की खेती के लिए 5 लाभुकों को सब्जी का बीज, 6 लाभुकों स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप इन परिसंपत्तियों का सदुपयोग कर अपने जीवन को आर्थिक रूप से मजबूत बनाये।स्वाबलंबी बने उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर बल दिया इसके लिए उन्होंने कहा कि महिलाएं छोटे मोटे उद्योग की स्थापना कर आत्मनिर्भर बने। जेएसपीएल से मिलने वाले राशि का सदुपयोग करने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो, सचिव निर्मल कुमार, बेलाल अंसारी, मुखिया लक्ष्मी कुमारी, रीता देवी, दुलारचंद पटेल समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और लाभुक उपस्थित थे।

# विष्णुगढ़ में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**स्वास्थ्य मेला में कुल 18 स्टाल लगाये गये थे, जिसमें तेरह सौ मरीजों की जांच की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, प्रमुख जैबुन निशा, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष दीपू अकेला और हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सुखदेव रजवार द्वारा संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। स्वास्थ्य मेला में कुल 18 स्टाल लगाये गये थे, जिसमें तेरह सौ मरीजों की जांच की गयी। जिसमें पंजीकरण, सामान्य चिकित्सा, दावा वितरण, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण कार्यक्रम, किशोरी स्वास्थ्य, एनसीडी क्लीनिक, टीबी, कुष्ठ, मलेरिया/फाइलेरिया, अंधापन और नाक, कान, गला संबंधित स्वास्थ्य, दंत चिकित्सा जांच, परिवार नियोजन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ कार्ड, आयुष कार्यक्रम, योग और आइइसी के स्टाल शामिल थे। विधायक नागेंद्र महतो ने आमजनों से आग्रह करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही धन है, जान है तो जहान है। जिस उद्देश्य से शिविर को लगाया गया है इस शिविर का लाभ सभी लोग भरपूर लें और शिविर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाये ताकि लोग स्वास्थ्य को लेकर और जागरूक हो सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति खुद जागरूक हो और अपने साथ 10 और लोगों को स्वास्थ्य हेतु जागरूक करें। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य को लेकर जागरूक होना केवल एक व्यक्ति या जनप्रतिनिधियों के योगदान की बात नहीं है इसके लिए सामूहिक रूप से सभी लोगों को बढ़-चढ़कर आगे आना होगा। आगे उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, हमने मिलकर लगभग सभी बीमारियों से जीत हासिल की है। हमारे देश में पोलियो खत्म होने के कगार पर है, 2012 के बाद पोलियो की शिकायत ना के बराबर है, हमने टेटनस को भी लगभग खत्म कर दिया है। जिस प्रकार हमने कोरोना से लड़कर जीत हासिल की है, उसी प्रकार हम टीबी मुक्त भी हो सकते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि सभी लोग जागरुक होकर अपनी-अपनी स्वास्थ्य जांच कराये और शिविर के उद्देश्य को सफल बनायें। विधायक श्री महतो के साथ-साथ सभी अन्य अतिथियों ने सभी स्टाल का भ्रमण कर जानकारी ली और उपस्थित सभी चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों का मनोबल भी बढ़ाया। मौके पर महिला चिकित्सक डॉ एफ होरो, डॉ योगेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, मुखिया राजेंद्र मंडल, निर्मल कुमार, लक्ष्मी कुमारी, महादेव देहाती, घनश्याम पाठक, बिलाल अंसारी, सुशील मंडल, सुरेश राम, डूमरचंद महतो, शाहिद अंसारी, गौतम वर्मा, अनूप कसेरा समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## हजारीबाग में विधायक ने की जिला अधिकारियों संग विकास कार्यों की समीक्षा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को डीडीसी इश्तियाक अहमद, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, और जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष कुमार से मुलाकात की। इस बैठक में सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों में चल रहे विकास कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान विधायक ने ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं की कमी पर चिंता जतायी और अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सड़कों, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं, और शिक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर बल दिया। शहरी इलाकों में बढ़ती आबादी और विकास की मांगों को देखते हुए विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहरी क्षेत्रों में जल निकासी, सड़क निर्माण, और अन्य आधारभूत सुविधाओं पर तेजी से काम किया जाये। उन्होंने नगर क्षेत्र में ट्रैफिक प्रबंधन और स्वच्छता को भी प्राथमिकता देने की बात कही। विधायक ने कहा की चल रही योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन और क्रियान्वयन की प्रगति पर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। विधायक ने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा।

## इचाक में स्वास्थ्य मेला का आयोजन आज




**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आज एकदिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग के आदेश अनुसार इस स्वास्थ्य मेला में स्थानीय ग्रामीण विभिन्न प्रकार के चिकित्सीय लाभ को उठा पायेंगे। जिसमें सामान्य जांच जैसे टीवी, बीपी, सुगर, सिकल सेल, मलेरिया, कुष्ट, नेत्र और किशोरी स्वास्थ्य समेत आयुष्मान और आभा कार्ड बनाने के लिए अलग–अलग स्टॉल की सुविधा उपलब्ध होगी। चिकित्सा प्रभारी डॉ ओम प्रकाश ने जानकारी देते हुए कहा कि 22 जनवरी को अस्पताल में आकर ग्रामीण अपनी जांच करवा सकते हैं। साथ ही उन्होंने आम जनमानस को अधिक संख्या में इसकी सुविधा लेने का अपील की है।

## शिशु विकास विद्यालय के 25 वर्ष पूरे होने पर पत्रकारों को किया सम्मानित



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के झरपो स्थित शिशु विकास विद्यालय झरपो स्कूल के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पत्रकारों के सम्मान हेतु कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें मुख्य रूप से मिथिलेश पाठक, राजु यादव, सोनु पांडेय, महेश अग्रवाल, रामविलास शर्मा शामिल हुए। इस दौरान पत्रकारों को गिफ्ट देकर सम्मानित करते हुए विद्यालय व्यवस्थापक ज्योतिष पंडा और प्रधानाध्यापक सत्यानंद पांडेय ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ होते हैं। समाज को जागृत रखने में इनका बहुत बड़ा योगदान है। पत्रकारों का सम्मान यह विद्यालय परिवार सदैव करते आये है और आगे भी करते रहेगे। पत्रकारों ने इस अवसर पर कहा कि शिशु विकास विद्यालय के बच्चें आज अच्छे ओहदे पर पहुंच चुके हैं इस स्कुल से निकले छात्र आज कोई पूलिस तो कोई शिक्षक समेत कई विभाग में सेवा दे रहे हैं। इस मौके पर शिक्षक सुरेश मिश्रा, प्रमोद पांडेय, रोहित कुमार, शिक्षिका गीता देवी, आरती देवी, अर्चना पांडेय, मुस्कान कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## मोतियाबिंद का ऑपरेशन शिविर आयोजित



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के केटीपीएस डीवीसी सीएसआर टीम ने डीवीसी तिलैया डैम डिस्पेंसरी के सहयोग से नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया। जिसमें सीएसआर तिलैया डैम के विस्थापित व्यक्तियों और आसपास के ग्रामीणों के लिए मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर और संचालन सीएसआर सहायक प्रबंधक कुलदीप राम ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें 303 विस्थापित और ग्रामीण लोगों का जांच किया। जिसमें 59 लोगों को चश्मा, 207 लोगों को निःशुल्क दवा वितरण किया गया। मौके पर वरिष्ठ प्रबंधक संजय कुमार सिन्हा, डीजीएम स्वास्थ्य डॉ ए एम मिश्रा, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रिया रंजन, एफएनयादव, डीके धीरेंद्र, प्रमुख मंजू देवी, मुखिया श्याम देव यादव, सांसद प्रतिनिधि राम लखन यादव, मुखिया सरस्वती देवी, मंगल देव यादव, टेक लाल यादव, सुरेंद्र मोदी, राजू राम, धुपलाला यादव, राजेंद्र मोदी, होरिल पांडेय सहित सैकड़ों महिला–पुरुष मौजूद थे।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड, रांची के प्राप्त मार्गदर्शन पर कोडरमा जिला के नागरिकों के शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निराकरण किये जाने के उद्देश्य से पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय हेतु 22 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे जिला के थानों में पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का पंचायत भवन, पूर्वी जयनगर, बिरसा सांस्कृतिक भवन, कोडरमा और सतगांवा थाना में आयोजन किया जायेगा।

## शहादत दिवस की तैयारी पूरी

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले के शहीद कामरेड अशोक यादव, रतन बरनवाल महेश सिंह के शहादत दिवस तैयारी पूरी कर ली गयी है जिसमें मुख्य वक्ता धनवार विधानसभा के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, राज्य कमेटी सदस्य सीताराम सिंह होंगे। शहादत दिवस जोहार झारखंड संकल्प सभा के रूप में मनाया जायेगा। तैयारी को लेकर मरकच्चो प्रखंड सचिव बहादुर यादव, जिला कमेटी सदस्य अशोक यादव, सहदेव यादव, सरजू यादव, डोमचांच प्रखंड सचिव विनोद पांडे, भागीरथ सिंह, बबन मेहता, कोडरमा प्रखंड सचिव तुलसी राणा, संदीप कुमार, जयनगर प्रखंड सचिव अशोक यादव, राज्य कमेटी सदस्य मोहम्मद इब्राहिम, शंभू नाथ वर्मा, मुंना यादव, एक्टू जिला सचिव विजय पासवान लगे हुए हैं यह जानकारी जिला सचिव राजेंद्र मेहता ने दिया।

## किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण



गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड के संग्रामपुर पंचायत अंतर्गत सरला कला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहर धार में तीस किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। इसका वितरण प्रमुख गीता देवी, बीडीओ डॉ सुधा वर्मा, मुखिया सीताराम मुंडा ने संयुक्त रूप किया। इसके अलावें 486 किसानों के बीच विभिन्न प्रकार के सब्जियों के बीज का भी वितरण किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य रचिया महतो, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी महेश्वर महतो, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल महतो, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कामाख्या प्रसाद, महेंद्र कश्यप, पंचायत सचिव अरविंद गोप, ग्राम रोजगार सेवक रंजीत कुमार उपस्थित थे।

## झाकोमयू ने सयाल डीपीओ को सौंपा मांग पत्र



उरीमारी (आजाद सिपाही)। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्र के सयाल डी कोलियरी के बैनर तले मंगलवार को शाखा के मार्सल हांसदा और शाहनवाज के नेतृत्व में मजदूरों और विस्थापितों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सयाल डी परियोजना पदाधिकारी को 22 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान यूनियन के बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य सह जोनल कोषाध्यक्ष सोनाराम मांझी, संजय वर्मा, उदय मालाकार, उपाध्यक्ष जग्गू घासी, शाखा उपाध्यक्ष उदय मेहता मौजूद थे। मांग पत्र में सभी परियोजनाओं के विभिन्न विभाग में कई वर्षो से कैटेगरी वन पर कार्यरत है उन्हें प्रोन्नति दिया जाये। कर्मचारियों के वेतन से काटे गये पीएफ और पेंशन राशि का मासिक स्टेटमेंट सीएमपीएफ कार्यालय रांची भेजा जाता है जिसकी एक छाया प्रति सभी श्रमिकों को दिया जाये। परियोजना के अन्तर्गत भूमि के बदले दी गई नौकरी उपरांत किसी कारण उसे नौकरी से बैठा दिया गया है वैसे श्रमिकों को पुनः नौकरी में बहाल की मांग सहित 22 सूत्री मांग पत्र शामिल है। मौके पर यूनियन के देवीलाल सोरेन, दिनेश टुडू, राजू मुर्मू, दहाराम मांझी, रामनरेश हरिजन, जाकिर हुसैन, गणेश मुंडा, एतवा मुंडा, चंद्रिका राम, सोना करमाली, कालीचरण करमाली सहित कई लोग मौजूद थे।

## कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी जायेगी



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। स्टेप बाय स्टेप स्कूल रामगढ़ मे रामगढ़ जिला नाई समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रो पूर्ण कांत कुमार ठाकुर जिला अध्यक्ष रामगढ़ ने किया और संचालन जिला सचिव लालचंद ठाकुर ने की समारोह तैयारी को लेकर कोषाध्यक्ष प्रो प्रणीत ठाकुर ने कार्यक्रम से संबंधित आय व्यय पर विस्तृत रूप से जानकारी दी, बैठक में मुख्य रूप से आगामी 28 जनवरी 2025 दिन मंगलवार को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती सह ठाकुर समाज मिलन समारोह का आयोजन कुशवाहा भवन रामगढ़ में मनाया जायेगा जिसका जिला स्तर पर भव्य रूप से मनाने को लेकर तैयारी संबंधित विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया। जिला के सभी प्रखंड से लोग उपस्थित हुए प्रखंड के लोगों को कार्यक्रम की देखरेख हेतू कई लोगों को जिम्मेवारी सौंपी गयी जयंती समारोह में पुरे जिले से नाई समाज के लोग अधिक से अधिक भागीदारी हो सके और कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने का कार्य करें, ताकि कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जा सके। 2024 के मैट्रिक- इंटर मे 60प्रतिशत से ऊपर उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को किया जायेगा सम्मानित, मुख्य रूप से कार्यक्रम में नाई समाज के प्रदेश अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि आगामी 24 जनवरी को सभी प्रखंडों में भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती समारोह मनाया जायेगा। आज के बैठक में सम्मानित अतिथि के रूप में सेवानिवृत शिक्षिका माया ठाकुर शामिल थे, इस बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक महेंद्र ठाकुर, राजेश ठाकुर, डोमन ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, नूतन आनंद ठाकुर, सुजीत ठाकुर, विनोद ठाकुर, सह सचिव मणिशंकर ठाकुर, अमित ठाकुर निकिता शर्मा, दिलीप कुमार ठाकुर, कैलाश ठाकुर, प्रेस प्रवक्ता अशोक शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अनूप कुमार ठाकुर, हीरालाल ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर, जय किशोर ठाकुर के अलावे अन्य समाज के लोग उपस्थित थे।

## पतरातू से पीवीयूएनएल तक बिछायी गयी रेलवे लाइन पर किया गया ट्रायल



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू यार्ड से पीवीयूएनएल पतरातू के लिए डीजल लोकोमोटिव को मंगलवार को पतरातू रेलवे के स्टेशन प्रबंधक एस सांगा ने हरी झंडी दिखा कर पीवीयूएनएल के ट्रायल रन के लिए रवाना किया। ज्ञात हो कि पतरातू से पीवीयूएनएल तक लगभग तीन किलोमीटर रेलवे लाइन बिछाने का कार्य राईटश के द्वारा किया गया है। इस लाइन को बिछाने में लगभग चार वर्ष लगे। बताया जाता है कि लोकोमोटिव को अंडाल लोको शेड से लाकर मंगलवार को पतरातू यार्ड में रखा गया। जहां राईटश के अधिकारी सहायक प्रबंधक आशुतोष चौधरी, इंजीनियर निशुल शुक्ला एसटीए वीं एस त्रिपाठी के द्वारा लोकोमोटिव को दुल्हन की तरह सजाया। इस लोकोमोटिव को अंडाल से एनटीपीसी राईटस कहलगांव के टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत अखिलेश्वर हंसदा और देवानंद के द्वारा लाया गया। इस लोको मोटिव को अंडाल से पतरातू लाने में 12 दिनों का समय लगा। आशुतोष चौधरी ने बताया कि पीवीयूएनएल पतरातू में चार लोकोमोटिव रहेंगे जो पतरातू से कोल रेक को पीवीयूएनएल तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। कोयले की ढूलाई राइट्स के माध्यम से किया जायेगा। डीजल लोकोमोटिव को रवाना करने के पूर्व वरीय अनुभाग अभियंता सतीश तिवारी के द्वारा रेलवे लाइन की गुणवत्ता की जांच करने के बाद का उद्घाटन किया गया। उसके बाद डीजल लोकोमोटिव रेलवे लाइन से पीवीयूएनएल तक पहुंचा।

## संविधान गौरव अभियान को लेकर कार्यक्रम

चतरा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला द्वारा 22 जनवरी को 11:00 बजे से भाजपा चतरा जिला कार्यालय में संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम के निमित्त कार्यशाला, श्रीनराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा प्रथम वर्षगांठ, चूड़ा, दही, तिलकुट और वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें सांसद कालीचरण सिंह, कोडरमा विधायक नीरा यादव, विधायक चतरा जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक उज्जवल दास सहित कई जनप्रतिनिधि और नेता मौजूद रहेंगे। साथ ही जिला के पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला परिषद उपाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भी शामिल रहेंगे।

### अवैध स्टोन चिप्स की सप्लाई पर विधायक ने ग्रामीणों के साथ बड़ी कार्रवाई

# क्लासिक इंजिकॉम प्लांट के स्टोन चिप्स लदे छह हाइवा को पकड़ा

**चितरपुर सीओ ने कार्रवाई का दिया निर्देश, माइनिंग इंस्पेक्टर ने दर्ज करायी प्राथमिकी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिले में क्लासिक इंजिकॉम प्लांट के द्वारा अवैध तरीके से स्टोन चिप्स खपाया जा रहा था। शायद किसी बड़े नेता के इशारे पर स्टोन चिप्स का अवैध कारोबार चल रहा था। इस अवैध सप्लाई पर रामगढ़ विधायक ममता देवी ने ग्रहण लगा दिया। उन्होंने न सिर्फ स्टोन चिप्स से लदी छह गाड़ियां पकड़ी, बल्कि उनके दस्तावेज की जांच कराकर उन पर बड़ी कार्रवाई भी करा दी है। मंगलवार को रजरप्पा थाने में 6 स्टोन चिप्स लदे हाईवा पर खान निरीक्षक राहुल सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई। इस मामले में चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज ने भी विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश जारी कर दिया है। कानून के इस शिकंजे के बाद क्लासिक इंजिकॉम प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। न सिर्फ प्लांट पर प्राथमिकी हुई, बल्कि मंगलवार की शाम विधायक ममता देवी ने प्लांट का निरीक्षण भी अधिकारियों की मौजूदगी में कर दिया। अब वहां भी दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं।

**लारी सुकरीगढ़ा में बिना चालान के खड़ी थी गाड़ियां:** जानकारी के अनुसार रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी सुकरीगढ़ा गांव में सोमवार की रात जतराटूंगरी टोला के पास स्टोन चिप्स से लदा 10 हाईवा खड़ा था। ग्रामीणों ने इस अवैध सप्लाई और ओवरलोडिंग की शिकायत विधायक ममता देवी से की। विधायक जब वहां पहुंची तो वहां से चार गाड़ियां रफू चक्कर हो गई। 6 गाड़ियों को उन्होंने पकड़ा और उनके ड्राइवर को बुलाकर चालान की मांग की। इस दौरान उन लोगों ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद विधायक के निर्देश पर चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज , रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे और अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी।

**पुलिस को मोबाइल में दिखाया रांची का चालान**

विधायक को कोई भी दस्तावेज न दिखाकर हाईवा चालकों ने पुलिस को मोबाइल में चालान दिखाया। लेकिन चालान निर्गत का समय रात 10:00 बजे के बाद था। वह चालान भी रांची के हरमू स्थित पते का था। ड्राइवर को या नहीं पता था कि चालान पर रांची जिला का एड्रेस लिखा हुआ है। पूछताछ के दौरान उन लोगों ने बताया कि वे लोग दुलमी प्रखंड के जरियो गांव से स्टोन चिप्स लादकर सिकनी में स्थित क्लासिक इंजिकॉम प्लांट में अनलोड करने जा रहे थे।

**दुलमी में चल रहा अवैध तरीके से क्रशर**

इस पूरे प्रकरण में प्लांट प्रबंधन और अवैध क्रशर पर विधायक ममता देवी ने हमला बोला है उन्होंने बताया कि जरियो गांव में अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन किया जा रहा है। वहां वन भूमि को अतिक्रमित कर क्रेशर चलाया जा रहा है। इसके अलावा क्लासिक इंजिकॉम प्लांट के द्वारा अवैध तरीके से स्टोन चिप्स खपाया जा रहा है। इस पूरे मामले की जांच करने के लिए उन्होंने रामगढ़ डीसी और माइनिंग विभाग को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि एक टास्क फोर्स गठित कर इस पूरे अवैध कारोबार की जांच होनी चाहिए और इस पर प्रतिबंध लगना चाहिए। जो भी लोग दोषी पाये जाते हैं, उन पर सख्त कार्रवाई हो, तभी सरकार का राजस्व बच सकता है।

**जांच में ओवरलोड पायी गयी सभी गाड़ी:** इस मामले में जांच करने पहुंचे माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि स्टोन चिप्स का सप्लाई जिन गाड़ियों से किया जा रहा था उसमें ओवरलोड था। सभी हाईवा पर क्षमता से 400 सेफ्टी अधिक स्टोन चिप्स पाया गया है। इसके अलावा जो भी चालान प्रस्तुत किया गया है, वह रांची जिला का है। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## विधायक ने स्वास्थ्य मेले का किया उद्घाटन

टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मंगलवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। आयोजित मेले में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक उज्जवल दास शामिल हुए। मौके पर विधायक उज्जवल दास, बीडीओ देवलाल उरांव और चिकित्सा प्रभारी डॉ सुदीप कुमार ने संयुक्त रूप से मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। आयोजित मेले में आंख, कान, गला, टीवी, टीकाकरण, मायलेरिया, आयुष्मान कार्ड, परिवार नियोजन, त्वचा जांच, नेत्र जांच, बाल स्वास्थ्य सहित अन्य विभागो के शिविर में स्टॉल लगाये गये थे। जहां पूरे प्रखंड क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी जरूरत अनुसार जांच कराकर परामर्श और दवाएं ली। इस मौके पर आयोजित मेले को संबोधित करते हुए विधायक ने स्वास्थ्य मेले की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य मेले और शिविरों का आयोजन पंचायत स्तर पर भी होना चाहिए ताकि वैसे वंचित लोग जो प्रखंड स्तरीय मेले में नहीं पहुंच पाये उन्हे उनके पंचायत में ही स्वास्थ्य जांच हो सके। इस मौके पर ईश्वर दयाल पांडेय, प्रमोद सिंह, कुलदीप दास, रविन्द्र गुप्ता, अरविंद सिंह, मिथलेश गुप्ता, रामेश्वर राणा, अभिषेक राज सहित अन्य उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है: **क्रम संख्या: 1; ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-03-25; दिनांक 20.01.2025; कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम:** नामकोम और टाटीसिलवई में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य; **निविदा लागत (रुपये में) :₹** 4803882.68; **बयाना राशि/बोली सुरक्षा (रुपये में) :** ₹96,100.00; **निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** 10.02.2025 को 16.00 बजे; **वेबसाइट विवरण:** https://www.ireps.gov.in। निविदा विवरण वेबसाइट **http:www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग में भाग लेने के समय निविदाकर्ता द्वारा सभी प्रासंगिक कागजात निविदा दस्तावेज के साथ अपलोड किए जाने चाहिए। (PR-1038)


# एनडीआरएफ के जवानों को सीसीएल में मिला खान बचाव प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** सीसीएल के खान बचाव केंद्र, रामगढ़ में 14 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। यह प्रशिक्षण एनडीआरएफ की 9वीं बटालियन, बीहटा पटना के जवानों को दिया गया। कार्यक्रम 6 जनवरी से शुरू हुआ और 21 जनवरी 2025 को संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि यह पूरे देश में पहली बार है जब गैर-खनन कर्मियों को खान बचाव प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एनडीआरएफ जवानों को भूमिगत खदानों में आपदाओं के दौरान बचाव कार्य के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को विषाक्त वातावरण में कार्य करना, आधुनिक बचाव उपकरणों का उपयोग करना और खदानों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने की तकनीकों में निपुणता दी गयी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खान सुरक्षा निदेशक आफताब अहमद ने इस प्रशिक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि एनडीआरएफ के जवान अब खनन आपदाओं के दौरान राहत और बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने सीसीएल और एनडीआरएफ के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर बिनोद कुमार, महाप्रबंधक (सुरक्षा और बचाव), विकास कुमार, अधीक्षक (बचाव सेवाएं), सोहेल लखानी, डिप्टी कमांडेंट एनडीआरएफ 9वीं बटालियन सहित अन्य अधिकारी और प्रशिक्षक उपस्थित थे। समापन समारोह में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किये गये। यह कार्यक्रम न केवल खान सुरक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है, बल्कि आपदा प्रबंधन और बचाव कार्यों को भी एक नयी दिशा प्रदान करता है। इस प्रशिक्षण से एनडीआरएफ की दक्षता और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## श्रमिक नेता ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य कराया शुरू



उरीमारी (आजाद सिपाही)। उरीमारी पंचायत के जामुन टोला गुदल प्रजापति के घर से लेकर दियां टोला राजू बेसरा के घर तक सीएसआर मद से कराये जा रहे पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शुभारंभ मंगलवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव और भाजपा नेता सुनील उरांव ने नारियल फोड़ कर किया। लगभग सताइस लाख की लागत से पीसीसी पथ निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मौके पर श्रमिक नेता राजू यादव ने कहा कि सड़क खराब रहने से ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब पीसीसी हो जाने से आवागमन करने में सहुलियत होगी। मौके पर संवेदक मंगरू उरांव, उपमुखिया सतीश कुमार, डॉ जी आर भगत, सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा, विजय उरांव, बिनोद करमाली, टुला करमाली, महेश करमाली, रतन करमाली, बसंत करमाली, रमेश करमाली, बुधन करमाली, प्रदीप करमाली, पंकज करमाली, बुधनी देवी, बसंती देवी, तेतरी देवी, राधिका देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में लोगों की समस्या होगी दूर : एसपी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। झारखंड के डीजीपी के निर्देश पर रामगढ़ शहर के छावनी फुटबॉल ग्राउंड में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। 22 जनवरी को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाना है। मंगलवार को एसपी अजय कुमार ने बताया कि पहले भी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन रामगढ़ जिले में हो चुका है। यहां आम नागरिकों की समस्या को दूर करने का भी प्रयास किया गया है। अब तक आए सैकड़ों आवेदनों में से 80 फीसदी मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। कुछ मामले तकनीकी कारणों और दूसरे विभागों के होने की वजह से निष्पादित नहीं हो पाए। अब तक जितने भी मामले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आये हैं उसमें अधिकांश मामले जमीन से संबंधित रहे हैं। इस बार ऐसा प्रयास रहेगा की अंचल अधिकारियों को भी कार्यक्रम में बुलाया जाये ताकि जमीन को लेकर होने वाले झगड़ा को खत्म करने का प्रयास हो। रामगढ़ पुलिस द्वारा निर्गत मोबाईल नं0- 9162388444 और Email id- janshikayat-rgh@jhpolice.gov.in पर रामगढ़ जिले की आम जनता अपनी शिकायतों / समस्याओं को साझा कर सकती है।

# डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/ चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देशानुसार हंटरगंज के धोवे, नवाडीह और पचमहला गांव में डोर टू डोर जागरूकता अभियान हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव द्वारा चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाये जाने वाले जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने का काम किया गया। नालसा के 15 100 टोल फ्री नंबर के बारे में लोगों को बताया गया। घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज उत्पीड़न, सहित अन्य अपराधों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई से संबंधित जानकारी दी गयी।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 129 date 08.01.2025, I, MANAKUMAR DEVI W/O Lal Bahadur Singh, aged about 49 years, resident of Qtr. No. 1B/406, I.B.M. Kathara Colony No. 2, Near Durga Mandap, P.O.-Kathara, P.S.-Gomia, District-Bokaro (Jharkhand), PIN-829116 do hereby solemnly affirm and declare as follows :- 1. That, my Nationality is Indian. 2. That, my Aadhaar Card No. is 7964 1529 6583. 3. That, in my Aadhaar Card No. 7964 1529 6583 my name has been mentioned as MANAKUMAR DEVI but in my Bank Account of State Bank of India, Kathara Branch vide A/C No. 36240865475 in which my name has been mentioned as MANKOUR DEVI which is required to be corrected as MANAKUMAR DEVI.
4. That, MANAKUMAR DEVI and MANKOUR DEVI both names are same and one person known as both the names i.e. myself.
5. That, I am swearing this affidavit for correction my name as MANAKUMAR DEVI in place of MANKOUR DEVI in my above said account of State Bank of India, Kathara Branch.
6. That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution in the relevant section of law also.


### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर डीडीसी ने की बैठक

# 10.82 लाख लोगों को एल्बेंडाजोल और डीइसी की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर मंगलवार को डीडीसी रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय स्थित ब्लॉक बी के सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिले में 1082581 लोगों को एल्बेंडाजोल और डीइसी की दवा खिलाने का लक्ष्य है निर्धारित बैठक के दौरान पीरामल फाउंडेशन की राज्य टीम से संजय कुमार, जिला टीम से सिल्वेस्टर टोपनो, वीबीडी कंसलटेंट संजना कुमारी के द्वारा डीडीसी और बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गयी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 से 25 फरवरी तक चलाया जायेगा। जिसके तहत रामगढ़ जिले में 1082581 लोगों को एल्बेंडाजोल और डीइसी की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**2362 ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स और 134 सुपरवाइजर्स चयनित:** कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कुल 2362 ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स और 134 सुपरवाइजर्स को चयनित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि दिनांक 10 फरवरी 2025 को 1184 बूथों पर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलायी जायेंगी और 11 से 25 फरवरी 2025 तक घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया जायेगा।

बैठक के दौरान डीडीसी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार करने, कार्य में लगे सभी स्वास्थ्य अधिकारियों, चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों आदि के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिये। डीडीसी ने सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश:** मौके पर उप विकास आयुक्त ने फाइलेरिया रोग को लेकर आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान किये जा रहे कार्यों के नियमित निगरानी करने का भी निर्देश दिया। बैठक में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, डीएमओ स्वास्थ्य विभाग, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, चिकित्सा पदाधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, चिकित्सकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़-पतरातू फोरलेन स्थित लबगा माही रेस्टुरेंट मोड़ के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जराद अखरा टोला निवासी 26 वर्षीय रोहित कुमार गंझू अपने बाइक नंबर जेएच 24 एल 5806 पर सवार होकर पतरातू से रामगढ़ की ओर जा रहा था। इसी क्रम में लबगा माही रेस्टुरेंट मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पोल से टकरा गया। दुर्घटना में बाइक सवार युवक रोहित कुमार गंझू गंभीर रूप से घायल हो गये। उसे स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

## सुशीला देवी के निधन पर कुशवाहा समाज ने किया शोक व्यक्त

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। कुशवाहा विकास समिति सह कुशवाहा भवन रामगढ़ के पूर्व अध्यक्ष एवं छावनी परिषद के पूर्व सदस्य घनश्याम महतो के बड़े भाई जारा टोला निवासी बालमुकुंद महतो और बाजार टांड़ रामगढ़ कैंट निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक हरि नारायण महतो की माता सुशीला देवी के निधन पर शोक व्यक्त की गयी है।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 8959 दिनांक 20.08.2024 मैं राधेश्याम विश्वकर्मा पिता श्री भिखू विश्वकर्मा उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम-गेरुआ, पो०-देवगाना, थाना-मेराल, जिला-गढ़वा, राज्य-झारखण्ड शपथपूर्वक निम्नांकित ब्यान करता हूँ कि:- 1. यह कि रवि रंजन विश्वकर्मा मेरा पुत्र है। जिस उम्र करीब 16 वर्ष है। 2. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में नाम ऋषिराज कुमार एवं जन्म तिथि 01.01.2006 ई० अंकित हो गया है। जो गलत है। 3. यह कि मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजात में नाम रवि रंजन विश्वकर्मा एवं जन्म तिथि 05.02.2008 ई० दर्ज है। जो सही एवं सत्य है। 4. यह कि मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजातों के अनुसार सही नाम-रवि रंजन विश्वकर्मा एवं जन्म तिथि 05.02.2008 ई० आधार कार्ड में अंकित करवाना चाहता हूँ। 5. यह कि उपरोक्त शपथ-पत्र मैं अपने पुत्र का आधार कार्ड में नाम एवं जन्म तिथि सुधार करवाने हेतु इस शपथ-पत्र का निष्पादित कर रहा हूँ।

# सियासी बयानों पर एफआइआर

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर सोमवार को स्टे लगा दिया। दिलचस्प है कि इससे पहले शनिवार को ही उनके खिलाफ असम पुलिस ने गुवाहाटी में एक एफआइआर दर्ज की। दरअसल, देश में राजनीतिक बयानों पर कोर्ट में केस करने या एफआइआर दर्ज कराने की बढ़ती प्रवृत्ति कई सवाल खड़े करती है।

**राजनीतिक बयान :** ऊपर जिन दो मामलों का जिक्र किया गया है, उनमें राहुल के बयान राजनीतिक प्रकृति के हैं। मानहानि के केस में राहुल गांधी के उन बयानों पर आपत्ति जतायी गयी है, जिनमें उन्होंने कथित तौर पर भाजपा सदस्यों को झूठा और सत्ता के नशे में डूबा बताया है। गुवाहाटी में दर्ज एफआइआर का वास्ता उनके उस बयान से है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर भारत राज्य से संघर्ष की बात कही थी।

**हावी होता सरकारी तंत्र :** बात राहुल गांधी की हो या किसी अन्य नेता की, उनके बयानों से सहमत होना जरूरी नहीं है। यह दलील भी नहीं दी जा सकती कि बड़े राजनीतिक दलों के नेता देश के कानून से ऊपर हैं। अगर वे किसी कानून का उल्लंघन करते हैं, तो कानूनी प्रक्रियाओं का सामना करने के लिए उन्हें तैयार भी रहना चाहिए,

**राहुल के बयान राजनीतिक प्रकृति के हैं। मानहानि के केस में राहुल गांधी के उन बयानों पर आपत्ति जतायी गयी है, जिनमें उन्होंने कथित तौर पर भाजपा सदस्यों को झूठा और सत्ता के नशे में डूबा बताया है।**

लेकिन जब किसी लोकतंत्र में राजनीतिक बयानों को कानून व्यवस्था के सरकारी तंत्र के जरिए नियंत्रित करने का प्रयास होने लगे तो उसे अच्छा नहीं माना जा सकता।

**राज्य सरकारें भी पीछे नहीं :** दिक्कत यह भी है कि ऐसा अगर किसी एक पार्टी की सरकार में होने लग जाये, तो दूसरे दल भी जहां उनकी सरकारें हैं, वहां पीछे नहीं रहते। पश्चिम बंगाल से लेकर कर्नाटक तक ऐसे कई उदाहरण मिल जायेंगे, जब सत्तारूढ़ दल या नेता के खिलाफ की गयी टिप्पणियों पर एफआइआर दर्ज की गयी।

**बड़े नेताओं से उम्मीद :** हालांकि यह नहीं कहा जा सकता कि ऐसे तमाम मामलों में सरकार और पार्टी के बड़े नेताओं की सहमति शामिल होती है। लेकिन ये बड़े नेता चाहें तो इस प्रवृत्ति पर रोक जरूर लगा सकते हैं। याद रखना चाहिए, जिन पड़ोसी देशों में लोकतंत्र का मजाक बनता हुआ हम देखते हैं, उन सबमें विरोधी राजनीति को कानून की बलि चढ़ा कर ही सत्तातंत्र वहां तक पहुंच पाता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**इस 21वीं सदी का इतिहास उनके हाथों में होगा, जो स्ट्रैटिजिक थिंकिग से फ्यूचर को बेहतर तरीके से देख, पढ़ और उसके अनुरूप तैयार होंगे। जिसके पास ज्ञान नहीं होगा, वे नेपथ्य में चले जायेंगे। जिसके पास ज्ञान का सतत संवर्द्धन की काबिलियत होगी, वे भविष्य को अपने अनुरूप बदलने का ताकत रखेंगे, वही समाज, बाजार और संसार का शक्तिमान बनेंगा। भविष्य में संभावित परिवर्तन, आनेवाले खतरे और उसके वैकल्पिक सशक्त समाधान करनेवाला व्यक्ति या व्यवसाय ही सफल होंगे।**

# सफलता की अनिवार्यता है फ्यूचर का स्ट्रैटिजिक थिंकिग



**डॉ मयंक मुरारी**

भविष्य आपकी और हमारी सोच से कहीं अधिक तेज है। हमारा जीवन, बाजार, उद्योग और विचार तथा टेक्नोलॉजी सबकुछ तीव्रता से बदल रहा है। क्या किसी को ऐसा लगता है कि वर्ष 2000 बस कुछ साल पहले की बात है और 2030 भविष्य में बहुत दूर की बात है? ऐसा नहीं है। पिछले पांच सौ सालों का इतिहास विचार यानी आइडिया और तकनीक यानी प्रौद्योगिकी के इर्द गिर्द चला, आनेवाला समय स्टैटिजिक थिंकिग का होगा। इस 21वीं सदी का इतिहास उनके हाथों में होगा, जो स्ट्रैटिजिक थिंकिग से फ्यूचर को बेहतर तरीके से देख, पढ़ और उसके अनुरूप तैयार होंगे। जिसके पास ज्ञान नहीं होगा, वे नेपथ्य में चले जायेंगे। जिसके पास ज्ञान का सतत संवर्द्धन की काबिलियत होगी, वे भविष्य को अपने अनुरुप बदलने का ताकत रखेंगे, वही समाज, बाजार और संसार का शक्तिमान बनेंगा। भविष्य में संभावित परिवर्तन, आनेवाले खतरे और उसके वैकल्पिक सशक्त समाधान करनेवाला व्यक्ति या व्यवसाय ही सफल होंगे। विकास का एक संभावित धारा होती है। इसको समझना जरूरी है। स्टैनफोर्ड यूनिवसिटी का माहौल, युवाओं की स्ट्रैटिजिक थिंकिग और भविष्य के लिए खतरा उठाने की अदम्य सहास ने ही सिलिकन वैली को जन्म दिया जो आज दुनिया को गढ़ रहा है। एक जमाना था जब ऑक्सफोर्ड और कैंब्रिज दुनिया को दिशा देती थी। नालंदा और तक्षशिला सहित दर्जन भर ज्ञानकेंद्र के कारण भारत भी विश्व गुरू था।

**सबकुछ बदल रहा है और यह तेजी से बदल रहा है। ऐसे में एक ही चीज हमारे अस्तित्व को बचा सकती है।**

उदारीकरण के बाद 1992 में इतिहासकार फ्रांसिस फुकियामा ने एक किताब लिखी- द एंड ऑफ हिस्टरी एंड दी लॉस्ट मैन। इसके साथ ही पूरी दुनिया में बाजारवाद पर आधारित वैश्विक अर्थव्यवस्था का दौर शुरू हो गया। पिछले साल 2022 में ग्रैग बरमैन और ऑब्रे फॉक्स की एक किताब आयीं है- ग्रेज्युअलः इंक्रिमेंटल चेज इन रेडिकल एज। इसने अब विचार और तकनीक के कछुआ और खरगोश की दौर को खत्म कर दिया है। अब दुनिया टेक्नोलॉजी संसार के साथ ड्राईविंग सीट पर है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेस के दौर में दुनिया बड़े और सतत बदलाव के दौर में है। सबकुछ बदल रहा है और यह तेजी से बदल रहा है। ऐसे में एक ही चीज हमारे अस्तित्व को बचा सकती है। रणनीतिक विचार यानी स्ट्रैटिजिक थिंकिंग और एंटीसिपेटिंग द फ्यिूचर यानी आसन्न भविष्य के बारे में पूवार्नुमान। एक्सएलआरआई के प्रोफेसर अपलक खटुआ बताते है कि नोकिया और कोडक के उतार-चढ़ाव का दौर एक केस स्टडी है। नोकिया मोबाइल ने बाजार में अपने एकाधिकार बनाये रखने के लिए सब कुछ किया, जो किया जा सकता है। तकीनीक भी बदला और स्थिति में भी परिवर्तन किया। उसको पता था क्या हो रहा है ? एंड्रोयाड के दौर में जब एप्पल मोबाइल बाजार में उतर रहा था, तब भविष्य के आंकलन में नोकिया विफल रहा। दूसरी ओर कोडक ने वह भी किया, जो नोकिया नहीं कर सका। वह बाजार में अपने एकाधिकार को बनाए रखने के लिए डिजिटल सर्विस में भी उतरा। फिर भी असफल रहा। दूसरी ओर एप्पल मोबाइल का बाजार मोबाइल हेंडसेट से शुरू हुआ और आज वह हरेक क्षेत्र में है। सफलता केवल तकनीक का ज्ञान और उसका उपयोग नहीं है, बल्कि भविष्य का सटीक आंकलन और उसके अनुसार व्यवहार भी है। यह प्रगति, समृद्धि और अवसरों के नये युग की शुरूआत है। टेक्नोलॉजी आज भावी अर्थव्यवस्था को गढ़ने की भूमिका में लगा है। दुनिया में एआई की तीव्र आवाज गूंज रही है। अमेरिका में इसे एक 19 साल का युवा सैम अल्टमैन अपनी एक स्टार्ट ऑप ह्वओपन एआईह्व के रूप में शुरू किया, जो आज ह्वचैट जीपीटीह्व के रूप में मुफ्त सेवाएं दे रहा है। यह एक इंस्ट्रूमेंट यानी एक उपकरण है जो दुनिया को प्रगति, क्षमता और अवसर का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। ऐसे कई उपकरण और तकनीक आने वाले कल को बदल डालेंगे। यही कारण है कि अब ह्वब्लू ओसन स्ट्रेटेजीह्व की बात हो रही है। इस सिद्धांत को चैन किम और रेनी मौबोर्गने ने एक सौ सालों एवं तीस से अधिक कंपनियों रणनीतिक कदमों के अध्ययन के आधार पर प्रतिपादित किया है। इसमें उन उद्योगों एवं विचारों को शामिल किया गया है जो आज अस्तित्व में नहीं है। एक अज्ञात बाजार जो स्थान और प्रतिस्पर्धा से अछूता है। इस रणनीति के तहत नये बाजार खोलने, उसके लिए नई मांग बनाने के लिए लिए संघर्ष के बदले नयी रणनीति पर विचार किया जाता है। एक सौ साल पहले ऑटोमोबाइल, संगीत रिकॉडिंग, विमानन उद्योग अनजाने थे। 20 साल पहले म्यूचूअल फंड, सेलुलर टेलीफोन, डिलीवरी पैकेज, कॉफी बार, का अस्तित्व नहीं था। आज के 20 साल बाद कितने उद्योग जो अज्ञात है, तब क्या वे अस्तित्व में नहीं आयेंगे ! जो आने वाले भविष्य का पूवार्नुमान लगा सकेंगे, वह इतिहास में दर्ज हो जायेंगे और बाकि समय के द्वारा मिटा दिये जायेंगे।



हमारी भौतिक दुनिया में मनुष्यों और मानव नेटवर्क, चमत्कारी प्रक्रियाओं और अल्पज्ञात कंपनियां का उत्सव है, जो कच्चे माल को आश्चर्यजनक चीजों में बदलने के लिए एक साथ आते हैं। यह पूरी तरह से नये सिरे से मानव सभ्यता की कहानी है। जिसमें हमारा जीवन अब रेत, नमक, लोहा, तांबा, तेल और लिथियम पर केवल आधारित नहीं है। हम अब सूचना की भारहीन दुनिया में रह रहे हैं, जिसे कॉनवे ह्व ईथर दुनिया ह्व कहते हैं। अब जल्द ही हम एआई से घिरे रहेंगे। वे हमारे जीवन को व्यवस्थित करेंगे, हमारे व्यवसाय को संचालित करेंगे और हमारी मुख्य सेवाओं को चलायेंगे। आने वाल समय एक ऐसी दुनिया का है जहां हम डीएनए प्रिंटर और क्वांटम कंप्यूटर, इंजीनियरिंग सेवाओं और स्वायत्त हथियारों, रोबोट सहायकों और प्रचुर ऊर्जा की दुनिया में रहेंगे।

वर्तमान में हममें से क्या कोई इसके लिए तैयार है ? क्या हम अपनी गलतियों से सीखेंगे। भारतवर्ष ने दो बार भविष्य को पढ़ने में विफल रहा। इस्लामिक आक्रमण के कारण पांच सौ साल की राजनीतिक गुलामी सहनी पड़ी। फिर दूसरी बार अंग्रेजों के कारण हम सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गुलामी के दौर में भी पहुंच गए। यह एक नया दौर है। हमें यह मानना होगा कि रचनात्मक प्रतिभाएं एक पहचान से जुड़ी नहीं होती है, बल्कि लगातार अपने रुख पर पुनर्विचार करने से तैयार होती है। जो व्यक्ति यह स्वीकार करते है कि वे कुछ नहीं जानते हैं और आलोचनात्मक प्रतिक्रिया चाहते हैं, वे अधिक उत्पादक और अभिनव संसार का नेतृत्व करते हैं। पुनर्विचार करना और रणनीतिक सोच को विकसित करना एक कला है जो हमको पहले से अधिक तेजी से बदली दुनिया में बढ़त दिलानेवाले गुप्त कौशल हो सकता है। हमें गलती करनी चाहिए ताकि आगे का रास्त पता हो। विख्यात दार्शनिक बर्ट्रेंड रसेल से एक बार साक्षात्कार में पूछा गया था कि क्या वह अपने किसी विश्वास के लिए मरने को तैयार है ? उनका जवाब यह था- बिल्कुल नहीं। आखिरकार मैं गलत भी हो सकता हूं। उसी प्रकार फ्यूचर के आंकलन में गलत होना ठीक है लेकिन चुपचाप रह जाना अपने सभी विकास के मार्ग को अवरुद्ध करने के समान है।

**(लेखक : चिंतक और लेखक हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# एसडीओ ने बालू लदे वाहन को किया जब्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देश पर टास्क फोर्स के द्वारा जिला में अवैध खनिज परिवहन,भंडारण व उत्खनन के खिलाफ नियमित कारवाई जारी है। मंगलवार को मानगो बस स्टैंड गोलचक्कर के पास अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम शताब्दी मजूमदार ने वाहन जांच की। जांच के दौरान से अवैध बालू परिवहन करते वाहन संख्या जेएच 05 सीक्यू 8165 को रोक कर चालक से वैध परिवहन चालान मांगा गया। चालक के द्वारा चालान प्रस्तुत नहीं करने पर वाहन को जप्त किया गया। साथ ही संबंधित थाना को सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया।

# श्री लक्ष्मी गणेश एंटरप्राइजेज में अधिकारियों का छापा, 800 टन स्लैग स्क्रैप जब्त किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित प्रकाश इंडस्ट्रियल पार्क के पास श्री लक्ष्मी गणेश इंटरप्राइजेज में प्रशासनिक अधिकारियों ने दबिश दी। मंगलवार देर शाम प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति देख इंडस्ट्रियल एरिया में हड़कंप मच गया। मौके पर प्रशिक्षु आइएएस कुमार रजत के साथ सरायकेला एसडीओ सदानंद महतो, श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर, जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति, गम्हरिया अंचल अधिकारी अरविंद बेदिया आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह सहित



भाभी संख्या में पुलिस बल की उपस्थित रहे। मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों ने लगभग 800 टन स्क्रैप बरामद कर लिया। वही कंपनी के अधिकारी पर्याप्त दस्तावेज दिखाने में असफल रहे। मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल पूरे माल को जप्त कर लिया। साथ ही उन्हें 24 घंटे की मोहलत देते हुए जब्त माल से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा।इस अवसर पर जानकारी देते हुए एसडीओ सदानंद महतो ने बताया बीते दिनों टाटा स्टील के द्वारा उनके स्लैग की चोरी होने की शिकायत दी गई थी। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अनुमानित लगभग 800 टन स्क्रैप जप्त किए गए। कंपनी के अधिकारियों को 24 घंटे की मोहलत दी गई। ताकि वह अपने दस्तावेज उपलब्ध करा सके। वही कंपनी के अधिकारी विजय श्रीवास्तव ने दावा किया यह स्क्रैप उनके द्वारा टाटा स्टील से खरीदी गई है। उन्होंने बताया मुझे समझ में नहीं आ रहा है यह छापेमारी किसकी शिकायत पर की गई। हालांकि छापेमारी के दौरान टाटा स्टील के अधिकारी निखिल खरे व सिक्योरिटी ऑफिसर महेंद्र सिंह बानरा के साथ आधा दर्जन अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने ऑफ द रिकॉर्ड दावा किया जप्त स्लग में 90 फीसदी माल टाटा स्टील गम्हरिया डिवीजन का है। जबकि कंपनी के अधिकारी जो दस्तावेज दिखा रहे वह जमशेदपुर यूनिट का है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# चाइबासा आदर्श बेकरी का खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त के निर्देश पर जिले के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को चाईबासा स्थित आदर्श बेकरी का निरीक्षण किया। श्री आनंद ने इस संबंध में पूछे जाने पर बताया कि आदर्श बेकरी के संचालक ने फूड लाइसेंस के लिए आवेदन किया है, उसी आलोक में संस्थान का निरीक्षण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान बेकरी में संचालक की ओर से एफएसएसएआइ से प्रमाणित सामग्रियों का उपयोग तो किया जा रहा है किंतु निरीक्षण के क्रम में



पेस्ट ट्रीटमेंट सर्टिफिकेट, कर्मियों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट, फूड सेफ्टी प्रशिक्षित कर्मी, परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई नहीं पायी गयी। बेकरी संचालक को उक्त त्रुटियों के निवारण के लिए नोटिस देते हुए तीस दिन के अंदर संबंधित सुधार कर पुनः आवेदन करने का निर्देश दिया गया है। जांच के क्रम में कुकीज के नमूने भी संग्रहित किये गये हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जायेगा।

# संविधान गौरव अभियान का जिला स्तरीय गोष्ठी 24 को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश में भाजपा का संविधान गौरव अभियान 15 से 25 जनवरी तक जारी है। विभिन्न जिलों में गोष्ठियों का आयोजन की जारही है। जमशेदपुर महानगर में गोष्ठी का आयोजन आगामी 24 जनवरी को होगा। मौके पर मुख्य अथिति भाजपा झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविन्द्र राय शामिल होंगे। मंगलवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में गोष्ठी की सफलता को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष व कार्यक्रम के जिला टोली के सदस्य मौजुत रहे। बैठक में प्रस्तावित गोष्ठी को व्यापक रूप से सफल बनाने व कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जिले में चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा




की। उन्होंने अभियान को तेज करते हुए अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने पर बल दिया। सुधांशु ओझा ने कहा भारत के संविधान को निर्मित हुये 75 वर्ष हो रहे। भाजपा संविधान के महत्वपूर्ण गौरव अभियान को उत्सव के रूप में मना रही है। आगामी शुक्रवार को चेंबर सभागार में झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय 3 बजे संविधान गौरव अभियान के विचार गोष्ठी को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी आज जमशेदपुर आयेंगे। साकची जिला कार्यालय में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकताओं संग बैठक करेंगे।बैठक में अभियान के संयोजक पवन अग्रवाल,सदस्यता प्रभारी डॉ राजीव कुमार,सह प्रभारी संतोष ठाकुर,मंटू चरण दत्ता,संजीव सिन्हा,बबुआ सिंह, राजीव सिंह,महामंत्री अनिल मोदी, संजीव सिंह,पप्पू सिंह, मिली दास, शांति देवी, कृष्णा शर्मा, सुबोध झा,मीडिया सह प्रभारी अखिलेश सिंह,ज्ञान प्रकाश, किशोर ओझा, बिनोद सिंह,कौस्तव राय,उज्वल सिंह, नीतीश कुशवाहा,सागर राय, मुचिराम बाउरी, रमेश बास्के, परेश कुमार मुखी, मंजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

**बहरागोड़ा (आजाद सिपाही)।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एनएच 49 पर माटिहाना चौक के निकट भारत पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की देर शाम को अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार माटिहाना पंचायत अंतर्गत कुंवरदा गांव निवासी देवदास पातर (उम्र 45) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार साइकिल सवार कंठालिया गांव से मेला देखकर अपने घर लौट रहा था। तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। मृतक अपने पीछे दो बेटी तथा अपनी पत्नी को छोड़ गया है। सूचना पाकर झामुमो के वरिष्ठ नेता आदित्य प्रधान, पंचायत समिति सदस्य राहुल वाजपेयी, बुधराम मुंडा आदि उपस्थित थे।

# झारखंडवासी एकता मंच के टुसू मेला में उमड़ी भीड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के गोपाल मैदान में झारखंड वासी एकता मंच के द्वारा विशाल टुसू मेला का आयोजन किया गया। मंगलवार को ऐतिहासिक टुसु मेला में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सबिता महतो,पूर्व सांसद सुमन महतो, पूर्व पार्षद सारथी महतो, मुख्य संयोजक आस्तिक महतो, बिल्डर फणीन्द्र महतो, रमेश हांसदा, पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, बिल्डर विकास सिंह,आर के सिन्हा सहित हजारो हजार की संख्या में टुसु प्रेमी मौजूद रहे। गोपाल मैदान के चारो ओर पड़ोसी राज्यों व दूर दराज से आये टुसू, चौड़ल व बूढ़ी गाड़ी नाच आकर्षक का केंद्र बनी रही। वही टुसु देखने के लिए आम लोगो का भीड़ उमड़ पड़ी। वॉलिंटियर्स व जिला प्रशासन के



द्वारा मैदान में सुरक्षा का पोक्ता इंतजाम किया गया। अतिथियों के द्वारा मंच के समीप झारखण्ड अलग राज्य के लिए लड़ाई लड़ने वाले व मुख्य मेला आयोजन में अहम भूमिका निभानेवाले शहीद रघुनाथ महतो,शहीद बिरसा मुंडा,सिदो कान्हू,शहीद निर्मल महतो,शहीद सुनील महतो,स्व सुधीर महतो, स्व साधु चरण महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर अतिथियों ने दूर दरार से आए टुसू, चौड़ल व बूढ़ी गाड़ी नाच के बेहतर प्रदर्शन करने वाले टीम को नगद पुरस्कार प्रदान किया। साथ ही कमिटि के द्वारा मेला में प्रतिमा व चौड़ल लेकर आनेवाले सभी टीम को सांत्वना पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की।सांसद विद्युत महतो ने कहा आज झारखंड की भाषा व संस्कृति खतरे में है। जिसे बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा समाज के लोग पढ़ लिखकर व उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने परंपरा से दूर होते जा रहे। यह याद रखने की जरूरत है यही विरासत हमारे पूर्वजों की देन है।

## रंका में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप की अध्यक्षता में पिछले 18 जनवरी 2025 को हुई बैठक में उपस्थित पदाधिकारी और गणमान्य लोगों के द्वारा रंका में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन करने का समय निर्धारित कर दिया गया है। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी रंका आवासीय कार्यालय में 08.00 बजे पूर्वाह्न, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंका आवासीय कार्यालय में 08.10 , अनुमंडल कार्यालय रंका में 08.20, बार एसोसिएशन 08.25, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 08.35, टेन प्लस टू उच्च विद्यालय 09.00, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय 09.05, राजमाता कुंजेश्वरी देवी इंटर महाविद्यालय 09.15, बी आर सी 09.25, पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय 09.35, रंका थाना 09.45, विद्युत कार्यालय 10.00, वनांचल ग्रामीण बैंक 10.05, भारतीय स्टेट बैंक 10.10, प्रखंड कार्यालय 10.15, एस के इंटरनेशनल स्कूल 11.15 बजे पूर्वाह्न में झंडोत्तोलन का समय रखा गया है।

# एसडीओ ने अंचल कार्यालय में लंबित मामलों की समीक्षा की, दिये निर्देश

**निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने कई गड़बड़ियां देखीं, हुए नाराज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने गढ़वा अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने दाखिल खारिज से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि झारखंड राइट टू सर्विस एक्ट का पालन करते हुए ससमय सभी वादों को निस्तारित करें। हालांकि समीक्षा के क्रम में दाखिल खारिज के लिए 90 दिन से अधिक का कोई लंबित मामला नहीं मिला।

**बिना ठोस कारण नहीं खारिज करें आवेदन :** उन्होंने अंचल अधिकारी तथा संबंधित राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया कि दाखिल खारिज, लगान निर्धारण जैसे मामलों को फौरी तौर पर देख कर खारिज न कर दें, बल्कि यदि किसी नागरिक के आवेदन में भूलवश कोई दस्तावेज छूटा हुआ हो तो नागरिकों को संबंधित कागज समर्पित करने का मौका दें। न्यूनतम आवश्यक अवसर देने के बाद ही किसी आवेदन को खारिज करें।

**सभी राजस्व कर्मचारी क्षेत्र भ्रमण में समय दें :** बैठक में मौजूद सभी राजस्व कर्मचारियों को उन्होंने निर्देश दिया कि वे मुख्यालय दिवस को छोड़कर सप्ताह के शेष दिनों में अपने क्षेत्र का दौरा जरूर करते रहें। अतिक्रमण, भूमि विवाद, भूअर्जन जैसे मामलों में स्थल भ्रमण और स्थानीय पूछताछ के उपरांत ही प्रतिवेदन समर्पित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मचारी जितना ज्यादा फील्ड में समय देंगे, लंबित भूमि विवाद उतने ही कम होंगे। साथ ही इस बहाने अतिक्रमण के मामलों पर भी उनकी पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रीय कर्मचारी समय समय पर दूरस्थ क्षेत्रों में भी विशेष कैंप करते रहें, इससे नागरिकों की अनावश्यक भीड़ प्रखंड मुख्यालय में नहीं लगेगी।

**चिनिया रोड चौड़ीकरण की प्रगति की समीक्षा की :** एसडीओ ने चिनिया रोड के प्रस्तावित चौड़ीकरण के क्रम में ध्वस्तीकरण के दायरे में आने वाले रैयती एवं गैरमजूरवा भूखंडों के लंबित मामलों की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिया कि प्रथम चरण में चौड़ीकरण की जद में आने वाले सभी गैर मजूरवा भूखंडों को खाली कराने हेतु नियमानुसार वाद की प्रक्रिया पूरी कर यथाशीघ्र ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करें।

**नागरिक सेवाओं से जुड़े प्रमाण-पत्रों की समीक्षा की :** एसडीओ ने विभिन्न सिटिजन सर्विसेज जैसे आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र आदि के लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। लंबित मामले ज्यादा नहीं रहने पर उन्होंने अंचल की कार्य-प्रणाली पर संतोष व्यक्त किया, साथ ही संबंधित पदाधिकारी व कर्मचारियों से कहा कि विभिन्न शैक्षणिक व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों की जरूरतों से जुड़े प्रमाण पत्रों को खुद से पहल कर-के जितने जल्दी संभव हो जारी करवाने की कोशिश करें। इस दौरान गढ़वा अंचल के सभी क्षेत्रीय कर्मी एवं कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

# एटीएम गयी महिला से 25 हजार की ठगी, जांच में जुटी पुलिस

**पंजाब नेशनल बैंक के ब्रांच मैनेजर ने कहा कि एटीएम में सुरक्षा देना उनकी जिम्मेवारी नहीं है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** शहर के रंका मोड़ स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से एक महिला से 25 हजार रुपए ठगी कर ली गयी है। इस एटीएम पर गार्ड की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते भोली भाली महिलाएं ठगी का शिकार हो रही हैं। इस पर बैंक का कहना है कि एटीएम की जिम्मेवारी उनकी नहीं है। समाचार के अनुसार मंगलवार को एक महिला पैसा निकालने के लिए पीएनबी के एटीएम पहुंची थी। इसी बीच एक युवक भी एटीएम में पहुंचा और महिला से बोला कि आप एटीएम कार्ड उल्टा लगा रही हैं। महिला नहीं समझ पायी की वह ठग है। महिला ने उस व्यक्ति पर विश्वास कर उससे मदद ले ली। इस दौरान व्यक्ति ने मदद करने के नाम पर महिला का एटीएम लेकर 25 हजार रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिया। इसके बाद महिला को यह कहकर एटीएम कार्ड लौटा दिया कि आपके खाते में पैसा नहीं है और मौके से फरार हो गया।

महिला को इसकी जानकारी तब लगी जब उसके खाते से 25 हजार निकासी का मैसेज मोबाइल पर आया। जानकारी मिलते ही महिला रोती बिलखती सदर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज करायी। पुलिस भी मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गयी है।

महिला ने बताया कि वह समूह से लोन ली थी। जिसका पैसा चुकाने के लिए वह पीएनबी के एटीएम से पैसा निकालने आयी थी। इसी बीच एक अंजान व्यक्ति ने उसके एटीएम कार्ड को लेकर तीन बार मशीन में स्वैप किया और कहा कि आपके खाते में पैसा नहीं है। जब चेक किया तो पता चला कि मेरे खाते से 25,000 रुपये निकल चुके हैं। इसके बाद हमने मामले की सूचना पुलिस थाने में दी। इधर पंजाब नेशनल बैंक के ब्रांच मैनेजर ने कहा कि एटीएम में सुरक्षा देना उनकी जिम्मेवारी नहीं है।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मुसहर परिवार के बच्चों का कराया विद्यालय में नामांकन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र नारायण के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान बीरबंधा पंचायत के नवादोहरी टोला में मुसहर परिवारों के बीच ठंड से राहत के लिए कंबल का वितरण करने के दौरान, प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा कुमार नरेंद्र नारायण द्वारा बीरबंधा पंचायत के नवादोहरी टोला में मुसहर परिवारों के बीच कंबल वितरण के दौरान यह पाया गया कि छोटे-छोटे बच्चे स्कूल नहीं जा रहे थे। क्योंकि बच्चों का नामांकन विद्यालय में नहीं था। जबकि स्कूल कुछ ही दूरी पर अवस्थित हैं। तत्पश्चात उन्होंने तत्काल शिक्षा विभाग के बीपीओ को दूरभाष से निदेशित किया गया कि सभी संबंधित मुसहर बच्चों का नामांकन स्कूल में अवश्य रूप से करायें। इसे गंभीरता से लेते हुए बीपीओ के द्वारा आज सभी मुसहर परिवार के बच्चों का नामांकन नजदीकी विद्यालय में करा दिया गया, जिससे अब हमारे मुसहर परिवार के भी बच्चें स्कूलों में जा सकेंगे और अच्छी तरह से पढ़ाई कर सकेंगे तथा बच्चें अपने भविष्य को उज्जवल कर सकेंगे।

## अंचल निरीक्षक के रूप में राजेश को पुनः मिला प्रभार



सगमा (आजाद सिपाही)। अंचल निरीक्षक के रूप में राजेश कुमार त्रिपाठी को मिला पुनः प्रभार। प्रभार ग्रहण करने के बाद सर्वप्रथम उन्होंने सभी अंचलवासियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर बधाई दिया। विदित हो कि दो वर्ष पूर्व राजेश कुमार त्रिपाठी को सगमा अंचल में अंचल निरीक्षक के रूप में पद स्थापित किया गया था, मगर स्वास्थ्य समस्या के कारण लंबे समय से प्रभार मुक्त चल रहे थे। राजेश कुमार त्रिपाठी को राजस्व के विषय में जानकर माना जाता है त्रिपाठी को प्रभार लेने के लिए प्रखंडवासियों के द्वारा दबाव दिया जा रहा था उन्होंने कहा कि सगमा अंचल में रहने वाले सभी लोग हमारे सहयोगी हैं। उन्होंने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि मैं विश्वास दिलाता हू कि हम अपने अंचल कर्मियों के सहयोग से राजस्व से संबंधित सभी काम को समय सीमा के अंदर निस्पादन करूंगा, साथ ही राजस्व से संबंधित किसी भी समस्या को विभाग द्वारा मिले गाइड लाइन का अक्षर सह पालन किया जायेगा।

## अवैध महुआ शराब बनाने वाली भट्ठी पर छापेमारी, संचालक हिरासत में

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के महुआधाम के पास जंगलो में अवैध महुआ शराब बनाने वाले भट्ठी पर ओपी प्रशासन के द्वारा छापामारी कर सोमवार के देर शाम को एक भट्ठी संचालक को हिरासत में लिया गया। ओपी प्रभारी सफिउल्लाह अंसारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर प्रशासन की टीम जंगलों में पहुंच ही रही थी कि प्रशासन को देखते ही एक युवक भागने लगा, जिसको पुलिस ने पकड़ लिया। उसने अपना नाम राजू यादव पिता रघुनाथ यादव ग्राम रपुरा के केवाल टोला का निवासी बताया। जिससे पूछताछ करने पर अपने आप को भट्ठी संचालक बताया। पकड़े गये भट्ठी संचालक के निशान देही पर संचालन स्थल से तीस लीटर तैयार महुआ शराब तथा एक हजार लीटर जावा महुआं को प्रशासन ने बिनष्ट किया। साथ ही ओपी प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध कार्य करने वाले लोगों को बक्सा नहीं जायेगा। हिरासत में लिया गया राजू यादव को गढ़वा न्यायालय को सुपुर्द किया गया। मौके पर ओपी प्रशासन के सस्त्रबल मौजूद थे।

# टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किये गये सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** मडवनिया पंचायत सचिवालय के प्रांगण में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर टीवी, (यक्ष्मा) उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुखिया स्वीटी वर्मा और पंचायत सचिव सुमन कुमारी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरीय यक्ष्मा रोग पर्यवेक्षक सुनील कुमार ने कहा कि विभाग की ओर से मडवनिया पंचायत को टीवी मुक्त घोषित किया गया है, जिसके उपलक्ष्य में मंगलवार को मुखिया और पंचायत सचिव को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीमारियों के रोक थाम के लिए जागरूकता आवश्यक है। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित कर ही हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। मलेरिया पर्यवेक्षक विजय पाठक ने कहा कि 10 से 25 फरवरी के बीच अभियान चलाकर दो वर्ष से ऊपर के लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी जायेगी। उन्होंने उपस्थित लोगो से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने की अपील की। वहीं मुखिया ने स्वच्छ एवम स्वस्थ पंचायत के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए विभाग को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मौके पर सीएचओ अभिषेक सिंह, संजय यादव, मंदीश यादव, जितेंद्र चौधरी, बिनोद मेहता, शिवधारी यादव, अलीजान अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# डीसी से मेराल सीएचसी के चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति रद्द करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने भाजपा नेताओं के साथ मंगलवार को गढ़वा समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त से सीएचसी मेराल में पदस्थापित चिकित्सकों की अन्यत्र की गयी प्रतिनियुक्ति रद्द कर वापस करने की मांग की गयी। डीसी को सौंपे गये पत्र में कहा गया है कि मेराल में पदस्थापित तीन चिकित्सक उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु विरमित हो गये हैं। साथ ही यहां के पदस्थापित तीन अन्य चिकित्सक को अन्यत्र जगह पर प्रतिनियुक्ति किया गया है, जिससे मेराल प्रखंड मुख्यालय का सामुदायिक अस्पताल जिसपर लगभग ढ़ाई लाख की आबादी के साथ-साथ नेशनल हाईवे पर होने वाला आकस्मिक दुर्घटना आदि स्वास्थ्य सुविधा पर व्यापक असर पड़ रहा है। वहीं मेराल में पदस्थापित तथा डॉ दीपक कुमार सिन्हा और डॉ कुमार पीयुष का अन्यत्र की गयी प्रतिनियुक्ति को अविलंब रद्द कर इनकी सेवा मेराल सीएचसी में करने की मांग की गयी है, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को चिकित्सा सेवा सुविधा मिल सके। साथ ही अनुरोध किया गया है कि मेराल में महीने में कम से कम एक बार मेडिकल टीम द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जाय, तथा आधी आबादी महिलाओं के लिए स्थायी रूप से एक महिला चिकित्सक की सेवा अपने स्तर से बहाल किया जाये। पत्र की प्रतिलिपि सीएस को भी दी गयी है। मौके पर जिला स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि अद्याशंकर पांडेय, गढ़वा जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार द्विवेदी, मनोज जायसवाल, रामाकांत गुप्ता, रोहित कुमार आदि शामिल थे।

# मंईयां सम्मान का लाभ पाने के लिए पांच माह से महिलाएं लगा रही ब्लॉक का चक्कर



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखंड सरकार द्वारा महिलाओं की हित में चलायी जा रही अतिमहत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली पेंशन की राशि से प्रखंड की कई महिलाएं वंचित है। मंईयां सम्मान का फार्म भरने तथा संबंधित कर्मियों की सत्यापन के बाद योजना की पात्रता रखने वाली महिला लाभुक पेंशन की राशि मिलने की आस लिए पिछले पांच माह से प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट रही है। मंगलवार को कैलान पंचायत के नीलम देवी, सरिता देवी, नीलम देवी, रजवंती कुमारी, रजवंती देवी, गीता देवी, सोनांचल देवी, कलवंती देवी, ममता कुमारी, शोभा देवी सहित दो दर्जन से अधिक महिला लाभुकों ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामप्रताप यादव से पेंशन की राशि दिलाने की गुहार लगायी। महिलाओं ने बताया कि हम सभी अगस्त माह में ही मंईयां सम्मान योजना का फार्म भरकर प्रखंड कार्यालय में जमा कर चुके है, लेकिन योजना की पहली किस्त तो क्या, पिछले छः माह के दौरान हमसभी के बैंक खाते में एक रुपया भी नहीं डाला गया है। कहा कि मंईयां सम्मान पाने के लिए पिछले कई माह से ब्लॉक की चक्कर लगा रहे है, लेकिन कार्यालय के ऑपरेटर द्वारा योजना स्वीकृत होने तथा कभी मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल बंद होने की बात कहा जाता है।

# पीसीसी सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने किया विरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत सिरोईकला पंचायत के ग्राम सेवाडीह में हो रहे पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा प्राक्कलन को ताक पर रखकर मनमानी तरीके से ढलायी कार्य कराये जाने को लेकर ग्रामीणों ने घोर विरोध किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चार- एक के सीमेंट से ढलाई किया जा रहा था, जबकि दो-एक के मसाला से ढलाई करना है। ठेकेदार के इस हरकत से ग्रामीण उग्र हो गये और काम को रोक दिया और प्राक्कलन के अनुसार दो - एक के सीमेंट आदि से ढलाई करने की बात पर अड़ गये। खबर सुनकर पंचायत के मुखिया करमदयाल सिंह कार्य स्थल पर पहुंचे और ठेकेदार को दो-एक की ढलाई करने का आदेश दिया, तब जाकर ठेकेदार ने ढलाई करने की बात स्वीकार किया और ढलाई कार्य शुरू हुआ। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रंका में कुकिंग कंपीटिशन का आयोजन

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत उर्दू मध्य विद्यालय बांदू चुतरू में मंगलवार को पीएम पोषण मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत कुकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें संकुलाधीन सभी विद्यालयों के रसोईया और सहायिका ने भाग लिया। इस कुकिंग कंपटीशन में झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुसार निर्धारित तिथि में बनने वाले भोजन को तैयार कर स्टॉल पर प्रदर्शित किया गया। इस कुकिंग कंपटीशन में निर्णायक मंडली के रूप में बाल संसद के प्रधानमंत्री रोशनी खातून पोषण मंत्री नुसरत खातून स्वच्छता मंत्री निषाद परवीन, संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पासवान, मुखिया प्रतिनिधि तालिब अंसारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नईमुद्दीन अंसारी, लक्ष्मण यादव, नूरुद्दीन अंसारी, अशरफ आलम, हारूण रशीद अंसारी ,अब्दुल हसन, रहमत अली सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक आयोजित

बड़गड़ (आजाद सिपाही)। गणतंत्र दिवस को लेकर प्रखंड के विभिन्न कार्यालय में झंडोत्तोलन के लिए मंगलवार को बैठक आयोजित की गयी। प्रखंड प्रमुख शांति देवी अध्यक्षता और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार एवं अंचलाधिकारी राकेश भूषण सिंह के नेतृत्व में प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारी की मौजूदगी में हुई। बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारियों के चर्चा के उपरांत गणतंत्र दिवस की झंडोत्तोलन को लेकर समय निर्धारित की गयी है। प्रखंड कार्यालय बड़गड़ में पूर्वाहन 8:30 बजे इसी प्रकार उप स्वास्थ्य केंद्र में 9:00 बजे, थाना परिसर में 9:15 बजे , झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में 9:20 बजे, परियोजना उच्च विद्यालय में 9:30 बजे, राजकीय उच्च विद्यालय बोडरी में 9:40 बजे, सभी पंचायत सचिवालय प्रखंड बड़गड़ में 9:50 बजे, पशुपालन विभाग में 10:00 बजे, सीएलएफ कार्यालय बड़गड़ में 10:15 बजे,सीएलएफ कार्यालय परसवार में 10:15 बजे झंडोत्तोलन के लिए समय निर्धारित है। बैठक में उपरोक्त लोगो के अलावे सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कांडी में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग को ले कर अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे। जहां टीबी के लिए 31, सुगर 20, मलेरिया 10, कुष्ठ रोग 05, दांत-मुंह 22, एनसीडी 18, स्किल 15, आयुष विभाग के तहत आयुर्वेद 53, परिवार नियोजन 214, अंतरा सुई 30, नेत्र 63, अर्श 30, एनसी व नियमित प्रतिरक्षण 20, आयुष्मान कार्ड 29 व ओपीडी के लिए 200 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराकर दवा ली। मौके पर डॉक्टर शब्द प्रकाश सिन्हा, बीडीएम शिव कुमार, एसटीएस कन्हैया, पीएमडब्ल्यू राजीव रंजन, एनसीडी कुंदन, अशोक, गुप्तेश्वर, दीपक सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# पुत्रशोक में डूबे भाजपा नेता विनय चौबे के घर पहुंचे विधायक और भानु, बंधाया ढाढ़स

**इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर आदि ने हासनदाग गांव पहुंचकर शोक संतृप्त भाजपा नेता को दी थी सांत्वना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल ।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, डाल्टनगंज के विधायक आलोक कुमार चौरसिया, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे सहित कई नेताओं और समाजसेवियों ने प्रखंड के हासनदाग गांव पहुंचकर पुत्र शोक में डुबे पार्टी नेता और भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार चौबे और उनके परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया। बता दें कि 14 जनवरी को विनय के 25 वर्षीय बड़े पुत्र एलएलबी का छात्र पीयूष कुमार चौबे का असामयिक निधन हो गया था। इससे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद बीडी राम, गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के अलावे झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठ नेता विजय चौबे के घर पहुंच कर ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया था। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश पाठक, धीरेंद्र कुमार चौबे, डॉ दिलीप चौबे, ब्रजेश मिश्रा, आशीष पांडे, चंदन कश्यप, धर्मेंद्र सिंह, विनय पांडे, संवेदक मिथिलेश तिवारी उर्फ छठन तिवारी अनिल कुमार पांडे, अमलेश दुबे, सुदर्शन चौबे आदि लोग भी पहुंच कर संवेदना व्यक्त किया।

## नवगढ़ टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाया

केतार (आजाद सिपाही)। परसोडीह हाई स्कूल के प्रांगण में शहीद नीलांबर पीतांबर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 सीजन 8 का लीग मैच पलामू के नवगढ़ बनाम गढ़वा के मेरौनी की बीच खेला गया। मैरौनी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.3 गेंद में 131 रन बनाया। वहीं जवाबी पारी में नवगढ़ टीम ने 15.2 ओवर में 9 विकेट खोकर 132 रन बना कर अपना टीम को क्वाटर फाइनल में जगह बनाया। नवगड़ब्रिम के अभिषेक चौहान को मैन ऑफ द मैच दिया गया। इस मौके पर उद्घाटन कर्ता अनिल पासवान, समाजसेवी पंकज सिंह उपाध्यक्ष देवकुमार ठाकुर, सचिव संजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष विजय, श्रीराम, अनीश, चुलबुल, स्कोरर कमलेश प्रजापति सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## लोक विचार मंच की गोष्ठी में लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने पर बल



मेराल (आजाद सिपाही)। लोक विचार मंच के तत्वाधान में विचार गोष्ठी का आयोजन संस्था की जिलाध्यक्ष सह मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा की मंच की ओर से उन्हें जो जवाबदेही दी जाएगी तथा गढ़वा जिला के लोगों को जागरूक करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगी, पूरे मनोयोग से समाज को उनका अधिकार दिलाने के लिए सतत संघर्ष करती रहूंगी। मंच के प्रांतीय संयोजक श्याम नारायण सिंह ने कहा कि लोक विचार मंच एक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन है जिसका मुख्य उद्देश्य आम अवाम को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। श्री सिंह ने बताया कि 77 वर्षों के आजादी के बाद भी आमजन अपने अधिकारों से वंचित है। समाजसेवी अलखनाथ चौबे बताया कि संगठन जनहित के मुद्दों पर कार्य करने के लिए अग्रसर है। विचार गोष्ठी में शान ए वतन के केंद्रीय अध्यक्ष तबीब आलम, समाज सेवी सुनील गौतम, महबूब अंसारी, बबलू सिंह, मजहर हुसैन, रामलाल कुमार चौधरी, जगदीश राम, अब्दुल रशीद, रुस्तम अंसारी, संजय कुमार, अशोक कुमार तथा अन्य कई लोग शामिल थे।

## डुरुआ जमीन विवाद में चाकूबाजी और फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**रमेश शर्मा, पत्नी मूर्ति देवी और सागर शर्मा ने सदाकत अंसारी पर जानलेवा हमला किया था**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन स्थित डुरूआ क्षेत्र में सोमवार को हुए फायरिंग और चाकूबाजी के मामले का पुलिस ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर जानकारी साझा की।

पत्रकारों को जानकारी देते हुए जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने बताया कि सोमवार की सुबह रेलवे स्टेशन स्थित डुरूआ में हुए फायरिंग मामले को लेकर एसडीपीओ रविंद कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। जिसके द्वारा पूरे मामले का खुलासा कर दिया गया है और घटना में शामिल मुख्य आरोपी को भागने के दौरान बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मकईयाटांड से गिरफ्तार किर लिया गया है। एसपी ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि डुरूआ निवासी सदाकत अंसारी एवं रमेश शर्मा के बीच पोड़ा कर स्थित जमीन को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें रमेश शर्मा एवं उसके पुत्र सागर शर्मा ने सदाकत असारी पर कुल्हाडी एवं चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रुप से जख्मी कर दिया एवं फायरिंग भी की।

गिरफ्तार आरोपी के पास से हथियार की बरामदगी हुई आरोपी सागर शर्मा की निशानदेही पर डुरुआ स्थित उसके घर से भी अम्नेयाश की बरामदगी की गयी है। इस कांड में फरार रमेश शर्मा एवं उनकी पत्नी मूर्ति देवी की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

**छापामारी दल में शामिल**

लातेहार थाना प्रभारी दुलार चौड़े, राजा दिलावर, विक्रांत कुमार उपाध्याय सुरेन्द्र कुमार महतो रामाकांत गुम कुवेर प्रसाद देव एवं लातेहार थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## भंडरा से अधेड़ लापता, पत्नी ने लगायी खोजबीन की गुहार



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के बड़ा अंबेरा में एक अधेड पुरुष अपने पत्नी व बच्चों को घर में अकेला छोड़कर कहीं चला गया है। इधर परेशान पत्नी भंडरा पुलिस थाने पहुंची और गुमशुदगी का मामला दर्ज करायी है। पत्नी ने बताया कि उसका पति घर से कहीं चले गये है, उसे ढूंढ़ दीजिए। उसके बच्चे परिजन सभी परेशान हो रहे हैं। पत्नी ने इस मामले में भंडरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए आवेदन दी है। बता दें कि भंडरा थाना क्षेत्र के बड़ा अम्बेरा गांव निवासी रमेश उरांव उम्र 55 वर्ष अपने परिवार के साथ रहते है. परिवार में पत्नी सोनी देवी व तीन बच्चे हैं। पत्नी सोनी ने बताया कि बीते चार दिन से उनका पति घर से गायब है।

## लोहरदगा में साल की अवैध लकड़ी बरामद, तस्कर फरार



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** वन विभाग की टीम ने बगड़ू क्षेत्र में लकड़ी तस्करों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस क्रम में वन विभाग की टीम ने साल की अवैध लकड़ी का बना चौखट और चौपहल को बरामद किया। वन विभाग की क्यूआरटी टीम ने चरहु ग्राम से 11 पीस साल चौखट, 09 पीस साल चौपहल, एक लकड़ी चीरने का स्टैंड बरामद किया है। वही वन विभाग की गाड़ी देख लकड़ी माफिया लकड़ी छोड़कर फरार होने में कामयाब रहे। जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी अरुण कुमार को मिले गुप्त सूचना के बाद की गई त्वरित कार्रवाई में बगरू थाना क्षेत्र के चरहू गांव में छापेमारी किया गया था। मौके से अवैध लकड़ी जब्त किया गया जबकि तस्करों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई में वन विभाग जुट गई है. बता दें कि लोहरदगा में वन विभाग की हो रहे लगातार कार्रवाई के बावजूद जंगलों का अवैध कटाई नहीं थम रहा है। टीम में प्रदीप साहू, विक्की मेहता, नवीन चौहान, पंकज सिंह, राजेंद्र उरांव, हीरा उरांव, अनिता लकड़ा एवं होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## मदरसा अशरफिया के तालिब-ए-इल्म की बैठक



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** देश के विभिन्न इलाके से लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो प्रखंड क्षेत्र के नगजुआ में संचालित मदरसा अशरफिया गौसुल उलूम में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चों को दीनी और दुनियावी तालीम से राब्ता कराया जाता है। यहां पर बता दें कि मदरसा अशरफिया का संचालन पीर ए तरीकत हजरत हाफिज व कारी अल्हाज अब्दुल जलील कौसर अशरफी की जेरे सरपरस्ती में किया जाता है। जहां पर झारखंड, बंगाल, यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़ समेत कई अन्य राज्यों के बच्चे अपनी भविष्य संवारने में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त मदरसा में मुख्य शिक्षक की भूमिका निभाने वाले मौलाना इजहारूल इमान की देख-रेख में बच्चों को दीनी और दुनियावी तालीम हासिल कराया जा रहा है। यहां पर एक होनहार तालिब ए इल्म जो यूपी के बशारत गंज बरैली शरीफ का रहने वाला मुहम्मद नूर आलम ने अपने शिक्षकों की मौजूदगी में एक बैठक में पूरी कुरआन शरीफ पूरा कर दिखाया है। इधर बच्चे के इस कामयाबी पर पूरे क्षेत्र वासियों ने मुबारकबाद दी है। इस मौके पर मदरसा के हजरत मौलाना इजहारूल इमान, नाजिम ए आला हजरत हाफिज व कारी शमशाद आलम फैजी, सदर मुर्शीद, हजरत हाफिज व कारी रेहान रजा कैफी, हजरत हाफिज व कारी युसूफ रजा रजवी, नाजिम ए तालिमात हजरत हाफिज सेराज अशरफी, हाफिज अंजार साहब, जमानत अंसारी, इरफान अंसारी, हुसैन खान, रसीद खान व अन्य लोग मौजूद थे।

## अपर समाहर्ता ने अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा ने अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा अंचल कार्यालय से संबंधित सभी प्रकार के कागजातों का निरीक्षण किया गया। अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा ने बताया कि अंचल कार्यालय के सभी कागजातों का निरीक्षण उनके द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि अंचल कार्यालय के कैशबुक सहित सभी पंजी की बारीक से जांच की गयी। कई कर्मचारी के सेवापुस्तिका में इएल का सही तरीके से संधारण नहीं किया गया था जिसे प्रधान सहायक को जल्द से जल्द इसे सही तरीके से संधारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने अंचल नजारत के सभी कागजातों की बारीकी से जांच की। उनके द्वारा चौकीदारों की सेवापुस्तिका की भी जांच की गयी। चौकीदार की सेवापुस्तिका में भी कुछ चीजों का संधारण नहीं किया गया था जिसे जल्द से जल्द संधारण करने को कहा गया। इंडेक्स पंजी को भी सही तरीके से सजा कर रखने को कहा गया। इस दौरान उनके द्वारा यह भी जांच किया गया कि जिला से जो भी निर्देश अंचल कार्यालय को दिया जाता है उसका सही तरीके से अंचलाधिकारी द्वारा अनुपालन किया जाता है कि नहीं। उन्होंने जिला से दिये गये निर्देश को जल्द से जल्द निपटाने का आदेश दिया। इस दौरान अंचलाधिकारी दुर्गा कुमार, विनोद उरांव, संजीत कुंडलना, गुड्डु सिंह, अंचल निरीक्षक फेकूवा उरांव,प्रवीण कुमार, सुमित कुमार, सूरज कुमार, सतेंद्र यादव, बजरंग भगत समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## पंचायत सचिव महादेव असुर हुए सेवानिवृत्त, नहीं मिली विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में लगातार 36 वर्ष तक सेवा देने के बाद पंचायत सचिव महादेव असुर सेवानिवृत्त हो गये। बावजूद विधिवत प्रखंड प्रशासन ने नहीं दिया उन्हें विदाई। जिससे महादेव असुर मर्माहत है। 36 साल के कार्यकाल में सरकार के द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे पंचायत के के ग्रामीणों को इसका लाभ दिलाया। सरकारी योजनाओं से पंचायत वासियों को लाभान्वित किये हैं। वही पंचायत सचिव के बेहतर काम को देखकर प्रखंड एवं पंचायत क्षेत्र के आम जनता ने पंचायत सचिव का आभार व्यक्त कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा महादेव असुर के प्रेम की भावना और उनका कार्यकाल को कभी नही भुलाया नहीं जा सकता है। पंचायत के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव को आभार व्यक्त करते हुए महादेव असुर की उज्जवल भविष्य की कामना किया है। बता दें कि, 1987 ईस्वी में उपायुक्त एस जलजा के कार्यकाल के दौरान वे ज्वाइन किये थे। एस जलजा आदिम जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक विकास हेतु आदीम जनजाति विलुप्तप्राय शिक्षित आदीम जनजातीय परिवार के पेशरार प्रखंड क्षेत्र के तूईमू पंचायत के ग्राम तूईमू पांठ गांव के स्थानीय निवासी महादेव असुर को पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति किया था।

## लवलेश गंझू के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत बालू गांव के रहने वाले जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य लवलेश गंझू उर्फ लवलेश, पिता स्वर्गीय प्रधान गंझू के घर पर न्यायालय द्वारा जारी किया गया इश्तिहार चिपकाया गया है। वहीं उक्त व्यक्ति के खिलाफ मनिका थाना में मामला दर्ज किया गया है और लवलेश गंजू काफी दिनों से फरार चल रहा है। वहीं मनिका थाना एसआई विपिन मिश्रा ने बताया की उक्त व्यक्ति जल्द से जल्द न्यायालय में सरेंडर नहीं करता है तो अगले कार्रवाई के रूप में उसके घर पर कुर्की जब्ती की जायेगी।

## भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के जिलाध्यक्ष बने शकील अख्तर

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** शहर के होटल केतकी पैलेस में मंगलवार को भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच की बैठक हुई। जिसमें मंच की पुरानी जिला कमिटी को भंग कर नए जिला कमिटी का विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से पूर्व जिलाध्यक्ष शकील अख्तर को पुनः मंच के नये जिलाध्यक्ष चुना गया। वहीं प्रदीप राणा को जिला संरक्षक, एजाज अखतर, नन्दु महली,उपेन्द्र यादव,रंजीत कुमार गिरी, को उपाध्यक्ष, कार्यकारणी सदस्य - नीरज चोपरा, नारायण यादव को बनाया गया, जिला -सह - सचिव - कयूम अंसारी, जिला सचिव, संजय विश्वकर्मा को बनाया गया। बैठक में मंच के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्यों को फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष रविकांत पासवान ने लोहरदगा जिले में मंच को मजबूत करने तथा जनमुद्दों पर संघर्ष करने की बात कही। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 को जन जन तक पहुंचाने तथा इसका प्रयोग करने पर बल दिया गया। वही केंद्रीय महासचिव आनंद किशोर पांडेय ने सूचना अधिकार रक्षा मंच के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि लगभग 5 वर्षों से झारखंड राज्य सूचना आयोग में रिक्त पड़े मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति को राज्य सरकार के द्वारा जानबूझकर लटकाकर रखा गया है। जिसके लिए अब आंदोलन किया जायेगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शकील अख्तर ने कहा कि जिले में सूचना का अधिकार अधिनियम को मजबूती प्रदान किया जायेगा। भ्रष्टाचारियों को जेल भिजवाने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। घूस लेने वाले पदाधिकारी को घुसा दिया जायेगा।

## स्वास्थ्य मेला के लिए जागरूकता रथ रवाना



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** जिला अपार मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अमरेंद्र डे और भंडरा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार ने मंगलवार को 24 जनवरी को आयोजित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर अपार चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही इस स्वास्थ्य संबंधित योजना का लाभ लोग अवश्य उठायें व इस कार्यक्रम को सफल बनायें। उन्होंने कहा कि इस रथ के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा ताकि लोग स्वास्थ्य मेला का मतलब समझे और इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर इसका लाभ उठावें। इस मौके पर प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार, साजिद आलम, मैरी बेक, मुकेश गुप्ता सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## महिलाओं को परिवार नियोजन की दी जानकारी

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र गगेया में स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार सेविका मालती देवी व स्वास्थ्य सहिया शकुंतला देवी के द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया.तथा परिवार नियोजन के लिये पुरुष नसबंदी और महिला बंध्याकरण के बारे बताते हुए स्थायी और अस्थाई विधि के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही मलेरिया से बचाव, खांसी, टीवी, सर्दी जुकाम सहित अन्य बीमारी और उसे बचाव के बारे में बताया गया। वही नवजात बच्चों में होने वाले बीमारी निमोनिया, सर्दी जुकाम, बुखार, दस्त, उल्टी सहित विभिन्न तरह के बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए गर्भवती महिलाओं और माताओं को आयरन की गोली, आयोडीन युक्त नमक, हरा साग सब्जी, फल, दूध अंडा का सेवन करने के लिये कहा गया।

## सेन्हा में नल-जल योजना का हाल बेहाल, विभाग को कोई चिंता नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग के तत्वधान में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र के हर घर को नल जल योजना से जोड़ना है। जिसे प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न गांव के ग्रामीणों को हर घर नल जल योजना का लाभ मुहैया कराया जाना है। परंतु अर्धनिर्मित योजना सुदुरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र की ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा रही है। ऐसा ही एक मामला सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत गढ़गांव में देखने को मिला। जहां जलमीनार की क्षमता पांच हजार लीटर, सोलर मोटर पंप क्षमता 1 एचपी विभाग के निर्देशानुसार लगाने का निर्देश दिया गया है। लेकिन कुछ जगहों पर जलमीनार निर्माण कार्य पूर्ण हुआ तो कुछ जगहों पर अर्धनिर्मित अवस्था मे देखने को मिल रहा है। वहीं जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्र में नल जल योजना धरातल पर सुचारू रूप से समय सीमा के तहत संचालित नही होने के कारण आज भी गांव के लोग पानी की समस्या से झुझ रहें है। विदित हो कि उक्त योजना का निर्माण अलौदी पंचायत में संवेदक ललन यादव के द्वारा कराया जाना था और कार्य आरंभ भी किया गया। जिससे गामीणो को पानी का समस्या से निजात मिलने का आसार दिख रहा था। लेकिन जलमीनार निर्माण कार्य अधूरे होने के कारण ग्रामीणों की बीच पेयजल समस्या कायम है। वही कलावती देवी, सागर उरांव, केतकी उराइन, भूषण सिंह, रंजीत उरांव, कमलेश उरांव, विदेश उरांव, सोमा उरांव सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है कि गढ़गांव ग्राम में जलमीनार निर्माण हेतु चबूतरा बनवाया गया है। जो एक वर्ष से जलमीनार के लिये चबूतरा बना कर संवेदक द्वारा छोड़ दिया गया है। आज तक पूर्ण रूप से कार्य पूरा नही होने के कारण योजना अर्धनिर्मित अवस्था में गांव का शोभा बढ़ा रहा है। बस ग्रामीणों के बीच नल जल का आस लगा हुआ है। जिसे आज नही तो कल योजना पूर्ण होगा और पानी की समस्या से निजात मिलेगा।

## साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा। ज्ञात हो की आज के जन शिकायत निवारण में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, नियोजन, पेंशन, मुआवजा आदि संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## किस्को जंगल से शहरी क्षेत्र में घुसे नीलगाय का वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के किस्को के जंगल से भटक कर एक नीलगाय लोहरदगा के जयनाथपुर पहुच गया। यह नीलगाय जंगल से भटकने के बाद कई गांव से होकर जयनाथपुर में पहुंचा था। नीलगाय को देखने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने नीलगाय के शावक को सुरक्षित रेस्क्यू कर वापस जंगल में छोड़ने की तैयारी में जुट गई है। वहीं वन विभाग ने लोगों से किसी भी जंगली जानवर के ऊपर हमला नहीं करने की अपील किया है।

## 46 विद्यालय स्वास्थ्य आरोग्य दूतों का प्रशिक्षण संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी के तत्वावधान में आयुष्मान भारत योजना के तहत 46 विद्यालय स्वास्थ्य आरोग्य दूतों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम प्राचार्य सह जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा अभिषेक बड़ाइक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज सी3 के प्रतिनिधियों और जिला साधनसेवियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों और इसके तहत संचालित गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। किशोरावस्था से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करते हुए इन विषयों को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया।

संस्थान की प्रभारी प्राचार्य, अमृता सिंहा ने समापन सत्र में आरोग्य दूतों को संबोधित करते हुए कहा कि वे विद्यालय स्तर पर इस कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायें। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण किशोर-किशोरियों को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और जीवन कौशल से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। प्रत्येक विद्यालय से एक पुरुष और एक महिला शिक्षक ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरावस्था में आने वाली चुनौतियों, जैसे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक बदलावों से निपटने की जानकारी देना था। इससे पहले सभी विद्यालयों के दो आरोग्य दूतों का प्रशिक्षण करवाया गया था। बाद में जेसीइआरटी के निर्देशानुसार उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से दो अतिरिक्त आरोग्य दूतों का चयन कर उनका भी प्रशिक्षण करवाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा बाल विवाह, स्वास्थ्य जीवनशैली, हिंसा और चोटों से सुरक्षा, इंटरनेट और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, दहेज प्रथा, मानव तस्करी, सड़क सुरक्षा, महावारी और प्रजनन स्वास्थ्य जैसे विषयों पर लघु नाटिकाएं प्रस्तुत की गयी। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत और प्रभावशाली बनाया।

## लोहरदगा टाउन हॉल में जनशिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा पुलिस की ओर से नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस की अनूठी पहल के अंतर्गत 22 जनवरी को सुबह 11 बजे से जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन नया नगर भवन, लोहरदगा में किया गया है। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हारिस बिन जमां द्वारा लोहरदगा जिला के आम नागरिकों से अपील की गयी है कि उक्त जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर 9470546635 पर या ई-मेल आईडी पर संपर्क किया जा सकता है।

## शाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने हिरनी फॉल और पंचघाघ का लुत्फ उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो।** कैरो छेत्र के नगजुआ स्थित शाइन पब्लिक स्कूल के 100 छात्र-छात्राओं को मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण सह पिकनिक पर ले जाया गया। उन्हें सड़क मार्ग खूंटी होते हुए झारखंड के गोद में स्थित खूबसूरत हिरनी जलप्रपात और पंचघाघ का भ्रमण कराया गया। जहां बच्चों ने झारखंड की खूबसूरत वादी को देखकर काफी खुश हुवे साथ ही नए साल के शुभ अवसर पर पिकनिक का जम कर आनंद लिए और सामूहिक भोज भी किये। इस बीच स्कूल के निदेशक माजीद आलम ने कहा कि छात्र-छात्राओं को विद्यालय के पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण भी बहुत जरूरी होता है। जिसके माध्यम से बच्चों का मानसिक विकास और तेजी से होता है। शैक्षणिक भ्रमण को अंतिम रूप देने में स्कूल के प्रधानाध्यापक फुलजेन सारस परवेज आलम और अरमान अंसारी का बहुत बड़ा भूमिका रहा। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक पिंकी सांगा, मनीषा लकड़ा, अमीषा लकड़ा, प्रीति खेस शिला एक्का, मिस सीमा सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# अब शहर को भी क्रिकेट कोचिंग अकादमी की आवश्यकता है : अरुणा

**प्रथम महापौर ने कहा कि बच्चों ने मेरे जन्मदिन को खास बना दिया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर में इलेवन फाइटर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित हिंदू एकता दल के सहयोग से शुरू हुए क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया। उद्घाटन करते हुए प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि क्रिकेट युवाओं का सबसे लोकप्रिय खेल है जिसकी लोकप्रियता विदेशों तक है और खासकर हमारे देश के कई खिलाड़ी इसी तरह छोटे शहर से मैच खेल कर देश और विदेश में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि आज क्रिकेट की दुनिया का सबसे बड़े सरताज में एक झारखंड के धोनी भी इसी पृष्ठभूमि से आगे बढ़े और कई बार डाल्टनगंज भी मैच खेलने आये जो हमारे शहर के लिए सौभाग्य की बात है। प्रथम महापौर ने कहा कि अब हमारा शहर धीरे-धीरे बड़े शहरों के तर्ज पर आगे बढ़ रहा है, यहां भी एक क्रिकेट कोचिंग अकादमी की आवश्यकता है। जहां हमारे शहर के युवा भी कोचिंग ले सके और हमारे शहर में डॉक्टर, इंजीनियर की तरह एक धोनी भी निकल सके। यह तभी संभव है, जब एक शानदार क्रिकेट कोचिंग अकादमी और अच्छा ट्रेनर उपलब्ध हो इसके लिए मैं प्रयास करूंगी। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष सनत गुप्ता, सोम गुप्ता, रोशन गुप्ता, सचिन गुप्ता और चंदू कमलापुरी ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर के जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर प्रारंभ की जिस पर प्रथम महापौर भावुक होते हुए कहा कि बच्चों ने मेरे जन्मदिन को खास बना दिया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, शैलू चंद्रवंशी, संजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, विजय, सलामुद्दीन, प्रदीप प्रसाद, राजू सोनी और दोनों टीम के कप्तान के अलावे काफी संख्या में लोग मौजूद थे।




# स्टेशन मास्टर की लापरवाही के कारण स्टॉपेज के बावजूद नहीं रुकी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन

**आरपीएफ ने अगले स्टेशन पर ट्रेन रुकवा कर यात्रियों को माल गाड़ी से भेज ट्रेन पकड़ाया**

**मामला बीड़ी सेक्शन के जपला स्टेशन का है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन संख्या 07108 का स्टॉपेज जपला रेलवे स्टेशन पर रहने के बावजूद स्टेशन मास्टर की लापरवाही के कारण ट्रेन मंगलवार को जपला स्टेशन पर नहीं रुकी। स्टेशन मास्टर की इस घोर लापरवाही के कारण बड़ा हादसा होने से इनकार नही किया जा सकता है। जबकि इसके पूर्व भी स्पेशल ट्रेन का ठहराव होते आ रहा है। ट्रेन का इंतेजार कर रहे यात्री आवाक रह गये, बाद में आरपीएफ और स्टेशन प्रबंधक ने सूचना देकर ट्रेन को कोसियारा रेलवे स्टेशन पर रुकवाया। यात्रियों को मालगाड़ी के गार्ड बोगी में सवार कर कोसियारा रेलवे स्टेशन भेज कर ट्रेन पकड़वाया गया। रेलवे की इस लापरवाही से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसे लेकर रेल प्रशासन के प्रति यात्रियों ने खासी नाराजगी जतायी। उक्त ट्रेन से रांची जाने वाले 48 यात्री जपला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतेजार कर रहे थे। प्लेटफार्म पर वह ट्रेन पर सवार होने के लिए खड़े थे। मगर उनकी आंखों के सामने से ट्रेन जपला रेलवे स्टेशन से पूरी स्पीड में गुजर गयी। यात्रियों ने तत्काल आरपीएफ पोस्ट जपला को सूचना दी। आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा ने स्टेशन प्रबंधक से मिलकर ट्रेन को कोसियारा रेलवे स्टेशन पर रुकवाया। सभी 48 यात्रियों को आरपीएफ ने माल गाड़ी की गार्ड बोगी में सवार कर कोशिआरा रेलवे स्टेशन पर उतार कर 3 महिला व 45 पुरुषों को कुंभ स्पेशल ट्रेन में 8:55 बजे सवार कराया। ट्रेन कोसियारा रेलवे स्टेशन से 9:03 बजे रवाना की गयी। यात्रियों ने बताया कि उक्त ट्रेन का निर्धारित समय जपला रेलवे स्टेशन पर सोमवार को 21:35 बजे था। ट्रेन को करीब 12 घंटे लेट मंगलवार सुबह 8:05 बजे पहुंचना था। मगर ट्रेन जपला रुकी ही नहीं। रेलवे की इस लापरवाही से यात्रियों में काफी नाराजगी है। उन्होंने रेलवे की इस लापरवाही की जांच करा कर दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।


मालगाड़ी के गार्ड बोगी में जाते यात्री।

# ऊहापोह की स्थिति से निकलने का मार्ग प्रशस्त करता है करियर काउंसलिंग : अविनाश देव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हिंडालको कठौतिया कोल माइंस के रेमेडियल (उपचारात्मक) 10वीं के बच्चे और लोहड़ा सूरत हाई स्कूल के बच्चों के साथ मिल कर हाई स्कूल के हॉल में कैरियर काउंसिल का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य वक्ता अविनाश देव शामिल हुए। हिंडालको कठौतिया कोल माइंस के सीएसआर सोवा रानी मोहंती ने अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। भारतीय सनातन संस्कृति के नियमानुसार दीप प्रज्वलन कर कैरियर काउंसलिंग कि शुरूआत की गयी। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि बच्चे जब मैट्रिक के बाद किशोरावस्था में प्रवेश करने लगते हैं तब उनके लंबी जिंदगी के कैरियर की चिंता होने लगती है और पढ़ाई के बल पर कुछ करना चाहते हैं किंतु जीवन की गाड़ी चौराहे पर फंस जाती है। ये बनेंगे वो बनेंगे यहां जायेंगे वहां जायेंगे पर दूर दूर तक मृगतृष्णा दिखाई देता है कुहासा छाया रहता है। ऐसी स्थिति से निबटने के लिए एक मार्ग दर्शक की जरूरत होती है और जीवन के मार्ग को प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि आप सबों को जो भी बनना है एक लक्ष्य तय कर लीजिए और आगे बढ़ जाए। बढ़ने के बाद आधा सड़क से वापस लौटेंगे तो पीछे से आती गाड़ी रौंद देगी। कोई भी काम छोटा नहीं होता मसला है ऊंचाई पर ले जाने की। सभी क्षेत्र में कैरियर है आप उसे बनाने में अपना उद्यम लगाएं। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रजेश कांत जेना डीएफओ पलामू टाइगर प्रोजेक्ट, शोभा रानी मोहंती सीएसआर हेड, दिव्या टोप्पो प्रधानाचार्य, प्रीति मेम और प्रोजेक्ट मैनेजर अजीत शुक्ल मौजूद थे।



# स्वास्थ्य मेला में 50 से अधिक लोगों का बना ऑनस्पॉट आयुष्मान कार्ड

**700 से अधिक मरीजों का हुआ जांच**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रखंड स्वास्थ्य मेला 2025 के तहत मंगलवार को नवाबाजार प्रखंड कार्यालय के समीप स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में 700 से अधिक मरीजों का जांच किया गया। पलामू के डीडीसी शब्बीर अहमद और सिविल सर्जन डॉ अनिल ने इस मेले में पहुंचकर आमजनों को दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान डीडीसी ने अपना बीपी व सुगर का जांच करा कर मेले में दी जा रही सुविधाओं का आकलन किया।

**मेले में लगाये गये थे 25 से अधिक काउंटर :** इस स्वास्थ्य मेले में आमजनों का के जांच हेतु 25 काउंटर बनाये गये थे। इन काउंटरों पर लोगों का टीबी, बीपी, सुगर, सिकल सेल एनीमिया, कुष्ठ, नेत्र जांच सहित अन्य प्रकार का जांच किया गया। इस दौरान 58 मरीज टीबी के पाये गये इसमें 10 नये मरीज थे जिनका आवश्यक प्राथमिक जांच किया गया एवं इन 10 मरीजों का बेहतर जांच हेतु डीएमसी में जांच की सलाह दी गयी। शेष टीबी के 48 पुराने मरीज जिनका इलाज जारी है उन्हें आवश्यकतानुसार दवाइयां प्रदान की गयी। इसी तरह 30 से अधिक लोगों की कुष्ठ की जांच की गयी।

इस मेले में 42 से अधिक प्रकार की दवाइयां उपलब्ध थी जिनका आमजनों के बीच वितरण किया गया। इस मेले में 50 से अधिक लोगों का ऑनस्पॉट आयुषमान कार्ड निर्गत किया गया। इस अवसर पर स्थानीय बीडीओ-सीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे।



## बराही धाम में भव्य भंडारे का आयोजन


प्रसाद वितरण करते संस्था के संयोजक।

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद क्षेत्र के चर्चित व सुप्रसिद्ध बराही धाम परिसर में मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इसके साथ ही भजन कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहा। इस दौरान शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक ने स्वयं सैकडों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मंगलवार को की जाने वाली हनुमानजी पूजा व प्रसाद ग्रहण से भक्तों को मनचाहा फल मिलता है और रोग-दोष से मुक्ति मिलती है। आर्थिक, मानसिक और शारीरिक परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में बजरंगबली की पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट का यह प्रयास है कि श्रद्धालुओं व प्रबुद्ध लोगों के सहयोग से बराही धाम धार्मिक दृष्टिकोण के साथ-साथ पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी हो। उन्होंने कहा कि बराही धाम में स्थापित 105 फिट की हनुमान जी की प्रतिमा धाम परिसर के विशेष महत्व को दर्शाता है।

## मध्य विद्यालय एकडरी में साइकिल का वितरण


साइकिल वितरण में उपस्थित पदाधिकारी , प्रधानाध्यापक और विद्यार्थी।

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी मंगलवार को छात्र-छात्राओं के बीच साइकल का वितरण किया गया। इस दौरान 2024-25 के लिए अनुसुचित जाति ,पिछडी जाती व अल्पसंख्यक समुदाय के 520 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी धमेन्द बैठा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम नरेश राम, पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान, प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को जागरूक करते हुए सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने पर चर्चा हुयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रशासन द्वारा अनुशंसित समाजसेवी गोरखनाथ पांडेय ने किया। यहां बताते चलें कि गोरखनाथ पांडेय ने बिश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में शिविर लगाकर मंईयां सम्मान योजना से वंचित महिलाओं का सैकड़ों आवेदन संग्रहित कर अंचल कार्यालय में जमा कराया था। जिसमें से 556 महिलाओं को योजना का लाभ मिलना भी शुरू हो गया है। योजना की लाभुक महिलाओं ने कार्यशाला में बिश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी को सम्मानित भी किया।

समाजसेवी गोरखनाथ पांडेय ने बताया कि बिश्रामपुर क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिये पिछले तीन दशक से प्रयासरत रहा हूं। इसके अलावा कई उल्लेखनीय समाजसेवार्थ कार्य भी किया हूं। जिसके लिये जिला प्रशासन द्वारा हमेशा सहयोग भी मिलता रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि आगे भी समाज को जागरूक करने का हमारा प्रयास जारी रहेगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।



आयोजित कार्यशाला में शामिल लोग।

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती 24 को मनायी जायेगी

**चैनपुर के टेंपो स्टैंड में स्थापित कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर पूर्वाह्न 9 बजे होगा माल्यार्पण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नाई महासभा की बैठक मेदिनीनगर के बस स्टैंड के समीप हुई। इसमें 24 जनवरी को भारत रत्न से सम्मानित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम पूर्वाह्न 9 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के तहत चैनपुर के टेम्पो स्टैंड में स्थापित भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किया जायेगा। इसके पूर्व नाई महासभा के सभी सदस्य शाहपुर के स्वामी विवेकानंद चौक से बाइक रैली के तहत चैनपुर पहुंचेंगे। बाइक रैली के दौरान यातायात नियमों का सख्ती से पालन किया जायेगा। नाई महासभा के अध्यक्ष धनंजय ठाकुर ने नाई समाज के साथ-साथ सभी लोगों से भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने हेतु संकल्प लेने की अपील की है। उन्होंने सभी आम व खास लोगों के साथ-साथ पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से माल्यार्पण कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। बैठक में उपाध्यक्ष मंजीत ठाकुर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, सचिव उपेंद्र ठाकुर, अनुज कुमार ठाकुर, मनोज ठाकुर, राजेश ठाकुर, बबलू ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, आदित्य ठाकुर, सत्य प्रकाश ठाकुर, दशरथ ठाकुर आदि उपस्थित थे।




## पिकअप-बाइक में हुई टक्कर, तीन घायल




**विश्रामपुर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर - रेहला मुख्य पथ पर बरवाडीह अमन पेट्रोल पम्प के पास मंगलवार को पिकअप व मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गये। घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां तीनों का इलाज चल रहा है। घायलों में जमड़िहा गांव निवासी संजीव कुमार मेहता, उसकी पत्नी ज्ञानती देवी व चंपा देवी का नाम शामिल है। संजीव कुमार मेहता की गंभीर स्थिति को देखते हुये प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया।

# द आर डेट कैफे का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेडिकल कॉलेज के सामने द आर डेट कैफे के दूसरा ब्रांच का उद्घाटन भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने फीता काट कर किया। मौके पर कैफे के संस्थापक उज्ज्वल सिन्हा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पहला ब्रांच के सफल होने पर दूसरा ब्रांच खोले है और उम्मीद है कि पहला ब्रांच की तरह यह भी उतना ही सफल होगा। उन्होंने बताया कि यहां पर शादी, पार्टी, बर्थडे, एनिवर्सरी जैसे मौके पर आप शहर से एकदम कम दर पे यहां बुकिंग करा सकते है। रामकृष्ण सेवा समिति के उपाध्यक्ष शुभम प्रसाद ने कहा कि यह कैफे आपको बिल्कुल अलग सुविधा प्रदान करती है जो कि बाकी शहर के होटल में ये सारी सर्विस नहीं मिलेगी। शहरवासियों को एक बार इसका आनंद जरूर लेना चाहिए। मौके पर शहर के ओर भी गणमान्य लोग उपस्थित थे। साथ ही सभी ने मिलकर वहां के स्वादिष्ट भोजन का भी आनंद उठाया और प्रशंसा की।

# पर्यावरण के प्रमुख अंग हैं युवा, खेल और कला संस्कृतिः डॉ कौशल किशोर

**पर्यावरणविद ने पौधा दान करने के उपरांत औपचारिक बैटिंग कर किया क्रिकेट मैच का शुभारंभ**

**छतरपुर की टीम ने चिरू को हराकर खिताब अपने नाम किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर प्रखंड के कोकरो में चल रहे मैच का समापन के मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने राष्ट्रीय गान के उद्घोष व पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के उपरांत बैटिंग कर क्रिकेट टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन किया। वहां उपस्थित लोगों को उन्होंने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि जीना है तो पौधा लगाकर अपने बच्चों की तरह बचाना ही होगा, नहीं तो डायनासोर की तरह मानव की जीवन लीला समाप्त हो जायेगी। क्योंकि पर्यावरण के अंग युवा, कला और संस्कृति है। इनकी सुरक्षा के लिए हर हाल में पौधरोपण करना होगा। क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला छत्तरपुर बनाम चीरू के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर छतरपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करके निर्धारित 12 ओवर में 121 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। वहीं जवाबी पारी में उतरी चीरू टीम मात्र 70 रन ही बना कर पूरी टीम ऑल आउट हो गयी। इस तरह फाइनल मैच छतरपुर की टीम ने अपने नाम किया। छतरपुर टीम के कप्तान छोटू विश्वकर्मा और चिरु के कप्तान नवीन और उप कप्तान महेंद्र की टीम को फाइनल मैच पर पहुंचने पर पर्यावरणविद ने दोनों टीमों को बधाई देते हुए कहा कि गांव की खिलाड़ियों को अपना प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने कहा कि जिस प्रकार जल के बिना मछली नहीं रह सकती उसी प्रकार मनुष्य हवा के बिना एक पल जीवित नहीं रह सकता। कोकरो क्रिकेट क्लब मैच के आयोजन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, सचिव, संदीप यादव, कोषाध्यक्ष गुड्डू पाल, चंचल सिंह अंपायर महेंद्र सिंह एवं छोटू कुमार स्कोरर मंटू सिंह और सरोज सिंह कमेटी के सदस्य जोगेंद्र कुमार सिंह, उमेश यादव, जमुना सिंह,डॉ बसंत यादव, कुलदीप सिंह,सुनील यादव, राजेश्वर, विजय सिंह, पप्पू, अनिल, सुनील, संदीप, नंदू, बाबूराम, नंदू विश्वकर्मा समेत क्षेत्र के काफी लोग उपस्थित थे।



विजेता उपविजेता को पौधा और ट्राफी देते पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल।

## सरस्वती पूजा मनाने को लेकर बैठक आयोजित


जेएन दीक्षित छात्रावास में सरस्वती पूजा को लेकर बैठक करते छात्र।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के बारालोटा स्थित जीएलए कॉलेज के अंतर्गत संचालित जेएन दीक्षित छात्रावास में मंगलवार को छात्रावास के छात्रों के बीच बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगों ने सरस्वती पूजा महोत्सव 2025 को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में पूजा को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु कमिटी गठित किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से रंजन कुमार यादव को अध्यक्ष, सचिव राजू कुमार, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार ठाकुर, सतीश कुमार, सफाई मंत्री राहुल कुमार, गुड्डू कुमार, प्रसाद वितरण के लिए रमेश कुमार, पप्पू कुमार, मुन्ना कुमार, धीरज यादव को जिम्मेवारी दी गयी। बैठक में छात्रावास के दर्जनों छात्र उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 22 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# दो छात्रों पर नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** शहर के एक प्लस टू कॉलेज की नाबालिग छात्रा के साथ उसके स्कूल के ही दो छात्रों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इसके बाद परिजन छात्रा को लेकर मंगलवार की शाम 5 बजे गुमला थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज करायी है। जानकारी के मुताबिक सोमवार दिन के 2 बजे विद्यालय छुट्टी होने के बाद छात्रा अपने घर जा रही थी। तभी दोनों लड़के स्कूटी से उसके पास पहुंचे और घर पहुंचाने की बात कही। एक ही कक्षा में पढ़ने के कारण छात्रा उनके स्कूटी में बैठ गई। छात्रा को लेकर बरिसा टोंगरी की ओर ले गए। इस बीच छात्रा काफी विरोध की लेकिन तेज रफ्तार और सुनसान जगह होने के कारण तेजी से उसे लेकर टोंगरी की ओर ले गये। जहां बारी-बारी से दोनों ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। जिसके बाद शाम को उसे घर के समीप लाकर छोड़ दिया। घटना की जानकारी छात्रा ने अपने परिजनों को दी। इसके बाद मंगलवार को परिजन छात्रा को लेकर सदर थाना पहुंचे। और लिखित रिपोर्ट दर्ज करायी। बताया कि दोनों सहपाठी हैं और एक ही कक्षा में पढ़ाई करते हैं। जबकि एक अन्य छात्र उसी विद्यालय में पढ़ाई करता है। एक छात्र बालिग है जबकि दूसरा छात्र नाबालिग है। जान पहचान और एक ही क्लास में पढ़ाई साथ में करने के कारण छात्रा उनके साथ चली गयी। सदर थाना में आवेदन के बाद पुलिस आगे कार्रवाई में जुट गयी है।

## अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक

# आपसी समझौते से विवाद के समाधान का होगा प्रयास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** शांति-सौहार्द्र का दूत कहे जाने वाले गुमला में विभिन्न समुदायों के अगुवाओं ने एक बार फिर आपस में मेल मिलाप से रहने, और सामूदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को चिन्हित कर उन्हें सजा दिलाने का प्रण लिया। अनुमंडल पदाधिकारी गुमला की अध्यक्षता में मंगलवार को गुमला शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमे शांति सौहार्द उन्मुखी का नाम देकर गुमला जिला में हिन्दू मुस्लिम सौहार्द को मजबूत करने पर चर्चा की गयी। कुछ युवाओं द्वारा आये दिन सोशल मीडिया में ऐसी सामग्री पोस्ट कर दी जाती है जिससे विभिन्न वर्गो में कटुता उत्पन्न हो



जाती है। इस सम्बंध में दोनों समुदायों के बुद्धिजीवियों ने जिला प्रशासन को आश्वस्त किया कि आगे इन सब घटनाओं में पैनी नजर रखी जायेगी और अगर किसी घटना को लेकर कोई सूचना प्राप्त होती है तब पहले दोनो समुदायों के लोग आपस में बैठकर इसका निदान करेंगे, ताकि प्रशासन को अनावश्यक परेशान नही होना पड़े। साथ ही शहर में नशा की तस्करी को रोकने के लिए समाजिक स्तर से भी जिला प्रशासन को सहयोग किए जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला ने जिला शांति समिति के लोगों को आश्वस्त किया कि किसी भी अपराध के लिए आम जन पुलिस को सूचना दें, उसकी गोपनीयता बरती जायेगी। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी गुमला के द्वारा बताया गया कि जिला प्रशासन और शांति समिति के सदस्यों के बीच हमेशा संपर्क बना रहे इसके लिए महीने डेढ़ महीने में कम से कम एक बार शांति समिति की बैठक आहूत की जायेगी। बैठक में मुख्य रुप से अंचल अधिकारी गुमला सदर, प्रखंड विकास पदाधिकारी गुमला सदर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गुमला, थाना प्रभारी गुमला, चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह, रमेश चीनी, अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट के सदर मिन्हाजुद्दीन खान, प्रवक्ता अधिवक्ता खुर्शीद आलम, अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, निर्मल गोयल, दामोदर कसेरा, संजीव उर्वशी, शशि प्रिया बंटी, राजेंद्र प्रसाद आदि शामिल थे।

# एसएस प्लस टू कॉलेज में नौकरी दिलवाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये की ठगी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के जौनपुर निवासी एक महिला से एस एस प्लस टू कॉलेज गुमला में नौकरी दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये की ठगी कर ली गयी है। मामले को लेकर सोमवार की शाम 5 बजे महिला गुमला थाना पहुंची और मामले की रिपोर्ट सौंपी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 15 मई 2024 को रांची जिला के कांके थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधीनगर कांके निवासी मोहम्मद रमीज राजा नामक युवक रांची के वरिष्ठ कांग्रेस महासचिव महेश कुमार मनीष के नाम पर नौकरी लगाने को लेकर झांसे में ले लिया। आरोपी ने महिला को बताया की मेरा भाई कांग्रेस का बहुत बड़ा नेता है। जिसका बड़े-बड़े लोगों के साथ उठना बैठना और संपर्क भी है। वही वह उसे कई बड़े-बड़े नेताओं के साथ खींचे गए फोटो को भी भेजा जबकि वह कांके के एक अस्पताल में काम करता है। उसने अपने काम करने का फोटो भी भेजा। इसके बाद महिला उसके बातों में आ गई और गूगल पे के माध्यम से अलग-अलग तिथियां में उसे कुल 1 लाख 50 हजार रुपया पैसा ट्रांसफर कर दी। वही उसने महिला का डॉक्यूमेंट भी व्हाट्स अप पर मांगा लिया। कुछ दिनों बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के नाम पर फिर से?15 हजार की मांग करने लगा। लेकिन इसी बीच महिला को ठगी होने के एहसास होने लगा। तब महिला उससे पैसा वापसी की मांग करने लगी जिसके बाद युवक उसे पैसा वापस करने की बात कहने लगा। साथ ही कई बहाने भी करने लगा। इसके बाद महिला ने गुमला थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। बावजूद युवक पैसा देने का नाम नहीं ले रहा है।

# स्टेकहोल्डर्स कार्यशाला केओ कॉलेज में संपन्न



**गुमला (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय स्टेकहोल्डर्स कार्यशाला आज के ओ कॉलेज गुमला के कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुआ। कार्यशाला का आयोजन जिला तंबाकू नियंत्रण इकाई, गुमला,जिला स्वास्थ्य,सोसाइटी एवं आइक्यूएसी, केओ कॉलेज, गुमला, के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अथिति कॉलेज, की प्राचार्य डाक्टर शमशन नेहार रही। जिला तमबाकू नियंत्रण कार्यक्रम इकाई की ओर से श्रीमती बंदना ,सुमन , स्मिता एवं संतोष ने छोटे छोटे विडियोज के माध्यम से तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। वंदना ने बताया कि जागरूकता के द्वारा और आपूर्ति में कमी लाकर तम्बाकू में नियंत्रण पाया जा सकता। बड़े बुजुर्ग को देख कर बच्चे टोबैको के लत में पड़ जाते है। इसके अलावे समूह के दबाव आदि से लत में आ जाते हैं। सबसे अधिक नुकसान निकोटिन से होता है। नशा नहीं लेने से कई तरह की शारीरिक परेशानियां उत्पन्न हो जाती हैं। इस अवसर पर के ओ कॉलेज गुमला एवं बी एड कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर संजय भोक्ता, डॉ अमित कुमार,डॉ प्रसंजित मुखर्जी,डॉ तेतरू तिर्की डॉ तेतरू उरांव, डॉ राकेश, डॉ सिलास, डॉ अजीत हांसदा, डॉ हांसदा,नीलम कुमारी एवं अन्य दूसरे शिक्षक उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर डीडीसी ने की समीक्षात्मक बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर समाहर्ता गुमला, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी कार्यक्रम की तैयारी हेतु सौंपी जा रहे कार्यों को समय पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुख्य समारोह स्थल पर सभी विभाग के तरफ से झांकी प्रस्तुत किए जाएंगे इसके निमित सभी विभाग अपने तैयारियां ससमय पूर्ण कर लेंगे। इस दौरान आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। मुख्य समारोह स्थल की साफ-सफाई, समारोह स्थल पर पेयजल एवं चलंत शौचालय की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य समारोह स्थल तथा शहर के मुख्य चौक-चराह साफ-सफाई तथा सजो-सज्जा संबंधित कार्यों के लिए निदेशित किया गया।

# घाघरा में थाना दिवस का आयोजन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। सीईओ आशीष कुमार मंडल व थानेदार तरुण कुमार मौजूद रहे। इस दौरान कई मामले आए जिसका ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। सीओ ने बताया कि कुल 7 मामले थाना दिवस में आए जिसमें पांच का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं दो मामलों पर संबंधित कर्मचारियों को जांच के लिए निर्देश दिया गया है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा है कि थाना दिवस के दिन आकर अपनी समस्याओं को रखें निश्चित तौर पर समस्या का समाधान किया जाएगा। जमीन से संबंधित मामले हो या कोई भी मामला कानून को अपने हाथों में ना ले हर समस्या का समाधान किया जाएगा। यहां बता दें कि जब से थाना दिवस प्रारंभ हुआ है तब से कई ऐसे मामले को ले कर लोग लंबे समय से न्यायालय के चक्कर लगा रहे थे वैसे मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन हो रहा है।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के लिए उपायुक्त ने दिये आवश्यक निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिले में आगामी 11 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक और इंटर की जैक बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के मद्देनजर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, शिक्षा विभाग के बीईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। उपायुक्त ने कहा कि जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों के बेहतर प्रदर्शन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत विद्यालयों की निगरानी, शिक्षकों के कोर ग्रुप द्वारा महत्वपूर्ण प्रश्नों का चयन एवं प्रेषण, प्रीबोर्ड टेस्ट, हॉलिडे असाइनमेंट, सिलेबस रिवीजन, मॉडल प्रश्नों के अभ्यास, शिक्षक-अभिभावक बैठक और रेमेडियल कक्षाओं जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सभी शिक्षकों और संबंधित अधिकारियों को छात्रों की तैयारियों को लेकर प्रोत्साहित करने और मार्गदर्शन प्रदान करने की अपील की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी शिक्षक कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान दें और उनकी जरूरतों के अनुसार अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराएं। छात्रों को महत्वपूर्ण प्रश्नों का अधिक अभ्यास कराने और उनकी शंकाओं का समाधान करने के लिए टेलीफोन और व्हाट्सएप जैसे माध्यमों का उपयोग करने का सुझाव दिया गया। उपायुक्त ने परीक्षा के दौरान छात्रों को आत्मविश्वास और मानसिक रूप से तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने परीक्षा के लिए समय-प्रबंधन, नियमित अभ्यास और सही रणनीति अपनाने पर जोर देते हुए शिक्षकों को छात्रों को प्रोत्साहित करने को कहा।

# चैनपुर में जनप्रतिनिधियों और प्रशासन ने लिया टीबी उन्मूलन का संकल्प



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में 100 दिन टीबी मुक्त अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने की, जिसमें जनप्रतिनिधियों और प्रखंड प्रशासनिक अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार, गांव, पंचायत, और जिले से टीबी को पूरी तरह समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, बेंदोरा मुखिया सुशील दीपक मिंज, बीपीएम अब्दुल सलीम सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला यक्ष्मा केंद्र के चैनपुर प्रखंड के एसटीएस रणधीर ने सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के तहत चलाए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी को प्रधानमंत्री पोषण निक्षय मित्र बनने और अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने का आग्रह किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने टीबी उन्मूलन के लिए एसटीएस टीम की सराहना करते हुए सभी से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। वहीं, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने कहा कि इस मिशन को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि प्रखंड प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और जनप्रतिनिधि मिलकर चैनपुर को स्वस्थ और टीबी मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

# सिसई में बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** मंगलवार को सुबह 07:00 बजे थाना प्रभारी सिसई, पुलिस बल एवं खनन विभाग की टीम द्वारा सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजा-नागफेनी में नागफेनी पुल सूर्य मंदिर के पास अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन की जांच की गयी।

जांच के दौरान पाया गया कि तीन ट्रैक्टर नदी से अवैध रूप से बालू निकालने में लगे हुए थे। पुलिस और खनन टीम को आते देख तीनों ट्रैक्टर के चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गये। मौके पर तीनों ट्रैक्टर का निरीक्षण किया गया और उन पर लदे बालू के संबंध में कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। तीनों ट्रैक्टर को विधिवत जप्त कर सिसई थाना लाया गया।

इसके अतिरिक्त, इसी दिन सुबह 10:00 बजे, बुड़का गांव के पास एक अन्य ट्रैक्टर को बालू लदे हुए पाया गया। चालक पुलिस को देखकर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। जांच के दौरान ट्रैक्टर पर लगभग 100 घनफीट बालू लदा पाया गया, जिसके वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। इस ट्रैक्टर को भी विधिवत जप्त कर थाना लाया गया। अवैध बालू उत्खनन और परिवहन न केवल राष्ट्रीय संपत्ति की हानि करता है, बल्कि यह सरकारी राजस्व की भी चोरी है। यह खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 और झारखंड लघु खनिज नियमावली, 2004 के प्रावधानों का उल्लंघन है। इन गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गयी है। जिला प्रशासन यह स्पष्ट करता है कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन में शामिल व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम जनता से अनुरोध है कि ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। जिले वासियों को सूचित किया जाता है कि अवैध खनन की शिकायत के लिए जिला खनन विभाग द्वारा जारी किए गए नंबर 9934887613 पर अपनी शिकायतों को साझा करें। जानकारी देने वाले की पहचान पूर्ण रूप से गुप्त रखी जायेगी।

# बेंदोरा में हाथियों दो घरों को तोड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर क्षेत्र के बेंदोरा गांव में जंगली हाथी ने सोमवार की सुबह 5:00 बजे तक उत्पादन मचाते हुए दो घरों को ध्वस्त कर दिया वही फसलों को भी नुकसान पहुंचा है प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार आधी रात की करीब एक जंगली हाथी बेंदोरा गांव में प्रवेश कर किसान किशुन महतो के घर को ध्वस्त कर दिया वहीं घर में रखे अनाज को भी चट कर गया किसान किशुन महतो ने बताया कि घर ध्वस्त होने से मलबे में दबकर कई घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी के मुताबिक करीब एक घंटा उत्पाद मचाने के बाद हाथी किरतो डैम के पास किसान विनय भगत के घर पर हमला कर दिया जिससे डरकर किसान विनय भगत ने अपने पूरे परिवार के साथ घर से भाग कर अपनी जान बचायी। किसान ने बताया कि हाथी ने उसके घर को घूम-घूम कर कई ओर से ढाह दिया और घर में रखे 5 कुंटल अनाज को चट कर गया इसके बाद घर के पास के ही खेत में लगी सब्जी की फसल को रौंद कर पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। रात भर उत्पाद मचाने के बाद सोमवार की सुबह लगभग 5:00 बजे हाथी जंगल की ओर चला गया। इस घटना से ग्रामीण काफी डरे सहमे हैं और वन विभाग से सुरक्षा की मांग की है हालांकि वनकर्मी मौके पर पहुंचकर पीड़ित किसानों के घरों का अवलोकन कर उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा देने का आश्वासन दिया है।

# अतिक्रमण हटाने का इंतजार ना करें अपने से अतिक्रमण हटायें : सीओ



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में व्यापारियों से बैठक सीओ आशीष कुमार मंडल की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक में अतिक्रमण को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान सीओ ने कहा जितने भी लोग अतिक्रमण किये हैं उन सभी को नोटिस भेज दिया गया है। प्रशासन को अतिक्रमण हटाने का इंतजार ना करे अपने से अतिक्रमण हटाए। यदि प्रशासन अतिक्रमण हटाती है तो कई तरह की परेशानी उठानी होगी प्राथमिक की दर्ज से लेकर जेसीबी का चार्ज तक देना होगा। साथ ही उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा है की ऑटो स्टैंड व बस स्टैंड के लिए जगह चिन्हित करे ताकि सड़क में वाहन खड़ा ना हो, दुकान के समान को बाहर निकाल कर ना रखे। साथ ही सीओ ने व्यापारियों से यह भी कहा कि अपने दुकान में अच्छे क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा लगाए ताकि दुकान से लेकर हर चीज सुरक्षित रह सके, चांदनी चौक में सड़क के किनारे सीएसआर मद से पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। व्यापारियों ने कहा हम सभी मिलकर खुद से अतिक्रमण हटायेंगे और लोगों से आग्रह भी करेंगे, ऑटो स्टैंड व बस स्टैंड के लिए जगह का भी चयन करके सूचित किया जाएगा, सड़क सुरक्षा के लिए हम सभी व्यापारी सजग है। व्यापारियों ने चांदनी चौक में एक स्ट्रीट लाइट का भी मांग किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से सीओ आशीष कुमार मंडल, थानेदार तरुण कुमार, नीरज जायसवाल, रूपेश साहू, पीनू साहू, अरविंद जायसवाल, मनोहर जायसवाल, पंकज साहू, सोला सिंह, जितेंद्र यादव, अजय गुप्ता, बीरबल उरांव, बलराम साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

# झारखंड की चार लड़कियों का इंडिया अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम में चयन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची की दिव्यानी लिंडा सहित झारखंड की 4 लड़कियों का चयन इंडिया अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के लिए किया गया है। दिव्यानी के अलावा, गुमला से अनिता और सूरजमनी कुमारी तथा हजारीबाग से अनुष्का कुमारी का चयन हुआ है। टीम में दिव्यानी लिंडा का चयन देश के लिए गर्व की बात है। वह एक गरीब परिवार से आती हैं और अब देश की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में अपनी जगह बनायेंगी। दिव्यानी लिंडा के चयन पर रांची के सांसद संजय सेठ, स्टार वारियर्स के संरक्षक और समाजसेवी जगदीश सिंह जग्गू, डॉ शाहनवाज कुरैशी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है और उनकी सफलता की कामना की है।

# गुमला में आज से क्रिकेट टूर्नामेंट का होगा आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार से जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19प्लेट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा। पूर्वाहन नौ बजे से आरंभ उद्घाटन मुकाबले में दुमका व चतरा जिले की टीम आमने -सामने होंगी। गुमला राज्य स्तरीय क्रिकेट मुकाबले की मेजबानी कर रहा हैं। एक फरवरी तक चलने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट में दुमका, चतरा, गिरिडीह, गढ़वा, सरायकेला-खरसावां सहित अलग -अलग आयोजन स्थल मे टॉप की दो टीमें अपने सुपर डिवीजन के मैच गुमला के मैदान में खेलेंगे। जेएससीए में गुमला में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय क्रिकेट मैचों के सफल संचालन को लेकर टीआरडीओ राजेश झा, अंपायर रमेश कुमार व प्रशांत कुमार, स्कोरर शशिभूषण मिश्रा व एल ओ अवधेश कश्यप की प्रतिनियुक्ति की हैं।

# समावेशी शिक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गयी, जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रियश्री भगत और अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और मोमेंटो देकर किया गया।

कार्यशाला में झारखंड शिक्षा परियोजना के समावेशी शिक्षा प्रभाग की प्रभारी डॉ. मीतू सिन्हा ने समावेशी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ समावेशी तरीके से शिक्षा प्रदान करना आवश्यक है।

कार्यशाला के दौरान दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों और ऐसे बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गयी। चर्चा सत्र में शिक्षक उदय कुमार, अरविंद तिवारी, सुंदरम भारद्वाज और बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने सक्रिय भागीदारी की। मंच का संचालन ओमप्रकाश दास द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक और क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के अलावा जिले के सभी बीइइओ, एपीओ, बीपीओ, बीआरपी, डायट के संकाय सदस्य, समावेशी शिक्षा में कार्यरत थेरेपिस्ट, रिसोर्स शिक्षक तथा गुमला, सिसई, भरनो और रायडीह प्रखंडों के प्राथमिक शिक्षक उपस्थित थे। यह कार्यशाला समावेशी शिक्षा की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, जिससे सभी बच्चों को समान अवसर और बेहतर शिक्षा का वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

# मधुबन घटना मामले में अभियुक्त शेख मोबिन हथियार के साथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मधुबन घटना मामले में पुलिस को एक और कामयाबी मिली है। नामजद अभियुक्त शेख मोबिन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शेख मोबिन हथियार के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया है। उसके पास से एक देसी पिस्टल और चार गोली बरामद हुआ है। ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेस में जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार शेख मोबिन शेख डब्लू गुट का सदस्य है। डीएसपी ने बताया कि अभी तक मधुबन घटना मामले में 19 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 70 से 80 नामजद अभियुक्त और अप्राथमिक अभियुक्तों की पुलिस को अभी भी तलाश है और लगातार छापामारी जारी है। मधुबन कांड में अबतक कुल 12 एफआइआर दर्ज चुका है। बता दें कि मधुबन की घटना 9 जनवरी की है। धमाबांध ओपी और मधुबन थाना अंतर्गत वर्चस्व को लेकर बम-बाजी, गोली-बारी आगजनी और बाघमारा एसडीपीओ पर पथराव किया गया था।




# महेंद्र हत्याकांड में सीबीआइ को गवाह पेश करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** महेंद्र हत्याकांड में सीबीआइ को गवाह पेश करने का आदेश, माले विधायक महेंद्र सिंह हत्याकांड की सुनवाई सोमवार को सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में हुई। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये घाघीडीह जमशेदपुर जेल में बंद हार्डकोर नक्सली रमेश मंडल उर्फ साकिन दा को अदालत में पेश किया गया। जबकि अन्य आरोपी कुणाल कौशल उर्फ जयंत अदालत में हाजिर नहीं थे। उनकी ओर से उनके अधिवक्ता ने प्रतिनिधित्व आवेदन दायर किया। केस अभिलेख साक्ष्य पर निर्धारित था, लेकिन सीबीआइ गवाह पेश नहीं कर सकी। अदालत ने सीबीआइ को गवाह पेश करने का आदेश देते हुए सुनवाइ की अगली तारीख 21 जनवरी 2025 निर्धारित कर दी।

**पूर्व सांसद ददई दुबे मामले में नहीं हो सका सफाई बयान दर्ज**

आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले की सुनवाइ सोमवार को एमपी एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत में हुई। केस अभिलेख पिछले दो तारीखों से आरोपियों का सफाई बयान दर्ज करने के लिए निर्धारित था, लेकिन आज अदालत में धनबाद के पूर्व सांसद ददई दुबे और नितेश कुमार सिंह हाजिर नहीं हुए। इस कारण आरोपियों का सफाई बयान दर्ज नहीं हो सका। अदालत ने आरोपियों के सफाई बयान के लिए अगली तारीख पांच फरवरी 2025 निर्धारित कर दी. बता दें कि 20 अप्रैल 2014 को निरसा के अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार लायक ने चिरकुंडा थाने में ददइ दुबे और नितेश कुमार सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने 20 नवंबर 2014 को दोनों आरोपियों के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र समर्पित किया था।

**नन्हे हत्याकांड, अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश**

जमीन कारोबारी नन्हे खान की सरेआम हत्या करने के मामले में सोमवार को जिला और सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार की अदालत में अभियोजन ने सीएफएल रिपोर्ट को पेश की। अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश देते हुए 21 जनवरी 2025 की तारीख निर्धारित की है। प्रिंस की मां नासरीन खातून की ओर से अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट ने प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया था।

# भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा का अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की मंगलवार को सरायढेला रोड, पीके रॉय कॉलेज के समीप, वीर कुंवर सिंह नगर के गेट पर प्रतिमा का अनावरण काफी भव्य तरीके से हुआ। सबसे पहले समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पीएन सिंह के हाथों दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच पर मुख्य अतिथि के अलावे विधायक राज सिन्हा, विधायक रागिनी सिंह, विधायक श्वेता सिंह, विधायक श्रेयसी सिंह, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, अनुपमा सिंह, उदय प्रताप सिंह, अमरेश सिंह समेत कई गणमान्य मंचासीन हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पीएन सिंह ने कहा कि प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक और अन्याय विरोधी और स्वतंत्रता प्रेमी बाबू कुंवर सिंह कुशल सेना नायक थे।

बता दें कि धनबाद के वीर कुंवर सिंह नगर में इस प्रतिमा को स्थापित करने में वीर कुंवर सिंह नगर वासियों के सहयोग से किया गया है। करीब 35 वर्षों से कॉलोनी वासियों का एक सपना था, कि इस कॉलोनी के मुख्य द्वार पर एक वीर कुंवर सिंह की आदमकद प्रतिमा की स्थापना हो जिसे आज वह पूरा हुआ। इसमें मुख्य रूप से अरविंद सिंह, उमेश सिंह ,नागेश्वर सिंह, प्रेम सिंह, विजय दुबे, रासबिहारी सिंह, समरजीत सिंह, अरविंद सिंह सिंह बबलू सिंह विनय सिंह, देव बहादुर सिंह, संजय सिंह, संजीत सिंह सहित तमाम कॉलोनी वासियों का सहयोग रहा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा में वातानुकूलित कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन



**कथारा (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा के जूनियर विंग के लिए कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया। वातानुकूलित कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन झारखंड जोन-जी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह उक्त विद्यालय के प्राचार्य बिपिन राय ने किया। प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान युग में शिक्षा के नये तकनीक से कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए। कंप्यूटर का प्रायोगिक ज्ञान आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। बच्चों को इसमें कुशल बनाना शिक्षा का एक अहम उद्देश्य है। नवनिर्मित कंप्यूटर कक्ष में 20 कंप्यूटरों की व्यवस्था है जिससे विद्यार्थी आसानी से प्रायोगिक ज्ञान ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रंजीत कुमार सिंह, जूनियर विंग की वरीय शिक्षिका सुजला, कंप्यूटर शिक्षिका कुमारी ज्योति, रिया सरकार, रंजीता सिंह, रंजीत घोष, रिया सिन्हा, वंदना कुमारी, मंजूश्री, पूजा सिंह, पूजा भारती, गुंजन कुमारी, सोनाली सिंह, केके पांडेय सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूदगी रही।

# कोल इंडिया के चेयरमैन ने अनिल बांसफोर को सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मंगलवार को अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष सह मुख्य प्रशिक्षक अनिल बांसफोर ने जानकारी देते हुए कहा कि कोलकाता स्थित कोल इंडिया के मुख्यालय में चेयरमैन पीएम प्रसाद ने अंबेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष अनिल बांसफोर को सम्मानित किया। वहीं अनिल बांसफोर ने अपने अंतरराष्ट्रीय प्रमाण पत्र जो उन्हें हांगकांग में एमेचर शटलकोक खेल के अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में मिला था। उसे अध्यक्ष को दिखाते हुए उनका आशीर्वाद लिया और संस्था के क्रियाकलापों के साथ वर्ष 2025 के अप्रैल माह में आयोजित होने वाले अंबेडकर खेल महोत्सव की जानकारी दी। कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने इस अवसर पर भरोसा देते हुए कहा कि मैं अंबेडकर स्कूल मार्शल आर्ट्स के लिए हर संभव सहायता करूंगा।

उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष बीसीसीएल द्वारा 26 जनवरी के आयोजन में भी आप उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे ऐसा विश्वास है क्योंकि मैं जब धनबाद में था तो आपकी संस्था ने कई यादगार कार्यक्रम किया, जिसका मैं साक्षी रहा हूं। इस अवसर पर बीसीसीएल के पूर्व टेक्निकल डायरेक्टर चंचल गोस्वामी और अंबेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के टेक्निकल डायरेक्टर अदनान मुस्तफा कुदूषी उपस्थित थे।

# हाइकोर्ट ने बीसीसीएल पर लगाया दो लाख का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड हाइकोर्ट ने सुनील एंड कंपनी को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा ब्लैकलिस्टेड किये जाने कि चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई की। बीसीसीएल ने 19 जनवरी 2015 को सुनील एंड कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के अपने पूर्व के आदेश को बरकार रखा था। हाइ कोर्ट ने आदेश देते हुए बीसीसीएल के इस आदेश को निरस्त करते हुए बीसीसीएल पर दो लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। हाइकोर्ट ने कहा कि बीसीसीएल का 19 जनवरी 2015 के आदेश आधारहीन और तथ्य से परे है। यह पूरी तरह पुलिस की प्राथमिकी के आधार पर है। बीसीसीएल ने इस मामले में अपने स्तर पर कोई जांच नहीं की है। जिससे इस



कंपनी को 12 साल तक ब्लैक लिस्ट की सूची में रहना पड़ा। दरसल सुनील एंड कंपनी ने बीसीसीएल की ओर से वर्ष 2012 में धनबाद के गजलीटांग से मुनिडीह वासरी में कोयला ट्रांसपोर्टिंग का काम मिला था। 30 जून 2012 को सुनील एंड कंपनी पर अवैध रूप से कोयला ट्रांसपोर्टिंग ओर कोयला बेचने का आरोप लगाया गया था। जिसे लेकर पुलिस की ओर से 1 जुलाई 2012 को धनबाद के गोविंदपुर थाना में दर्ज किया गया था। इस प्राथमिकी के आधार पर जुलाई 2012 को बीसीसीएल ने अनिश्चित कालीन के लिए सुनील एंड कंपनी को ब्लैक लिस्ट सूची में डाल दिया था। जिसे सुनील एंड कंपनी ने हाइ कोर्ट में चुनौती दी थी, हाईकोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुनील एंड कंपनी को ब्लैक लिस्ट सूची से नाम हटाने के संबंध में पुनः आदेश पारित करने का आदेश बीसीसीएल को दिया था। आदेश करते हुए 19 जनवरी 2015 को कंपनी को ब्लैक लिस्ट में डालने के अपने पूर्व के आदेश को बरकार रखा था। जिसपर सुनील एंड कंपनी ने चुनौती देते हुए हाइकोर्ट में दोबारा आचिका दायर की थी। जिस पर हाइकोर्ट ने बीसीसीएल पर दो लाख रुपये जुमार्ना लगाते हुए सुनील एंड कंपनी के पक्ष में फैसला दिया।

# सियारी पंचायत के मुखिया ने किया स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन



**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सियारी पंचायत में ओएनजीसी सीएसआर की ओर से 70 सोलर स्ट्रीट लाइट लगायी जा रही है। जिसमें से एक सोलर लाइट का उद्घाटन पंचायत के मुखिया राम वृक्ष मुर्मू ने किया। इस दौरान रामवृक्ष मुर्मू ने कहा कि ओएनजीसी की ओर से उठाया गया कदम सराहनीय है। और कहा कि रात के अंधेरे में हमेशा जंगली जानवरों का भय बना रहता था, स्ट्रीट लाइट लग जाने से चारों ओर रोशनी रहेगी और अब जंगली जानवरों का खतरा कम होगा। गांव में चारों ओर रोशनी होगी जिससे लोगों को सहूलियत होगी। वह स्ट्रीट लाइट लगाने वाली संस्था सीएसपीआर ने जानकारी देते हुए कहा कि हजारी पंचायत में भी उन्होंने सत्तर लाइट लगाकर काम को पूरा कर दिया गया है, और अब सियारी पंचायत में भी सत्तर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम करेगी।

# असर्फी हॉस्पिटल ने मनाया अपना 17वां स्थापना दिवस



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** असर्फी हॉस्पिटल ने आज अपने 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशेष पूजन का आयोजन किया, जिसमें हॉस्पिटल के सभी कर्मचारी और डॉक्टरों ने भाग लिया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, अस्पताल ने अपने पिछले 17 वर्षों में किये गये महत्वपूर्ण कार्यों और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अपने योगदान को रेखांकित किया। समारोह की शुरूआत गणेश पूजन और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों से हुई, जिसमें अस्पताल के निदेशक और प्रमुख डॉक्टरों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, हमारे लिए यह यात्रा बेहद प्रेरणादायक रही है। 17 वर्षों में, असर्फी हॉस्पिटल ने न केवल उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवा प्रदान की है, बल्कि मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और देखभाल को भी साबित किया है। प्रबंधन ने बताया कि अस्पताल आगे भी न सिर्फ उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए कई पहल करेगा। इसमें विभिन्न कैंप्स, मुफ्त चिकित्सा जांच कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। स्थापना दिवस के इस खास दिन पर, अस्पताल ने अपने कर्मचारियों और डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने समर्पण और कड़ी मेहनत से अस्पताल को एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र बनाने में मदद की है।

# छात्रों की समस्याओं को लेकर एनएसयूआइ के प्रतिनिधि ने डीएसडब्ल्यू से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को एनएसयूआइ छात्र प्रतिनिधि जय प्रकाश सिंह ने छात्रों की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए डीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी से मुलाकात की। सत्र 2023-2025 के लिए सेमेस्टर 3 की बाहरी परीक्षा की अस्थायी तिथि 8 फरवरी है, वार्ता के उपरांत विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा यह आश्वस्त करवाया गया कि फरवरी के अंतिम सप्ताह तक उसका एक्सटर्नल परीक्षा



लिया जायेगा। सत्र 2023-25 के लिए अर्थशास्त्र पीजी विभाग में शिक्षकों की नियुक्ति में तेजी लायी जानी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि छात्रों को नियमित कक्षाएं और अध्ययन सामग्री प्राप्त हो, जिससे वे अपनी परीक्षाओं की अच्छी तरह से तैयारी कर सकें। बीबीएमकेयू की डीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी ने सभी चिंताओं को सुना और स्वीकार किया, आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जायेगा।

# हिंसक झड़प मामले को लेकर सांसद ने डीसी से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी बाघमारा मधुबन ओपी के हिलटॉप आउटसोर्सिंग में हिंसक झड़प को लेकर आज समाहरणालय पहुंचे और उपायुक्त से कि मुलाकात। जिसके बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि हिलटॉप आउटसोर्सिंग की घटना बीसीसीएल एरिया 3 के प्रबंधक की देन है। स्थानीय रैयतों की मांग को अनदेखा किया गया है, साथ ही फॉरेस्ट सहित कई अन्य क्लियरेंस भी नहीं लिया गया और




आउटसोर्सिंग की बांड्री देने का काम शुरू किया गया। जिससे झड़प हुई और उसमें एसडीपीओ सहित अन्य लोग घायल हुए, मेरे कार्यालय को भी जला दिया गया। घटना को लेकर कहा कि घटना के दो दिन पूर्व ही हमारी एरिया जीएम के साथ स्थानीय लोगों की समस्या को लेकर वार्ता हुई थी। जिसमें कहा गया था कि स्थानीय लोगों की मांग पूरी होने के बाद ही काम चालू किया जायेगा, लेकिन दो दिन बाद ही कम चालू कर दिया गया। जिससे हिंसक झड़प की घटना घटी और बाघमारा एसडीपीओ सहित कई लोग लोग घायल हुए है।

साथ ही कारू यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीसीसीएल और प्रशासन के सहयोग से ही क्षेत्र का दबंग बना है। पुलिस ने उसके इलाके में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयले का भंडार और बम गोली बरामद किया है। झड़प में मेरा कोई रोल नहीं है हम रेलवे की मीटिंग में दिल्ली में थे फिर भी मुझपर मामला दर्ज किया गया। मामले की पूरी जांच होनी चाहिए। बता दे कि बीते 9 जनवरी को हिलटॉप आउटसोर्सिंग में हिंसक झड़प की घटना हुई थी, जिसमें 100 राउंड गोलीबारी चली थी जिसमें बाघमारा एसडीपीओ पुरूषोतम सिंह सहित कई अन्य घायल हुए थे।

## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
Email: nagarpanchayatlatehar@gmail.com

### आम सूचना

राज्य के नगर निकाय में पिछड़े वर्गों के आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण हेतु जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय स्तर पर डोर–टू–डोर सर्वे का कार्य किया गया है। नगर पंचायत, लातेहार का डोर–टू–डोर सर्वे के उपरांत सर्वे रिपोर्ट को नगर पंचायत, लातेहार कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं लातेहार जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर प्रकाशित किया गया है। आमजन से अनुरोध है कि प्रकाशित सर्वे रिपोर्ट पर यदि कोई आपत्ति हो तो, दिनांक 28.01.2025 के अपराहन् 05:00 बजे के पूर्व नगर पंचायत, लातेहार के शिकायत निवारण पदाधिकारी–सह–प्रशासक नगर पंचायत, लातेहार के समक्ष अपनी आपत्ति अवश्य दर्ज करायें, ताकि आपत्ति का ससमय निवारण किया जा सके। साथ ही इस संबंध में बाद में किया गया कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 344794 Urban Development(24-25)#D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय: जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार
समाहरणालय परिसर, द्वितीय तल्ला, लातेहार, Email id :- mdm21lthr@gmail.com

### आवश्यक सूचना

लातेहार जिलान्तर्गत प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं को सूचित किया जाता है कि वरीयता सूची–2 ग्रेड–4 (कला/भाषा एवं विज्ञान) में प्रोन्नति हेतु आपत्ति निराकरण के पश्चात् द्वितीय औपबंधिक वरीयता सूची जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर प्रकाशित किया गया है, तथा जिले के सभी प्रखण्ड संसाधन केन्द्रों के सूचना पट्ट पर उक्त औपबंधिक वरीयता सूची का प्रकाशन किया गया है।

संबंधित सभी कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाए सूची का अवलोकन कर अपनी आपत्ति दिनांक 27.01.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक साक्ष्य सहित विहित प्रपत्र में संबंधित प्रधानाध्यापक –सह– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के माध्यम से विहित प्रपत्र में जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, लातेहार को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समय सीमा के उपरांत कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

**विहित प्रपत्र**

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | विद्यालय का नाम | शिक्षक/शिक्षिका का विवरण | प्रकाशित सूची का क्र0सं0 | जिस बिन्दु पर आपत्ति है उसका कॉलम संख्या | आपत्ति का विवरण | साक्ष्य यदि कोई हो तो | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लातेहार।

PR.NO.344791 Human Resource Developement(24-25):D

## उपायुक्त-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक का कार्यालय, गुमला
(मनरेगा कोषांग)
e-Mail → mgnregagumla@gmail.com

### मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना
–: दावा–आपत्ति हेतु आम सूचना :–

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प ज्ञापांक 4729 दिनांक 04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक 6444 दिनांक 17.07.2012 एवं संकल्प ज्ञापांक (N)848 दिनांक 21.03.2017 के आलोक में जिला स्तर पर मनरेगा अन्तर्गत संविदा के आधार पर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु गठित समिति द्वारा औपबंधिक मेधा सूची तैयार की गई है जिसे जिले के वेबसाईट https://gumla.nic.in पर अपलोड किया गया है।

अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि औपबंधिक मेधा सूची में जाति, आवासीय, अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता के आधार पर दिये गये अंक एवं दक्षता परीक्षा के संबंध में दावा–आपत्ति के तहत सुधार एवं निराकरण हेतु कार्यालय दिवस में दिनांक 22.01.2025 से 25.01.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक साक्ष्य सहित (स्वअभिप्रमाणित कॉपी) स्वयं उपस्थित होकर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला के कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

उक्त निर्धारित तिथि के समय–सीमा के पश्चात किसी प्रकार के दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**नोट :–** उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी को जिले के वेबसाईट gumla.nic.in पर अपलोड किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
गुमला।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,
गुमला।

PR 344832 Rural Development (24-25)_D

### लोकसेवा भवन स्थित कन्वेंशन सेंटर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यशाला का आयोजन

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए ओड़िशा में मंगलवार से 23 फरवरी तक लोकसेवा भवन स्थित कन्वेंशन सेंटर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि शिक्षा शक्ति है। जब से शिक्षा को महत्व दिया गया है। प्राचीन काल में गुरुकुल में शिक्षा की विशेष व्यवस्था होती थी। बच्चे गुरुकुल में पढ़-लिख रहे थे। ब्रिटिश काल में बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को महत्व नहीं दिया जाता था। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए नयी शिक्षा नीति लायी गयी। एनइपी 2020 को केंद्र और राज्यों के सहयोग से लागू किया जा रहा है। इस कार्यशाला राज्य के शिक्षा समुदाय को संवेदनशील बनायेगी और ओड़िशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चरणबद्ध कार्यान्वयन के लिए एक रोडमैप तैयार किया जायेगा। राज्य सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए राज्य के स्कूलों को आदर्श विद्यालय के रूप में उन्नत करने के लिए पीएम श्री योजना लागू कर रही है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री प्रभाती परिडा, स्कूल और सार्वजनिक शिक्षा, अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जनजाति विकास, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण और सामाजिक सुरक्षा और दिव्यांग के अधिकारिता मंत्री, नित्यानंद गंड, उच्च शिक्षा, खेल और युवा सेवा, उड़िया भाषा, साहित्य और संस्कृति मंत्री सूर्यवंशी सूरज और विभिन्न संस्थानों के शिक्षाविद और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने महासमुंद टिटलागढ़ रेलवे सेक्शन का किया निरीक्षण

- संरक्षा, यात्री सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने महासमुंद-टिटिलागढ़ रेलवे सेक्शन का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेक्शन के कई स्टेशनों पर संरक्षा उपायों, यातायात सुविधाओं, यात्री सुविधाओं और चल रहे बुनियादी ढांचे के कार्यों की समीक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया।

निरीक्षण के दौरान फुंकवाल ने महासमुंद, कोमाखान, लखना, कांटाबांजी और टिटिलागढ़ सहित मार्ग के प्रमुख स्टेशनों पर विभिन्न यातायात सुविधा कार्यों, यात्री सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के विकास परियोजनाओं की स्थिति की गहन समीक्षा की। महाप्रबंधक ने सुरक्षित और सुचारू ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया और अधिकारियों को आवश्यक सावधानी बरतने का निर्देश दिया।

फुंकवाल ने यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से चल रही कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। इनमें पार्किंग क्षेत्रों, परिचालित क्षेत्रों और स्टेशनों पर भूनिर्माण में सुधार शामिल हैं। उन्होंने विशेष रूप से अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्देश्य पूरे नेटवर्क में यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है।

महाप्रबंधक ने इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर भी जोर दिया तथा यात्रियों के लिए समग्र सेवा गुणवत्ता में सुधार लाने में इनके महत्व को रेखांकित किया।

निरीक्षण के दौरान संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडेय और पूर्व तट रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे और उन्होंने परियोजना की समयसीमा एवं संरक्षा उपायों पर चर्चा में अपना योगदान दिया।

यह निरीक्षण पूर्व तट रेलवे द्वारा अपने नेटवर्क में सुविधाओं को उन्नत करने और परिचालन दक्षता में सुधार लाने के लिए किये जा रहे प्रयासों का हिस्सा है।

# जनाविमुखी कार्यक्रमों को व्यापक बनाने का निर्देश

- मुख्यमंत्री के अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में सोमवार की शाम खारबेल भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों में लागू किये जा रहे जनाविमुखी कार्यक्रमों को व्यापक बनाने का निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने बजट 2024-25 के अनुसार अब तक किये गये खर्च की समीक्षा की। उन्होंने उन विभागों को व्यय में तेजी लाने का निर्देश दिया, जहां अब तक व्यय कम किया गया है। अन्य सभी विभागों को भी उसी के अनुसार काम करने और अगले बजट से पहले निर्धारित लक्ष्य के अनुसार खर्च करने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे में सुधार, सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, ग्रामीण पेयजल आपूर्ति कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गयी। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों और पुलों के निर्माण की प्रगति, ग्रामीण विकास और ओडिशा में राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नति कारण पर चर्चा की गयी। इस के साथ कृषि विभाग द्वारा कोल्ड स्टोरेज खोलने पर चर्चा की गयी।

विद्यालय उन्नति कारण, जल संसाधन विभाग की परियोजनाओं की कार्य प्रगति पर चर्चा की गयी। सुभद्रा योजना में लाभार्थियों को चौथे चरण की पहली किश्त और आगामी दूसरी किश्त के बारे में भी चर्चा की गयी। साथ ही पुलिस सेवाओं को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

मुख्यमंत्री ने सचिवों को नये कार्यक्रम बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कई विभागों ने अच्छा काम किया है। कुल मिला कर काम और खर्च अच्छा चल रहा है। मुख्यमंत्री ने सभी से विभाग का ध्यान रखने को कहा। बजट से पहले, अगले 2 महीनों में विभागों को 100% व्यय लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करने के लिए कहा गया। मुख्यमंत्री ने चीरा चरित ढांचे से बाहर आकर अपने-अपने विभागों में दीर्घकालिक और नवीन योजनाओं को लागू करने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित ओड़िशा विजन दस्तावेज 2036 के लिए 3 लाख 20 हजार प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उनके सर्वोत्तम प्रस्तावों को स्वीकार कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने उत्कर्ष ओड़िशा के संगठन और ओड़िशा में निवेश प्रतिबद्धताओं के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अपने संबंधित विभागों को मजबूत करने की सलाह दी।

## दक्षिण ओड़िशा विकास परिषद की टास्क फोर्स में दो और सदस्य जोड़े गये

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** दक्षिण ओड़िशा विकास परिषद की टास्क फोर्स में दो और सदस्य जोड़े गये। कोरापुट के सांसद सप्तगिरी उलाका और गुनुपुर के विधायक सत्यजीत गमांग को शामिल किया गया। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के निर्णय के अनुसार कोरापुट जिले के इन दोनों जन प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है।

# एसओए एनएसएस स्वयंसेवकों ने साहसिक शिविर में भाग लिया




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (एसओए) के चार राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वयंसेवकों ने दक्षिण ओड़िशा के महेंद्रगिरि में एक राज्य स्तरीय साहसिक शिविर में भाग लिया, जो 11 से 16 जनवरी तक आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम का आयोजन बरहामपुर विश्वविद्यालय के एनएसएस ब्यूरो द्वारा किया गया था। इसमें 13 ओड़िशा विश्वविद्यालयों के 105 स्वयंसेवकों ने भाग लिया था। एसओए के छात्र रितिक पांडा, देबिदत्त कुमारेश्वर त्रिपाठी (दोनों कृषि विज्ञान संस्थान से), लावन्या तिवारी और श्रेया रंजन (दोनों एसओए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ से) थे। स्वयंसेवकों ने रोप कोर्स, रॉक क्लाइंबिंग और रैपिंग, हाइकिंग और ज़िपलाइन सहित कई साहसिक गतिविधियों में भाग लिया।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बरहामपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गीतांजलि दास, एनएसएस क्षेत्रीय निदेशक सरिता पटेल, राज्य एनएसएस अधिकारी रमेश चंद्र मिश्रा, एनएसएस निदेशालय में युवा अधिकारी अजीत कुमार कुशवाहा और एवरेस्ट विजेता गणेश चंद्र जेना उपस्थित थे।

## ओड़िशा के बाहर रहनेवाली महिलाओं को भी मिलेगा सुभद्रा योजना का पैसा : प्रभाती परिडा



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने 'सुभद्रा' को लेकर बड़ा एलान किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ओड़िशा के बाहर की महिलाओं को भी ये पैसा मिलेगा। राज्य के बाहर रहने वाली महिलाओं को भी आवेदन करने पर पैसा मिलेगा। उन्होंने जिलावार समीक्षा में यह जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कई महिलाएं राज्य से बाहर रह गयी हैं, जिन्होंने सुभद्रा से जुड़ने के लिए आवेदन नहीं किया है। उनसे अनुरोध किया कि पैसा पाने के लिए जल्द आवेदन करें। चौथे चरण में 20 लाख से ज्यादा महिलाओं को पैसा मिलेगा। उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य की सभी महिलाओं को सुभद्रा योजना का पैसा मिलेगा। छूटे लाभार्थियों के लिए जिलावारी समीक्षा आयोजित की गयी, जिन्होंने आवेदन नहीं किया है, उन्हें आवेदन करने पर पैसा मिलेगा।

# पेन एंड फिजियोथेरेपी क्लीनिक में लगी रांची की पहली 4डी स्पाइनल डीकैप्रेशन मशीन, अर्जुन मुंडा ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**





अत्याधुनिक रोबोटिक 4डी स्पाइनल डीकैप्रेशन यंत्र का उद्घाटन करते और डॉ अजीत कुमार से जानकारी लेते अर्जुन मुंडा।

**रांची।** हरमू हाउसिंग कॉलोनी कॉलोनी स्थित पेन एंड फिजियोथेरेपी क्लीनिक में मंगलवार को अत्याधुनिक रोबोटिक 4 डी स्पाइनल डीकैप्रेशन यंत्र लगाया गया है। इसका उद्घाटन झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। यह अत्याधुनिक यंत्र रांची में पहली बार लगाया गया है। इस मशीन से रीढ़ से संबंधित कठिनाइयों जैसे सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, गर्दन दर्द, पीठ का दर्द, कमर दर्द, सियाटिका, एस्कोलियोसिस, फेस्ट ज्वाइंट डिस्फंक्शन इत्यादि को आसानी से ठीक किया जा सकता है।

इस क्लीनिक में पहले से भी काफी आधुनिक यंत्र उपलब्ध है, जैसे रेडियल शोक वेव थेरेपी, हाई इंटेंसिटी क्लास 4 लेजर, क्रायोथेरेपी इत्यादि। पेन एंड फिजियोथेरेपी क्लीनिक का संचालन डॉ अजीत कुमार एवं टीम के द्वारा पिछले 30 वर्षों से किया जा रहा है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि अत्याधुनिक रोबोटिक 4डी स्पाइनल डीकैप्रेशन यंत्र महानगरों में उपलब्ध है। रांची में यह सुविधा मिलने से झारखंड के मरीजों को इसका फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उद्घाटन समारोह में रांची के वरिष्ठ डॉक्टर संजय कुमार, न्यूरो सर्जन, डॉ एचडी शरण, डॉ दिनेश ठाकुर, डॉ राजीव, डॉ अभय पांडेय, डॉ गौतम लाल, डॉ सत्यम, डॉ असलम, डॉ गोपाल, डॉ नेहा, डॉ मधु, डॉ अनु, डॉ गणेश, डॉ जियाउर रहमान, डॉ विकास समेत कई लोग मौजूद थे।

# तुर्किये के रिसॉर्ट में आग से 66 की मौत

## 11वीं मंजिल से चादरों की रस्सी बनाकर उतरे लोग, 51 लोग घायल

**एजेंसी**



**अंकारा।** तुर्किये के बोलू राज्य में स्थित कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट में मंगलवार को आग लगने से 66 लोगों की मौत हो गयी। आग से घबराकर कई लोग 11वीं मंजिल से कूद पड़े। इससे कई घायल हो गये और कई की मौत हो गयी। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गये। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक आग लगने के बाद भगदड़ मच गयी थी।

अधिकारियों के मुताबिक होटल में आग स्थानीय समयानुसार रात में करीब 3:30 बजे (भारतीय समय के मुताबिक मंगलवार सुबह 6 बजे) लगी थी। इसने 11 मंजिला इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

तुर्किये के अखबार डेली सबाह के मुताबिक कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट एक चट्टान पर है। इसकी वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को वहां तक पहुंचने में बहुत मुश्किलें आयीं और राहत कार्यों में देर हुई।

बोलू के गवर्नर अब्दुल अजीज आयडिन ने बताया कि इस होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। 30 दमकल गाड़ियां और 28 एंबुलेंस मौके पर भेजी गयीं। अधिकारियों ने आग पर काबू पाने के लिए 267 इमरजेंसी वर्कर्स को भी तैनात किया है। रिपोर्ट के मुताबिक तुर्किये के पर्यटन और स्वास्थ्य मंत्री हादसे वाली जगह के लिए रवाना हो चुके हैं।

### तुर्किये में स्कूल की छुट्टियां चल रहीं हैं

कार्तलकाया इस्तांबुल शहर से लगभग 300 किलोमीटर पूर्व में कोरोग्लू पहाड़ों पर स्थित एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट है। इस वक्त तुर्किये में स्कूल सेमेस्टर की छुट्टियां चल रही हैं। इस वजह से यहां मौजूद सभी होटलों में काफी ज्यादा भीड़ है। एहतियात के तौर पर इस इलाके के अन्य होटलों को खाली करा लिया गया है।

तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने कहा कि इस हादसे के जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए जांच शुरू हो गयी है। दोषियों को सजा देने के लिए हर जरुरी कदम उठाये जायेंगे।

## ओड़िशा विधानसभा का सत्र 13 फरवरी से और बजट 17 को

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 13 फरवरी से विधानसभा सत्र शुरू होगा। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट सत्र की शुरुआत होगी। बजट सत्र 5 अप्रैल तक दो चरणों में चलेगा। इस बजट सत्र में कुल 28 कार्य दिवस होते हैं। बजट 17 फरवरी को पेश किया जायेगा। पहले चरण का सत्र 21 फरवरी तक चलेगा, जबकि दूसरा सत्र 7 मार्च से 5 अप्रैल तक चलेगा। 22 फरवरी से 6 मार्च तक सत्र बंद रहेगा। ओड़िशा का बजट 17 फरवरी को आयेगा। वित्त विभाग के प्रभारी मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी विधानसभा में राज्य का बजट पेश करेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक विधानसभा का बजट सत्र 13 फरवरी से शुरू होगा, जो 5 अप्रैल तक चलेगा। इस सत्र में कुल 28 कार्य दिवस हैं, लेकिन सबसे खास बात ये है कि राज्य का बजट 17 फरवरी को आयेगा। खास कर नये बजट में जनता के लिए कौन सी योजनाएं शुरू की जायेंगी और किस विभाग पर कितना पैसा खर्च होगा, यह महत्वपूर्ण है।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**